फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 20 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -209, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : कमला हैरिस 14

फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा 2

## गृह विभाग के भी प्रमुख बने दीपक कुमार



- चुनाव आयोग ने तीन वरिष्ठ अफसरों के पैनल से चुना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर मंगलवार को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने गृह विभाग की बागडोर भी संभाल ली। उन्हें इस पद पर तैनात रहे प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने लोकभवन स्थित कार्यालय में विधिवत कार्यभार सौंपा।

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को उप्र समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से गृह विभाग का दायित्व वापस लेने का आदेश दिया था। यह विभाग सौंपने के लिए मुख्य सचिव से तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का पैनल मांगा गया था। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को ही अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के नाम का पैनल चुनाव आयोग को भेज दिया था।

निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश कुमार ने मंगलवार को जारी आदेश में मुख्य सचिव को पैनल में पहले स्थान पर शामिल दीपक कुमार को गृह विभाग का कार्यभार शाम पांच बजे तक सौंपने का आदेश दिया। इसकी मुख्य सचिव के साथ राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से भी रिपोर्ट मांगी गई। आदेश के अनुपालन में नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की ओर से कार्यभार ग्रहण कराने का निर्देश आते ही कार्यभार सौंप दिया गया। दीपक कुमार 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, वे वित्त विभाग के प्रमुख बने रहेंगे। जबकि संजय प्रसाद मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मुखिया बने रहेंगे।

### पश्चिम बंगाल में फिर बदलाव, अब संजय मुखर्जी नए डीजीपी



**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी को तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त कर दिया। इससे पहले, सोमवार को डीजीपी राजीव कुमार को पद से हटाकर उनकी जगह विवेक सहाय को नया डीजीपी नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें भी 24 घंटे के भीतर पद से हटा दिया गया है। आयोग ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिरीक्षक एवं महानिदेशक पद के लिए संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी है। आयोग ने मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा भेजे गए तीन अधिकारियों के पैनल में से संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी।

## पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा पर सीट बंटवारे में नाइंसाफी करने का आरोप

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है। पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को पांच सीट देने का एलान किया था। पारस ने संवाददाता सम्मेलन में अपने इस्तीफे के बारे में संक्षिप्त बयान दिया, लेकिन अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया। पारस ने कहा कि उन्होंने ईमानदारी और निष्ठा के साथ राजग की सेवा की लेकिन उनके साथ नाइंसाफी हुई। पारस की पार्टी के प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि पार्टी नेता जल्द मिलकर आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे। उन्होंने साफ किया कि पारस चुनाव लड़ेंगे।

### झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन



**रांची/नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने पार्टी को झटका देते हुए मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और लोकसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी सुप्रीमो और अपने ससुर शिबू सोरेन को लिखे इस्तीफे में सीता ने कहा कि उनके पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद पार्टी ने उन्हें तथा उनके परिवार को पर्याप्त सहयोग नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह झामुमो में उपेक्षित महसूस कर रही थीं।

### एक नजर

#### संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। शपथ लेने के बाद उन्हें दोबारा जेल ले जाया गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में हैं। इससे पहले भी सिंह ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अदालत से अनुमति ली थी लेकिन उस समय उन्हें तकनीकी कारणों से शपथ नहीं दिलायी जा सकी थी।

#### कार से पांच किग्रा अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर संभाग के केकड़ी जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को कार से पांच किलोग्राम अफीम बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग से एक कार में मादक पदार्थ परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 बांदनवाड़ा सीमा से निकल रही कार को रुकवा कर जब तलाशी ली तो उसमें से मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई।

## सुप्रीम कोर्ट का सीएए पर रोक से इनकार, केंद्र सरकार को नोटिस

- तीन सप्ताह में पक्ष रखने को कहा अगली सुनवाई नौ अप्रैल को
- 237 याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को केंद्र ने मांगे 4 सप्ताह

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तत्काल रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया।

पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा कि हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि दो सौ 37 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। कहा कि अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है।



### ..तो अपरिवर्तनीय हो जाएगी पूरी प्रक्रिया

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने चार सप्ताह का समय देने की केंद्र के अनुरोध का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने पीठ से बार -बार अनुरोध किया कि कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल मेहता से बयान देने को कहें कि इस बीच (याचिकाओं पर फैसला होने तक) किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी, क्योंकि एक बार नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जाएगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि ' 'मैं कोई बयान नहीं देने जा रहा हूं।

### मुस्लिम लीग व अन्य ने दायर की हैं याचिकाएं

याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले को नौ अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का पक्ष रख रहे सिब्बल की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। याचिका में अदालत से केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की गुहार लगाई गई है कि मौजूदा रिट याचिका पर फैसला आने तक किसी भी धर्म या संप्रदाय के सदस्य के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं हो सकती।

### पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन से संबंधित मामला

## मानहानि नोटिस का जवाब नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु को किया तलब

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालत ने कहा-बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर रखें अपना पक्ष

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव को पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में उनके खिलाफ अदालत की अवमानना कार्रवाई के तहत जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के जवाब दाखिल करने में विफलता पर नाराजगी व्यक्त की और उनके बारे में कहा कि वे विज्ञापन के मामले में प्रथम दृष्ट्या दोषी करार दिए गए थे। इस पर उनका पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कड़ी आपत्ति जताई।

पीठ ने रोहतगी से कहा कि आप हमारे आदेशों की अवहेलना कैसे कर सकते हैं...पहले हमारे हाथ बंधे हुए थे। पीठ ने उनसे कहा कि आप नोटिस का जवाब नहीं दे रहे और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत ने रोहतगी की राहत देने संबंधी तमाम दलीलें खारिज करते हुए कहा कि आदेश में संशोधन का कोई सवाल ही नहीं है। शीर्ष अदालत ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर 29 फरवरी को सुनवाई करते हुए संबंधित कंपनी और उसके एमडी आचार्य बालकृष्ण को कारण बताओ अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा था कि पूरे देश को धोखा दिया जा रहा है। पीठ ने केंद्र सरकार को विज्ञापन मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई नहीं करने लिए फटकार लगाई थी और कहा था कि चेतावनी के बावजूद भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने पतंजलि को बीपी, मधुमेह, अस्थमा और कुछ अन्य बीमारियों से संबंधित सभी विज्ञापन जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने कथित तौर पर भ्रामक विज्ञापन जारी रखने के लिए पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण को अदालत की अवमानना का कारण बताओ नोटिस जारी किया था। पीठ ने कहा था कि अदालत बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अवमानना कार्रवाई मामले में पक्षकार बनाएगी, क्योंकि दोनों की तस्वीरें विज्ञापन में हैं। शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद को कई बीमारियों के इलाज के लिए उसकी दवाओं के विज्ञापनों में झूठे और भ्रामक दावे करने के लिए पिछले साल नवंबर में आगाह किया था।

## फर्रुखाबाद रोड पर हादसा, बारातियों की कार डंपर में घुसी, 3 लोगों की मौत

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

- मृतकों में दूल्हे का मामा भी शामिल, एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया
- तालग्राम के पलिया बूंचपुर गांव से फर्रुखाबाद गई थी बारात डंपर चालक फरार

**अमृत विचार** : छिबरामऊ-फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी पुल के पास सोमवार रात एक बजे बारातियों से भरी कार रोड के किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में दूल्हे के मामा व कार चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया।

तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया बूंचपुर से तिलक सिंह शाक्य के बेटे प्रवीण की बारात सोमवार की शाम फर्रुखाबाद के सातनपुर मंडी गांव में गई थी। देर रात कुछ बाराती कार से घर लौट रहे थे। फर्रुखाबाद-छिबरामऊ मार्ग पर काली नदी पुल के पास चालक को झपकी आने से एक कार रोड के किनारे खड़े डंपर में घुस गई। हादसे में छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कसावा निवासी कार चालक रामखेलावन उर्फ दीपू कश्यप, तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम बूंचपुर निवासी रामजीत प्रजापति तथा दूल्हे के मामा विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मोहकमपुर निवासी अनमोल शाक्य की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम नगला नुनार असेह निवासी शिवम शाक्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटनास्थल फर्रुखाबाद जिले के थाना जहानगंज के अंतर्गत आता है, इसलिए एफआईआर वहीं दर्ज की जाएगी।

## पहले चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

लोकसभा चुनाव

**लखनऊ।** प्रदेश में पहले चरण चरण में 8 लोकसभा सीटों के लिए बुधवार (20 मार्च) को चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। इस चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए 20 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। प्रथम चरण में 8 सीटों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही, इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## मोदी की गारंटी का हश्र इंडिया शाइनिंग वाला होगा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीडब्ल्यूसी की बैठक में लोस चुनाव के घोषणा पत्र पर हुआ मंथन
- घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी, कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है तथा इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गारंटी का वही हश्र होगा जो वर्ष 2004 में ''इंडिया शाइनिंग'' (भारत उदय) नारे का हुआ था। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के घोषणापत्र को घर-घर तक ले जाना होगा। कार्य समिति ने खरगे को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को मंजूरी देने और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करने के लिए भी अधिकृत किया। पार्टी का कहना है कि यह उसका सिर्फ एक चुनावी घोषणापत्र नहीं, बल्कि न्याय पत्र होगा तथा वह घर-घर गारंटी लेकर जाएगी। कार्य समिति की बैठक में घोषणापत्र के उस मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई जिसे पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय- भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही कर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ दिनों के भीतर कांग्रेस अपना घोषणापत्र जारी कर सकती है। कार्य समिति की बैठक में पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, घोषणापत्र समिति के प्रमुख पी चिदंबरम और कार्य समिति के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस कार्य समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र पर विस्तृत चर्चा की। करीब साढ़े तीन घंटे तक चर्चा हुई। चर्चा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया गया कि वह घोषणापत्र को अनुमोदित करें और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करें।

## चीनी वीजा घोटाले में कार्ति चिदंबरम कोर्ट में तलब

नई दिल्ली, एजेंसी



- ईडी के आरोप पत्र पर कांग्रेस सांसद व अन्य को समन

दिल्ली की एक अदालत ने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य को समन जारी कर पांच अप्रैल को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए आरोपियों को तलब किया। न्यायाधीश ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन को और कुछ कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित छह अन्य को पांच अप्रैल को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। आरोपियों में पदम दुगार, विकास मखारिया, मंसूर सिद्दीकी, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और तलवंडी साबो पावर लिमिटेड भी शामिल हैं। ईडी ने 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से संबंधित कथित घोटाले में आरोपियों के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। कथित घोटाले के समय कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे।

### महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

## एनडीए गठबंधन में शामिल हो सकती है मनसे

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा भी महाराष्ट्र में गठबंधन को मजबूत करने को इच्छुक

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। ठाकरे सोमवार को यहां पहुंचे और जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। बाद में शिवसेना की अगुवाई उद्धव ठाकरे ने की। राज ठाकरे के अच्छा वक्ता होने के बावजूद उनकी मनसे खासा प्रभाव नहीं डाल सकी। राज ठाकरे की ओर से उत्तर भारतीयों को लेकर अतीत में दिए गए विवादित बयानों की भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी आलोचना की थी।

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने मंगलवार को कहा कि अगर राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा नेतृत्व की महायुति में शामिल हो जाती है तो इससे सत्तारूढ़ गठबंधन और मजबूत होगा और राज्य विधानसभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों में उसकी संभावनाएं बढ़ जाएंगी। महायुति में सत्तारूढ़ भाजपा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं।

### राज ठाकरे-शाह की मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं : राकांपा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने कहा कि राज ठाकरे की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि पहले से ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख की भाजपा से निकटता के संकेत थे। राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि मनसे नेता ठाकरे केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं और वह अपनी पार्टी को बचाने की कोशिश करते रहे हैं। दावा किया कि ठाकरे की मनसे लड़खड़ा रही है और बैठक उन्हें बचा सकती है।

## वाणिज्य कर के उपायुक्त घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सतर्कता अधिष्ठान ने की कार्रवाई, दो लाख मांगे थे

**अमृत विचार** : सतर्कता अधिष्ठान ने वाणिज्य कर उपायुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई अधिष्ठान द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर एक कंपनी की शिकायत पर की गई। जीएसटी में संसोधन कर लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त पर दो लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप था।

अधिकारियों ने बताया कि रिश्वत विरोधी हेल्प लाइन पर एक एक्सपोर्ट कम्पनी के प्रतिनिधि ने कॉल करके बताया कि वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) धनेंद्र कुमार पांडेय द्वारा उनकी कम्पनी के जीएसटी रिफण्ड पास करने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता को कार्यालय बुलाकर पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना डॉ.अरविन्द चतुर्वेदी ने पूछताछ की, कंपनी प्रतिनिधि ने बताया कि उनकी कंपनी आर्डेम डेटा सर्विसेज प्रालि कई वर्षों से अमेरिका की कम्पनी से उपलब्ध कराए गए स्कैन्ड डाटा शीट्स को एक डैशबोर्ड में डिजिटल फार्म में तैयार कर वापस भेजती है। उक्त कार्य के लिए कंपनी ने जीएसटी में 20 लाख रिफण्ड क्लेम किया था।

# एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे सिद्धू

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल के जरिए एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी के लिए तैयार पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। कमेंट्री बॉक्स में वापसी से तीन दिन पहले हमेशा की तरह उत्साहित सिद्धू ने कहा कि क्रिकेट मेरा पहला प्यार है। अगर आपका शौक आपका पेशा बन जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं। एक बत्तख का बच्चा कभी तैरना नहीं भूलेगा, मैं कमेंट्री में उसी तरह उतरूंगा जैसे मछली पानी में उतरती है।

सिद्धू ने कमेंट्री में खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे। अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने को तैयार हैं।



● इस लीग से भारत ही नहीं अन्य देशों को भी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मिलेगी मदद

आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सिद्धू ने कहा कि आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा। इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा। दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं।

सिद्धू ने भारतीय टीम के पिछले वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में कहा कि विश्व कप में वे बहुत अच्छा खेले। केवल एक मैच उनके अनुकूल नहीं रहा। एक खराब मैच से टीम का भविष्य तय नहीं हो सकता है। भारतीय टीम लंबे समय तक राज करेगी क्योंकि क्रिकेटरों को तैयार करने की प्रणाली बहुत अच्छी और अनुकूल है। हमारे समय में खराब फॉर्म के बावजूद खिलाड़ी को टीम में रखा जाता था क्योंकि कोई नया खिलाड़ी तैयार नहीं रहता था। अब हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में कप्तान के रूप में भारतीय कप्तान की जगह ले रहा है क्योंकि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### रोहित और विराट के टी-20 भारतीय टीम में चुने जाने की पैरवी की

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी-20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है। सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों की यहां जरूरत पड़ेगी। वह क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी है। फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है, लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है। मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है। उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे है। तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज है तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने की उनकी क्षमता अद्भुत है। यही बात रोहित पर भी लागू होती है।

# कोहली ने भारत के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है: मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम डब्ल्यूपीएल में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि उसकी पुरुष टीम 16 वर्षों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे।



मंधाना ने कहा कि खिताब अलग चीज है, लेकिन कोहली ने देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। इसलिए मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है। मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है। वह प्रेरणादायी हैं। एक खिताब कई चीजों को परिभाषित नहीं करता है। हम सभी उनका सम्मान करते हैं। मंधाना और कोहली दोनों 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि इस आधार पर दोनों के बीच तुलना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं इसे 18 नंबर की जर्सी की तुलना नहीं कहूंगी। जर्सी नंबर केवल व्यक्तिगत पसंद होती है। मेरे जन्मदिन की तारीख 18 है और मेरा जर्सी नंबर 18 है। इससे इस बात का पता नहीं चलता है कि वह कैसे खेलते हैं और मैं कैसे खेलती हूं।

## खेल डायरी

### काउंटी चैंपियनशिप में फिर ससेक्स से खेलेंगे उनादकट

**होव, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी। उनादकट ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनादकट की अगुवाई में रणजी का खिताब जीता था। पिछले सत्र में उनादकट ने लीस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर टीम को 15 रन से जीत दिलाने में भूमिका निभाई थी और वह फिर से यह प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### अंतिम क्वालीफाइंग के लिए चुनी 12 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान और विश्व कप विजेता गनेमत सेखों को ओलंपिक के लिए दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मंगलवार को 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में चुना गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने जुलाई अगस्त में होने वाले कई अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम की घोषणा की। इसमें चार कोटा दाव पर लगे होंगे, जिसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा होगे। तीन टीम में पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर तथा मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले निशानेबाज हैं।

### चोट से अमेरिका में मैत्री मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव से अमेरिका में इस महीने होने वाले दो मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने यह जानकारी दी। मेसी पिछले सप्ताह इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। अर्जेंटीना को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ मैच खेलना है जबकि इसके चार दिन बाद वह लॉस एंजेलिस में कोस्टारिका का सामना करेगा। छत्तीस वर्षीय मेसी इन दोनों मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना इस साल जून जुलाई में अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका की तैयारियों के सिलसिले यह मैच खेल रहा है। अर्जेंटीना के स्ट्राइकर पाउलो डायबाला और मिडफील्डर एक्सक्विल पलासियोस भी चोटिल होने के कारण इन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ शृंखला की रद

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान में महिलाओं की खराब स्थिति का हवाला देते हुए इस साल अगस्त में अफगानिस्तान की पुरुष टीम के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैच की घरेलू शृंखला रद कर दी है। तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता में लौटने के बाद लड़कियों के स्कूल और कॉलेज जाने पर रोक लगा दी। यही नहीं उसने महिला सहायता कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया का आगामी शृंखला स्थगित करने का मतलब है कि उसने अफगानिस्तान को लेकर अपना कड़ा रवैया जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले नवंबर 2021 में होबार्ट में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच को भी रद कर दिया था। इसके बाद उसने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली तीन मैच की वनडे शृंखला भी स्थगित कर दी थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि पिछले 12 महीनों में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर ऑस्ट्रेलिया की सरकार के साथ परामर्श जारी रखा था। सरकार ने सलाह दी है कि अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति बदतर होती जा रही है। इस कारण हमने अपनी पूर्व की स्थिति को बरकरार रखा है और अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय शृंखला स्थगित कर देंगे। अफगानिस्तान आईसीसी का एकमात्र पूर्णकालिक सदस्य देश है, जिसने दक्षिण अफ्रीका में खेले गए अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी क्योंकि देश ने महिलाओं पर क्रिकेट खेलने से रोक लगा दी है।

# रोहित ने हार्दिक और बुमराह का समर्थन किया: पटेल

## पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की

मुंबई, एजेंसी



पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने मंगलवार को कहा की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह जब आईपीएल में मुंबई इंडियंस की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका पूरा समर्थन किया था। पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की और कहा कि मुंबई के क्रिकेटर ने कभी कोई गलती नहीं की जबकि चेन्नई के कप्तान ने आईपीएल में अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां की।



पार्थिव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रोहित ने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया। इसका सबसे अच्छा उदाहरण हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह 2014 में मुंबई इंडियंस से जुड़े और 2015 तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा कि वे यहां तक की आधे सत्र के बाद उन्हें वापस भेजने पर विचार कर रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा को उनकी योग्यता पर भरोसा था और 2016 के बाद उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा। पार्थिव ने कहा कि ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ हुआ। वह 2015 में आया और लोकप्रिय बन गया। 2016 में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन मुंबई इंडियंस ने उन पर भरोसा बनाए रखा। इस पूर्व विकेटकीपर ने रोहित शर्मा की कप्तानी की प्रशंसा भी की।

उन्होंने कहा कि मैच में जब तनावपूर्ण पल होते हैं तो कुछ गलत फैसले या गलतियां हो सकती हैं लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी की विशेषता यह है कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने कोई गलती नहीं की। यहां तक की धोनी ने भी गलतियां की, लेकिन आपने रोहित शर्मा को कभी गलती करते हुए नहीं देखा होगा।

### हैदराबाद के पहले तीन आईपीएल मैच नहीं खेलेंगे हसारंगा



**कोलंबो, एजेंसी।** आल राउंडर वानिंदु हसारंगा को 22 मार्च से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है, जिससे वह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के कम से कम पहले तीन मैच नहीं खेल पाएंगे। हसारंगा श्रीलंका के लिए चार टेस्ट मैच खेल चुके हैं और उन्होंने पिछले साल अगस्त में सफेद गेंद के क्रिकेट पर ध्यान लगाने के लिए लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन मंगलवार को इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को श्रीलंका की 17 सदस्यीय टीम में चुना गया। पहला टेस्ट 22 से 26 मार्च तक सिलहट में और दूसरा टेस्ट 30 मार्च से तीन अप्रैल तक चटगांव में खेला जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने हसारंगा को 1.5 करोड़ रुपये में उनके आधार मूल्य में खरीदा था। आईपीएल का अभी दो हफ्तों का ही कार्यक्रम घोषित हुआ है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद का सामना 23 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा जबकि 27 मार्च को उसे हैदाराबाद में मुंबई इंडियंस से खेलना है। फिर 31 मार्च को उसका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। देखना होगा कि यह स्पिनर पांच अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उपलब्ध होगा या नहीं।

# दिल्ली के लिए पंत के साथ मैच में जीत पाना कुशाग्र का लक्ष्य

विशाखापत्तनम, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए आईपीएल अनुबंध मिलना ही सपना साकार होना था और अब वह ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं क्योंकि वह उन जैसे स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए हैं। झारखंड के बोकारो के कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाए हैं और इस समय वह टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.2 करोड़ में खरीदा था। कुशाग्र के साथ आल राउंडर सुमित कुमार और रिकी भुई टीम के नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मैं पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। मेरा उद्देश्य टीम के लिए मैच जीतना होगा। मैंने पहली बार ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी की और उन्होंने मेरे खेल के लिए काफी कुछ गुर दिए। वह एक हाथ से शॉट लगा रहे थे और छक्के जड़ रहे थे। वह गेंद



अच्छी तरह हिट कर रहे थे, उम्मीद है कि हम दोनों मिलकर दिल्ली के लिए मैच जीतेंगे। सुमित को तीन साल के इंतजार के बाद आईपीएल अनुबंध मिला और इस खिलाड़ी ने 2019 में हरियाणा में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। वहीं भुई को लगता है कि वह सही समय पर लय में आ रहे हैं जो पहले हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि घरेलू मैदान में मुझे आईपीएल खेलने को मिलेगा। मैं यहां की परिस्थितियों से वाकिफ हूं। अपने परिवार और दोस्तों के सामने खेलना शानदार होगा। मैं टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच जीतना चाहूंगा। दिल्ली कैपिटल्स अपना पहला मैच 23 मार्च को चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी।

# मियामी ओपन में जीते नागल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर शानदार शुरुआत की। इस खिलाड़ी ने क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया।

पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट



के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। नागल ने राफेल नडाल के हटने से अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

# विनेश-साक्षी का पीएम से बृजभूषण को बाहर करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की निंदा की।

इन दोनों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है तथा प्रधानमंत्री से इस हस्तक्षेप की अपील की है। ये दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में थीं जिन्होंने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्विंदियों



के भाषणों का जवाब देने के लिए 'महिला शक्ति' का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं। नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए। महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है। उम्मीद है कि आप महिलाओं को ढाल बनाकर इस्तेमाल नहीं करेंगे, बल्कि खेल संस्थाओं से ऐसे अत्याचारियों को बाहर करने के लिए कुछ करेंगे। साक्षी मलिक ने कहा कि महासंघ के पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे कानून से ऊपर हैं।

इतिहास गवाह है कि इस देश के ताकतवर लोगों ने महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किया है, लेकिन संपन्न दुराचारी इतना ताकतवर है कि वो सरकार, संविधान और न्यायपालिका सबसे ऊपर है। सरकार द्वारा कुश्ती संघ को निलंबित करने के बाद बृजभूषण व संजय सिंह ये बयान देते रहे कि यह निलंबन सिर्फ़ दिखावा है, कुछ दिन बाद हम बहाल हो जाएंगे और हमारा ही कुश्ती संघ पर क़ब्ज़ा रहेगा। साक्षी ने कहा कि ये बात सच साबित हुई और संघ के पत्र ने इस पर मुहर लगाया कि इस नये भारत में भी नारियों के अपमान की पुरानी परंपरा क़ायम रहेगी। इन पहलवान की यह कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा देश में कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति को भंग करने और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय सिंह के नेतृत्व में डब्ल्यूएफआई को बागडोर सौंपने के एक दिन बाद आई है।

# बॉलीवुड हलचल

## कुणाल ने लिखा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं...



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। कुणाल मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। गाना के साथ कुणाल ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाना हम यहीं दोस्तों के अनमोल यादों को याद दिलाता है, जिसमें साझेदारी और खुशी का एहसास है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।




## फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा

**मुंबई, एजेंसी।** जी बायोस्कोप प्रस्तुत फिल्म बड़की माई में जय यादव के साथ बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में नजर आएगी। फिल्म के निर्माता दीपक शाह जबकि निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। निर्माता दीपक शाह ने कहा कि बड़की माई शानदार फिल्म है और इसमें जय यादव की भूमिका महत्वपूर्ण है। जय यादव इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में से है और उनकी फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिलती है। उम्मीद हैं कि वे फिल्म में भी अपनी अदाकारी से सबों का दिल जीत लेंगे। निर्देशक सुजीत वर्मा ने कहा कि फिल्म की पटकथा दर्शकों को लुभाने वाली है। जय जैसे कलाकार के होने से फिल्म बेहद अच्छी बन रही है। जय का अभिनय इन दिनों दर्शकों में बेहद लोकप्रिय है और उनके साथ सेट पर काम करने वाले लोग भी बेहद सहज हैं। इसलिए हमें लगता है कि हम सब मिलकर बेहतरीन फिल्म लेकर आने वाले हैं जो भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। वहीं, जय ने बताया कि बड़की माई की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है और यह दर्शकों के दिलों दिमाग पर छा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में हर किरदार जरूरी है और जिसका एक दूसरे के साथ सामान्य से भी बेजोड़ देखने को मिलेगा। निर्देशक सुजीत वर्मा के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है। वह इससे पहले कई हिट फिल्में दे चुके हैं और अब हम लोग एक बड़े प्रोजेक्ट पर पूरे की जान से लगे हैं। उम्मीद करते हैं कि जब यह फिल्म सिनेमाघर में रिलीज होगी। फिल्म बड़की माई में विमल पांडे, माया यादव, राजेश तोमर और नीलम पांडे की भी अहम भूमिका है।

### सुमन राज और काजल त्रिपाठी का नया गीत रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सुमन राज और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का नया होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' रिलीज हो गया है। होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को सुमन राज ने गाया है जबकि काजल त्रिपाठी पर फिल्माया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा एवं कृष्णा संगम ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है।

## हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में 29 को रिलीज होगी महादेव का गोरखपुर



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72, उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इस बार पुन: गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है, वह अवर्णनीय है। पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है। महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म के लेखक साई नारायण हैं, फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है। महादेव का गोरखपुर के निर्माता प्रितेश शाह और सलिल शंकरन, वहीं फिल्म के सह निर्माता अरविंद सिंह, अमरजीत दहिया, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शंकर नारायण, सिनेमेटोग्राफर अरविंद सिंह हैं। संगीत निर्देशन अगम अग्रवाल और रंजिम राज ने किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# इस बार क्रय केंद्रों पर बटाईदारों का भी खरीदा जाएगा गेहूं

## डीएम ने खरीद केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गेहूं खरीद से संबंधित समीक्षा बैठक में केंद्र प्रभारियों को हिदायत दी कि सफाई का विशेष ध्यान रखें और किसानों को किसी तरह की दिक्कत न हो। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि इस बार बंटाईदारों का भी गेहूं खरीदा जाएगा।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 40 क्रय केंद्र खोले गए हैं। खरीद 15 जून 2024 तक चलेगी। क्रय केंद्र प्रातः नौ बजे से शाम छह बजे तक खुले हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल के आधार पर रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं खरीदा जाएगा। डीएम ने केंद्रों पर खरीद के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था के निर्देश दिए। कहा कि सत्यापन सभी उप जिलाधिकारी करें। राजपत्रित एवं रविवार को छोड़कर शेष कार्य दिवसों में खरीद केंद्र खुले रहेंगे। डीएम ने केंद्र में गेहूं का मानक नमूना प्रदर्शित करने और किसानों के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने केंद्र प्रभारियों से कहा कि किसानों को खरीद करते समय समस्या नहीं आनी चाहिए। इस अवसर पर एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश पाठक, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, जिला कृषि अधिकारी, एलडीएम, मंडी सचिव रहे।


गेहूं खरीद की समीक्षा करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

### अवैध तरीके से खरीद करने वालों पर करें कार्रवाई

डीएम ने सभी उप जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी से गेहूं की अवैध खरीद के लिए आने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें, जिससे बिचौलियों का खेल खत्म हो। किसानों को इसका सही लाभ प्राप्त हो सके।

### 32 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि गेहूं खरीद का लक्ष्य 32000 मीट्रिक टन तय किया गया है। सरकार द्वारा निर्धारित मानक और गुणदोष के अनुसार गेहूं खरीद की जाएगी।

### घरों से भी खरीदा जाएगा गेहूं

अधिकारी ने बताया कि इस बार किसानों से 100 कुंतल तक गेहूं बिना सत्यापन के खरीदा जाएगा। मोबाइल केंद्रों के माध्यम से गांवों में किसानों के घर से भी गेहूं खरीदा जाएगा। किसान को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ई-पाप (इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफ परचेज) मशीन से गेहूं खरीद की जाएगी।

## डीएम ने किया यूपीपीसीएल के कामों का मुआयना

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को यूपीपीसीएल के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने लालापुर में निर्माणाधीन पर्यटन सुविधा केंद्र, वाल्मीकि सांस्कृतिक केंद्र, शौचालय, बस स्टॉप एवं अन्य विकास कार्यों को देखा।

परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल को निर्देश दिए कि समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि अगर वन विभाग का ठेकेदार पर्यटन के कार्यों में रुचि नहीं ले रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई कराएं। उप जिलाधिकारी को वाल्मीकि आश्रम के मुख्य द्वार के अगल-बगल का अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश दिए। डीएम अभिषेक आनंद ने यूपीटी चौराहा के सुंदरीकरण एवं रामघाट के सुंदरीकरण का भी निरीक्षण किया। कहा कि कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यदि लापरवाही हुई तो कार्रवाई की जाएगी।

# दो माह में ही राजमार्ग पर हुए गड्ढे

- तेजी से बन रहा राजमार्ग पर फायदा सिफर
- दो महीने हुए नहीं और उखड़ने लगी सड़क

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसी तीर्थ में बड़े ही जोर शोर से राजमार्ग का निर्माण तो हुआ पर दो माह पूरे भी नहीं हुए कि इसकी हालत खस्ता हो गई। इस पर गड्ढे हो गए हैं। सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस कदर निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है।

राजापुर से 18 किमी रैपुरा-प्रयागराज मार्ग जोड़ने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जा रहा है। यह लगभग आठ महीने से किया जा रहा है। देवीजी तिराहे से नाँदिन कुर्मियान तक सड़क व नाले का निर्माण किया जा रहा है। सुभाषचंद्र अग्रवाल, शिवपूजन गुप्ता, सभासद शंकरदयाल जायसवाल, रमन मोदनवाल, सतीश मिश्रा, अनिल गुप्ता आदि ने मार्ग निर्माण में ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कहना है कि मानकविहीन नालों की ऊंचाई, पानी निकासी व गुणवत्ताविहीन काम पर एसडीएम प्रमोद झा से शिकायती की थी। एसडीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया था और मानक विहीन काम पाया था। छूने से नाला निर्माण में प्रयुक्त सामग्री गिर रही थी। एनएच 731 एजी राजापुर बाजपेयी तिराहे में नाले के समाप्ति बिंदु पर आउटलेट का निर्धारण नहीं किया गया, जिससे नाले का पानी कहां इकट्ठा होगा।


यह है राजमार्ग के बगल में आधा बना नाला। अमृत विचार

### एसडीएम बोले, नहीं होगा गुणवत्ता से समझौता

उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के समय कई बार निरीक्षण किया गया है और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कहीं सड़क टूटी है तो उसे तुरंत बनवाने के आदेश दिए जाएंगे। इसकी टीएसी जांच कराई जाएगी। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### थोड़ी ऊंचाई देकर पुराने नाले में मिलाया

लोगों का कहना है कि हर कदम पर अनियमितता की गई है। छीबों मार्ग पर पूर्व से नगर पंचायत राजापुर द्वारा बनाए गए नाले को थोड़ी ऊंचाई देकर पुराने नाले में मिला दिया गया है। इससे आवागमन में बाधा हो रही है। शिकायत है कि ठेकेदार ने अपने फायदे को देखते हुए कुछ स्थानों पर नाले को ऊंचा और कुछ पर नीचा कर दिया।

## जरा संभल के...


शासन- प्रशासन के अन्ना मवेशियों के संरक्षण के तमाम दावे तब खोखले साबित हो जाते हैं, जब मवेशी सड़कों पर आराम से विचरण करते नजर आते हैं। कई बार तो मवेशियों की वजह से लोगों को दिक्कत और खतरा तक हो जाता है। बीती सुबह ट्रैफिक चौराहे पर ऐसा ही हुआ, जब दो सांड़ आपस में लड़ने लगे। वह तो शुक्र रहा कि सुबह की वजह से ज्यादा भीड़भाड़ नहीं थी, वर्ना दुर्घटना भी हो सकती थी। ● संजय साहू।

# आबादी से निकाल रहे एचटी लाइन

- जेई बोले, किसी की मौत की जिम्मेदारी हमारी नहीं
- लोगों का आरोप, नाबालिगों को खंभों पर चढ़ाता है ठेकेदार

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाके में एचटी लाइन खींचे जाने से लोगों में चिंता है। इनका कहना है कि इससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। उधर, जब इस संबंध में विभाग के अवर अभियंता से बात की गई तो उनका टका सा जवाब था, किसी की मौत की जिम्मेदारी हमारी नहीं।

लोग बताते हैं कि इस समय कस्बे में तार बदलने का काम जारी है। ब्लाक कार्यालय से लेकर बस स्टाप चौराहा, बिसंडा रोड, राजापुर रोड आदि भीड़भाड़ वाले इलाकों में तार डाली जा रही है। लोगों का आरोप है कि इससे सरकारी धन की बर्बादी तो होगी ही साथ में हादसों की आशंका भी रहेगी। सुशील पटेल, राजू अग्रहरि, लवकुश, महेश केशरवानी, बसंत कुमार कुशवाहा आदि ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा पहले तो हरे पेड़ों की कटान कराई गई और अब मनमानी तरीके से विद्युत पोल खड़े करके हाई वोल्टेज की लाइन खींची जा रही है। कई किलोमीटर विद्युत लाइन जानबूझकर घुमाकर भीड़भाड़ वाले इलाके से जबरन लाइन खींची जा रही है जबकि पहले से पावर हाउस के पास से लाइन गुजरी हुई है। आरोप है कि सरकारी धन का दुरुपयोग व बंदरबांट करने के उद्देश्य से जबरन विद्युत लाइन खींची जा रही है। इनका कहना है कि तार बदलनी भी जरूरी है पर सुरक्षित कोटेड केबिल डाली जाए, जिससे खतरा न रहे। या फिर अंडरग्राउंड केबल डाली जाए। इस संबंध में जब विभागीय अवर अभियंता महेश मौर्या से बात की गई तो उनका जवाब आश्चर्यजनक था। उनका कहा था कि हादसा, घटना मौत की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। कहकर उन्होंने फोन काट दिया।


इस तरह से डाले जा रहे बिजली के तार। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पांच आरोपी गिरफ्तार, शराब बरामद

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के एसआई मुन्नीलाल ने छंगू पुत्र भोला निवासी हरिसनपुर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के एसआई रविकांत राय ने रज्जू पुत्र श्रीवा निवासी खजुरिहा कलां को 19 क्वार्टर देशी शराब, एसआई दिनेश कुमार पांडेय ने अर्जुन पुत्र राजाभाई निवासी दरियाव मजरा बसिला को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ पकड़ा। मऊ थाने के एसआई रामकृत यादव ने परदवां निवासी एक महिला को 19 लीटर क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के एसआई रामेश्वर प्रसाद ने लवकुश उर्फ बेटू पुत्र दर्शन अहिरवार निवासी रूरल थाना मानिकपुर को 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### आठ देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने छोटा मुन्ना उर्फ नफीस पुत्र अहमद खां निवासी शिवरामपुर को आठ देशी बमों के साथ गिरफ्तार किया। इसके विरुद्ध कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी दिनेश और आरक्षी श्यामू शामिल रहे।

### सात लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया

**चित्रकूट।** गुंडागर्दी करने के आरोप में पुलिस ने सात लोगों पर मिनी गुंडा लगाया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह ने मलय उर्फ पल्लव पुत्र रसिकलाल निवासी शंकर बाजार, चुनबाद पुत्र चंद्रपाल निवासी छिछरिहा बुजुर्ग, दीपक पटेल पुत्र बोधीलाल निवासी चुनहापुरवा मजरा बंधोइन, सुनील पटेल पुत्र राजेश कुमार पटेल, तेजराम पुत्र लक्ष्मण यादव निवासी बरगदहा पुरवा बिहारा पर धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने सुदामा मिश्रा पुत्र रामराज मिश्रा, अनिल कुमार पुत्र धनराज मिश्रा निवासीगण भरकुर्रा के विरुद्ध मिनी गुंडा एक्ट लगाया है।

### एएसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एएसपी ने ड्रिल भी देखी। पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा, मैस, बैरिक, आरओ प्लांट, सीपीसी कैंटीन, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया और प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण को दिशानिर्देश दिए। एएसपी ने विवेचकों के कार्यों की समीक्षा भी की।

### गेट में दो विषयों में सफल हुए प्रचेतस

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय से वर्ष 2022 में बीटेक आईटी पाठ्यक्रम के गोल्ड मेडलिस्ट रहे प्रचेतस पाठक ने इस वर्ष की गेट परीक्षा में एक साथ दो विषयों कंप्यूटर साइंस और डाटा साइंस एंड आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस में सफलता पाई है। इस सफलता पर शिक्षकों ने हार्दिक बधाई दी है।


प्रचेतस पाठक।

### तकनीक आधारित शिक्षा दी जाए

**सीतापुर (चित्रकूट)।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में शिक्षा संकाय, मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। निदेशक विशेष शिक्षा विभाग नेहरू ग्राम भारती डीम्ड विश्वविद्यालय प्रयागराज डाक्टर एसएस मिश्रा ने कहा कि छात्रों को तकनीकी आधारित शिक्षा देना चाहिए। इसमें कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय, आरपी मिश्रा निजी सचिव कुलाधिपति, प्रोफेसर नीना कोहली इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रोफेसर विनोद कुमार शिक्षा विभाग आगरा, डा. एसएस मिश्रा निदेशक विशेष शिक्षा विभाग नेहरू ग्राम भारती डीम्ड विश्वविद्यालय प्रयागराज ने अपने विचार रखे। संचालन डा. अमिता तिवारी ने किया।

### एआरटीओ से मारपीट के आरोप में एक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** एआरटीओ प्रवर्तन के साथ हुई घटना में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसओ राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि रोहित सिंह निवासी बेराउर को गिरफ्तार किया गया है और इसे कोर्ट में पेश किया गया।

## बतकही

### तू खाक से बना है...

आज चुनाव से इतर बात करने का मन है... फलाने बोला तो मैंने शरारती लहजे में कहा, जो हुक्म सरकार का। फलाने ने मेरे मजाक को नजरंदाज करते हुए कहा, यार यह नौकरशाही भी कितनी अजीब है। इसमें कुछ बहुत अच्छे लोग होते हैं तो बहुत से ऐसे भी, जो अपने सामने किसी को आंकते नहीं। किसी की सुनते नहीं जबकि उनको इसी बात की तनख्वाह मिलती है कि वह आम आदमी की चिंता करें, उसकी परेशानी दूर करें। मैंने सवालिया निगाह से उसे देखा कि आखिर वह कहना क्या चाहता है। फलाने ने कहा, यार मैं कुछ आफिसों को जानता हूं, जहां के अधिकारी इतने ज्यादा गुरूर वाले हैं, जो जनता को भुनगा समझते हैं। आम आदमी से ये बात तो करते नहीं, उसका दुखदर्द कैसे समझेंगे। इन विभागों के किसी काम की शिकायतें चाहे जहां करो पर ये ही उसका निदान कर देते हैं, आम आदमी संतुष्ट हो या न हो। फलाने की बात जारी थी, मैं तो कुछ ऐसे बड़े पदों में बैठे लोगों को जानता हूं, जो अपने विभाग की मीटिंग तक में इस इस तरह के अपशब्द बोलते हैं, कि कान के कीड़े झर जाएं। इनको यह चिंता तक नहीं होती वहां महिला कर्मी भी बैठी हैं। आखिर पद का इतना गुरूर क्यों और कैसे। पद के साथ शालीनता आती है जैसे पेड़ जितना फलों से लदता है झुकता जाता है। कई तो ऐसे हैं, जिनकी चाल ढाल देखो तो लगता है कि दुनिया थामे हैं। पर कई ऐसे भी हैं, जिनके आफिस में अगर कोई भी चला जाए तो संतुष्ट होकर ही लौटेगा। कई ऐसे फरियादी हैं जो न्याय की गुहार करते करते ऐसे हैं कि अपने आंसू सुखा बैठे हैं तो कई ऐसे अफसर हैं जो किसी की जुबां खुलने से पहले ही उसके दर्द जान जाते हैं। शायर मीर हसन का शेर है... सर को न फेंक फलक पर अपने गुरूर से, तू खाक से बना है, तिरा घर जमीन है।



कार्यशाला में मौजूद प्रशिक्षक और अधिकारी। अमृत विचार


कार्यशाला में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

# शैक्षिक उन्नयन में सहभागी बने प्रबंधन समिति

- बीईओ ने कहा, उत्तरदायित्व का निर्वहन ईमानदारी से हो
- परिषदीय शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सीपी गौतम महाविद्यालय देऊंधा, रामनगर के सभागार में संपन्न हुई। इसमें खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समिति से अपील की कि वे बच्चों के शैक्षिक उन्नयन में सहभागी बनें।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया।

उन्होंने प्रतिभागी प्रधानाध्यापकों को स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) के गठन के उद्देश्य, उसके कार्य और उत्तरदायित्व तथा विद्यालय संचालन में भूमिका पर विचार रखे। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इसके समुचित कार्य न करने से विद्यालय पर पड़ने वाले प्रभाव को भी बताया।

उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने एसएमसी के समुचित उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। संदर्भदाता संजय कुमार तिवारी, प्रेमचंद यादव, विराग कुमार शुक्ला एवं संतोष कुमार मिश्र ने जनपहल मॉड्यूल में निर्धारित 18 बिंदुओं पर जानकारी दी।

कार्यालय सहायक राकेश कुमार पांडेय व दयाशंकर वर्मा आदि ने सहयोग किया।

## सियासत

### जिला सचिव अमित बोले, इंडिया गठबंधन में उपेक्षा से आहत हैं वामपंथी

# प्रदेश में छह सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी भाकपा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कभी जिले की राजनीति में अच्छा खासा दखल रखने वाली भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हाशिए पर है। 1989 के बाद से कोई वामपंथी उम्मीदवार बांदा-चित्रकूट सीट से दिल्ली नहीं पहुंच सका। हालांकि पार्टी प्रत्याशी भाग्य जरूर आजमाते रहे। इस बार भी सीपीआई ने प्रदेश में छह सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बनाया है। जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट स्वीकारते हैं, इसकी वजह इंडिया गठबंधन द्वारा प्रदेश में पार्टी की उपेक्षा है और हम इससे आहत हैं।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का कभी जिले में परचम लहराता था। 1967 में जागेश्वर यादव सांसद चुने गए थे। इनके बाद आया जिले की राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले रामसजीवन सिंह का वक्त। रामसजीवन पार्टी के टिकट से चार बार विधायक चुने गए तो 1989 में सांसद भी बने। इसके बाद जो सूखा पड़ा तो अभी तक इस पार्टी के लिए वोटों की वो बारिश नहीं हुई, जिसमें भीगकर पार्टी का प्रतिनिधि दिल्ली पहुंचता। इस बार भी जिले से पार्टी ने अपना प्रत्याशी उतारने की सोची है। भाकपा जिला सचिव अमित यादव बताते हैं कि बीते दिनों पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी गिरीश शर्मा के साथ हुई बैठक में प्रदेश सचिव अरविंद राज स्वरूप ने प्रदेश में अपनी स्थिति और गठबंधन द्वारा की जा रही उपेक्षा की बात कही थी। बताया कि भाकपा ने प्रदेश में गठबंधन से अधिकतम तीन सीटों की दरकार की थी। पर इस पर ध्यान नहीं दिया गया। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी द्वारा की जा रही उपेक्षा से आहत पार्टी ने तय किया है कि छह स्थानों पर चुनाव लड़ा जाए। इनमें बांदा-चित्रकूट की सीट भी शामिल है। बताया कि पार्टी ने अन्य जिन लोकसभा सीटों में अपने उम्मीदवार उतारने की सोची है, उनमें गाजीपुर, मऊ, घोसी, राबर्ट्सगंज और शाहजहांपुर है। बताया कि जिन जगहों पर पार्टी ने गठबंधन से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी, वहां पर सपा ने अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। भाकपा ने भी अभी तक के निर्णय के अनुसार प्रत्याशी उतारने की सोची है। जल्द ही इनकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

### ताली एक हाथ से नहीं बजती

अमित ने कहा कि प्रदेश में वामपंथी दलों की उपेक्षा से आहत हैं। ताली एक हाथ से तो नहीं बजती। जब उनसे कहा गया कि आप जीतने की स्थिति में तो हैं नहीं, ऐसे में वोटकटवा ही साबित होंगे और गठबंधन को नुकसान पहुंचाएंगे, अमित ने कहा कि गठबंधन धर्म भी कोई धर्म होता है। और रही जीतहार की बात तो जनता जैसा चाहेगी, वही होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी भी पार्टी ने आस नहीं छोड़ी है।

# उत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** रघुवीर इंटर कालेज में मंगलवार को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत विज्ञान क्विज एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें चयनित छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के पूजन से हुआ। हुए। खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय अविष्कार अभियान में उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालयों के कुल 358 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। 20 चयनित छात्रों की अगली क्विज होगी जिसमें जिले व सभी ब्लाकों से चयनित होकर आए छात्र सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या वंदना गुप्ता, अध्यापक राजकरन गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, पंकज कुमार, रमेश चंद्र सिंह, सुरेश द्विवेदी, सुधींद्र सिंह, मनोज द्विवेदी, कुशल सिंह आदि मौजूद रहे।



होनहार बच्चों को पुरस्कार देते अधिकारी। अमृत विचार

- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ

### अवैध तरीके से न बिके शराब

**राजापुर।** उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार झा, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने मंगलवार को शराब ठेकेदारों के साथ बैठक की। इस दौरान आबकारी निरीक्षक नीरज वर्मा मौजूद रहे। एसडीएम ने सभी को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में ठेकों के अलावा किसी भी अवैध स्थान पर शराब न बिक पाए। निर्धारित समय पर दुकानों को खोलें व बंद करें। जो भी नियम कानून के विरुद्ध कार्य एसओ सरधुआ आशुतोष तिवारी, अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# पूड़ी-सब्जी 60 तो लंच पैकेट 120 रुपये का

## चुनाव आयोग ने तय किए चीजों के दाम, प्रत्याशी पेश करेंगे आय-व्यय का ब्योरा, न देने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने तारीखों का ऐलान करने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। ऐसे में सभी प्रत्याशियों के खर्चों पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर रहेगी। चुनाव के दौरान खर्च किए गए एक-एक पैसे का हिसाब-किताब आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न करने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी घोषित किया जा सकता है।

आदर्श आचार संहिता के अनुसार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी मनमानी खर्च नहीं कर सकेंगे। उन्हें निर्वाचन आयोग को पाई-पाई का हिसाब बिल समेत देना होगा। आयोग ने प्रत्याशियों के उपयोग में आने वाली आम वस्तुओं की मूल्य सूची जारी कर दी है। आयोग की मूल्य सूची के अनुसार अपने समर्थकों को दिया जाने वाला एक समोसा-चाय का नाश्ता 14 रुपये और पूड़ी-सब्जी 60 रुपये के हिसाब से जोड़ी जाएगी। वहीं समर्थकों को लंच पैकेट खिलाने के लिए 120 रुपये और वीआईपी लंच पैकेट के 200 रुपये के साथ ही पानी की बोतल की कीमत 20 रुपये निर्धारित की गई है। जबकि कोल्डड्रिंक 15 रुपये (200 एमएल), बेसन का लड्डू प्रति पीस 10 रुपये, कॉफी 15 रुपये के हिसाब से प्रत्याशियों के खर्च में जोड़ी जाएगी। इसी तरह समर्थकों व नेताओं के लिए होटल में रूम बुक करने के लिए दाम निर्धारित किए गए हैं। एसी डीलक्स सिंगल बेड का किराया 1650 रुपये, डबल बेड का 2100 रुपये, बिना एसी डीलक्स रूम सिंगल बेड 900 रुपये, डबल बेड 1300 रुपये, सामान्य रूम सिंगल बेड 600 रुपये, डबल बेड सामान्य 800 रुपये खर्च में जुड़ेंगे। चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के खर्चों पर नजर रखने के लिए जहां जिला निर्वाचन विभाग की ओर से टीम गठित कर दी गई है, वहीं निर्वाचन आयोग से व्यय प्रेक्षक भी नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही डेरा डाल देंगे और प्रत्याशियों के खर्चों पर कड़ी नजर बनाए रखेंगे।



### इनोवा क्रिस्टा का किराया 2700 रुपये

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया है कि निर्वाचन आयोग ने वाहनों में प्रचार के लिए भी रेट निर्धारित कर दिए हैं। रेट सूची के अनुसार जीप में प्रचार के 100, टेंपो के 850, टाटा सूमो के 1200 खर्च जोडे जायेंगे, जबकि इनोवा क्रिस्टा के 2700 रुपये स्कार्पियो के 1500, इंडिगो, स्विफ्ट व बोलेरो के 1200, टाटा सफारी के 1600, टवेरा के 1700 रुपये खर्च में जोड़े जाएंगे। चुनाव आयोग की तरफ से प्रत्याशियों के प्रचार के लिए रेट सूची जारी की गई है। चुनाव प्रचार में प्रत्याशियों का खर्च इसी में जुड़ेगा। टीमें प्रत्याशियों के प्रचार पर सतर्क निगाह रखेंगी। खर्चे का हिसाब-किताब प्रत्याशी के नामांकन के दिन से जोड़ा जाएगा।

### आयोग की 36 टीमें खर्चों पर रखेंगी नजर

- जिला निर्वाचन विभाग की ओर से गठित कमेटी प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में होने वाले खर्च का पूरा हिसाब रखेगी। प्रत्याशियों को जीएसटी बिल के साथ 17 अन्य खर्चों के हिसाब निर्वाचन विभाग को देना होगा। इसके लिए विधानसभा वार 36 टीमें भी बनाई गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार की अगुवाई में रेट निर्धारण किया गया है। समिति में मुख्य कोषाधिकारी, एआरटीओ, उपायुक्त उद्योग, जिला पूर्ति अधिकारी, उपायुक्त वाणिज्य, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन, विद्युत विभाग के एक्सईएन, नगर पालिका ईओ, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी व मंडी सचिव शामिल हैं। मुख्य कोषाधिकारी विनोद बाबू प्रत्याशियों के खर्च का हिसाब किताब रखेंगे।

### सरकारी दफ्तरों से हटाएं पीएम-सीएम की फोटो


**बांदा :** भारत निर्वाचन आयोग ने तीन दिन पहले ही लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए समूचे देश में आदर्श आचार संहिता लागू करने का आदेश जारी कर दिया था। आचार संहिता लागू होते ही जहां स्थानीय प्रशासन ने युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर राजनीतिक दलों से संबंधित सभी प्रकार की प्रचार सामग्री होर्डिंग्स, बैनर, कटआउट, वाल पेंटिंग आदि हटाने का काम पूरा कर लिया है। वहीं अब सरकारी दफ्तरों में लगी पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही राजनीतिक दलों के नेताओं की तस्वीरें हटाने का आदेश जारी हो गया है। उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार ने प्रदेश सरकार के सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव समेत सभी विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को आदेश जारी करते हुए बताया है कि लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया के आगाज के साथ ही 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। कहा है कि निर्वाचन अवधि के दौरान मंडल व जिला मुख्यालयों के सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रपति और राज्यपाल की तस्वीरों को छोड़कर समस्त राजनेताओं की तस्वीरें हटा ली जाएं। यह कार्यवाही जल्द से जल्द की जानी चाहिये।

# अधिवक्ता संघ के चुनाव 28 मार्च तक कराये जायें

**अतर्रा, बांदा।** तहसील अधिवक्ता संघ की आम सभा बैठक में निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति और बार काउंसिल के आदेशानुसार 28 मार्च तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने की बात पर सहमति बनी।

अधिवक्ताओं ने आम सहमति से राममिलन कुशवाहा को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया और चुनावी प्रक्रिया का आगाज कर दिया है। अधिवक्ताओं ने संघ की मजबूती के लिए काम करने व पुराने गिले शिकवे भुलाने का संकल्प दोहराया।

अतर्रा तहसील अधिवक्ता संघ की आम सभा की बैठक मंगलवार को अधिवक्ता सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एल्डर कमेटी चेयरमैन विनोद तिवारी ने किया। बैठक में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के निर्देशानुसार 28 मार्च तक संघ के चुनाव कराने को अधिवक्ताओं ने चिंतन-मंथन किया। अधिवक्ता राममिलन कुशवाहा को निर्वाचन अधिकारी बनाए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शिवनंदन ने संघ की मजबूती के लिए आपसी भाईचारे व प्रेम के साथ चुनाव कराने की बात कही।



तरावीह के दौरान मौजूद रोजेदार। अमृत विचार

# नमाजे तरावीह के दौरान मुकम्मल हुआ कुरान

कार्यालय संवाददात बांदा,

- सामूहिक नमाजः देश में अमन और चैन की मांगी दुआ

**अमृत विचार।** रमजान का पहला अशरा (10 दिन) आते लगभग सभी मस्जिदों में तरावीह के दौरान कुरान पूरा होने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शहर कोतवाली के सामने स्थित वक्फ मस्जिद में मौलाना ने सातवीं तरावीह की नमाज में कुरान पाक मुकम्मल किया। इस दौरान फातेहा के साथ मुल्क में अमन चैन की दुआ भी की।

शहर कोतवाली के सामने स्थित वक्फ मस्जिद में सातवीं तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया। यहां रोजेदारों ने तरावीह की नमाज अदा की। मस्जिद कमेटी अध्यक्ष हाजी फसीउल्ला खान, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आफ इंडिया सदस्य व कोषाध्यक्ष आरिफ खान ने सभी को रमजान की मुबारकबाद पेश की। मस्जिद की आय-व्यय का ब्योरा पेश किया गया। हाफिज ने इमामत करते हुए कुरान सुनाया। इस मौके पर भाजपा नेता आरिफ खान, रशीद आतिशबाज, हमीद आतिशबाज, हनीफ अंसारी, गौहर भाई, अरशद बिलाल, नासिर, नौशाद इलाही, इमरान इलाही, वहीद उल्ला रहे।

# फंदे से लटकता मिला युवती का शव

संवाददाता, बबेरू बांदा।

**अमृत विचारः** एक सप्ताह पहले मायके से ससुराल आई युवती का शव कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में अगौछा के सहारे फंदे पर लटकता देख परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के ताऊ ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए पति को हिरासत में ले लिया।

मर्का थाना क्षेत्र के गुजेनी गांव निवासी गुड़िया (22)पत्नी महेद्रपाल का शव मंगलवार की भोर कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में अगौछा के सहारे फंदे पर लटकता हुआ सास बेसनिया ने देखा तो चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के देवर शैलेद्र ने बताया कि सोमवार की रात सभी लोगो ने एक साथ बैठकर खाना खाया। पति पत्नी सोने चले गए। रात करीब 12 बजे पति घर से पचास मीटर दूर मवेशी बाड़े पर सोने चला गया था। दोनों पति पत्नी के बीच क्या हुआ कि गुड़िया ने फांसी लगा कर खुदकशी कर लिया। उधर मृतका के ताऊ शिव मिलन का कहना है कि गुड़िया की शादी दो साल पहले हुई थी। उसके दो माह की बेटी है। पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहा था। एक सप्ताह पहले ही वह अपने मायके गोंडा से ससुराल आई थी। ताऊ का आरोप है कि पति ने गुड़िया की हत्या कर दी। आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे पर लटका दिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**बांदा।** घर पर अकेले रह रहे युवक ने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के बृम्हाडेरा निवासी लखन (29)पुत्र रामकिशोर ने सोमवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे चाचा ओमनरायण ने देखा तो वह अचेत अवस्था में पड़ा था। उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरो ने उसे देखने के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। यहां मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। मृतक के चाचा ने बताया कि लखन के पिता ने छह वर्ष पहले फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया था। आठ वर्ष पहले मां देवकली की बीमारी से मौत हो गई थी। लखन पांच भाइयों में चौथे नबंर का था। उसकी शादी नहीं हुई थी। जहर खाने का कारण पता नहीं चल सका।

# लहुरेटा में विद्युत पोल गिरने से अंधेरे में ग्रामीण

**नरैनी, बांदा।** आंधी और बारिश में गिरे बिजली के खंभे को विद्युत विभाग द्वारा ठीक न कराने के कारण गांव के ग्रामीण पिछले एक पखवारे से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। वहीं विभाग ने कहा 2 दिनों के भीतर विद्युत आपूर्ति दुरुस्त कर दी जाएगी।

क्षेत्र के लहुरेटा गांव में तीन मार्च को आंधी पानी के दौरान गांव के भूरा पाल के दरवाजे में लगा बिजली का पोल उखड़ कर गिर गया था, जिससे दोनों ओर के तार भी टूट कर गिर गए थे। गांव के इस क्षेत्र में रह रहे लगभग 25 उपभेक्ताओं की बिजली गुल हो गई थी। उपभेक्ता कमलेश यादव ने बताया कि उन्होंने अवर अभियंता और गांव के लाइनमैन से शिकायत कर विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग की थी।

# भड़काऊ पर्चे छापने वालों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव एमसीएमसी प्रभारी व अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ बैठक की। प्रिंटिंग प्रेस संचालकों से कहा कि अगर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली सामग्री या पर्चे आदि प्रकाशित किए जाते हैं तो कार्रवाई होगी।

कलक्ट्रेट परिसर स्थित महर्षि वामदेव सभागार में मंगलवार को एमसीएमसी प्रभारी व एडीएम (नमामि गंगे) मनोज श्रीवास्तव ने जिले भर के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ बैठक की। कहा कि आदर्श आचार संहिता के पालन में सहयोग करें। ऐसी कोई भी सामग्री मुद्रित या प्रकाशित नहीं की जाएगी जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। जैसे किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना, धार्मिक भावनाओं को भड़काना आदि। प्रकाशित सामग्री के साथ यह भी सूचना प्रिंटिंग प्रेस स्वामी देंगे कि कितनी सामग्री प्रकाशित हुई व उसका कितना मूल्य है। सभी मुद्रक व प्रकाशक यह सुनिश्चित करेंगे कि निर्वाचन से संबंधित प्रचार सामग्री जिसका मुद्रण कराया जा रहा है उसमें प्रकाशक व मुद्रक का नाम, पता तथा कितनी संख्या में सामग्री प्रकाशित की जा रही है यह स्पष्ट रूप से अंकित कराया जाए। नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जायेगा। प्रिंटिंग प्रेस का लाईसेंस जब्त करने के साथ छह महीनें का कारावास और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। बैठक में जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी शारदा निषाद समेत जिले भर के प्रिंटिंग प्रेस संचालक व इनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

- प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक में एडीएम की सख्त हिदायत

**प्रचार की अनुमति के लिए सिंगल विंडो केंद्र स्थापितः** जिलाधिकारी के निर्देश पर कलक्ट्रेट परिसर में अपर जिलाधिकारी के आशुलिपिक कक्ष में सिंगल विंडो केंद्र स्थापित किया गया है। सिंगल विंडो की मदद से लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दल जनसभा रैली, रोड शो, लाउडस्पीकर व प्रचार वाहनों की अनुमति बिना किसी असुविधा के प्राप्त कर सकेंगे।

अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयोग लखनऊ द्वारा राजनीतिक दलों को लोकसभा चुनाव में जनसभा, रैली, रोड शो व प्रचार वाहन का प्रयोग करने के लिए अनुमति दिए जाने के संबंध मेंअपर जिलाधिकारी वित्त के आशुलिपिक कक्ष में सिंगल विंडो केंद्र स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता यह सुविधा पोर्टल के माध्यम से किसी भी जनसेवा केंद्र से आवेदन कर स्थापित सिंगल विंडो केंद्र से अनुमति प्राप्त कर सकते हैं।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करतीं एनएसएस प्रभारी। अमृत विचार

# नाट्य मंचन कर बताया नशाखोरी के नुकसान

कार्यालय संवाददाता बांदा,

- महिला महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का पांचवां दिन
- महिलाओं को सहज तरीके से अपनी बात कहने के गुर सिखाए

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय व तृतीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवी छात्राओं ने विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण करते हुए नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को नशाखोरी से होने वाले नुकसान बताए। साथ ही महिलाओं को सहज तरीके से अपनी बात कहने के गुर सिखाए।

महिला महाविद्यालय एनएसएस प्रथम, द्वितीय और तृतीय इकाई के विशेष शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को स्वयंसेवी छात्राओं ने अहिर मोहाल, दरी मोहाल और बारी मोहाल में जाकर लोगों को नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के विषय में सर्वे करते हुए लोगों को जागरूक किया। सर्वे में छात्राओं ने पाया कि अधिकांश घरों के पुरुष नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। नशा मुक्ति विषय पर स्वयंसेवी छात्राओं पिंकी, निशु, प्रियंका, खुशबू, सुमन, आरती, आराधना, ज्योति, कशिश, सरोज और सुधा तथा दरी मोहाल में शगुफ्ता, चेतना, कृत्यांजलि, मान्सी, दुर्गा, और खुशबू ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने मानसिक स्वास्थ्य और मद्यपान के मध्य अंर्त संबंधों की व्याख्या की। कहा कि अत्यधिक शराब का सेवन शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ आर्थिक तथा सामाजिक कार्य व्यवहार को भी प्रभावित करता है।

स्वाति सिंह ने छात्राओं को संवाद कौशल के विषय में जानकारी दी। प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डा.सबीहा रहमानी, डा.ज्योति मिश्रा, डा.अंकिता तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डा.जयंती सिंह, डा.वीरेंद्र प्रताप चैरसिया, डा.संदीप सामंत सिंह, डा.सचिन मिश्रा, राशिदा खातून और महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 461 वाहनों का किया गया चालान

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू हो गई है। पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। जिले में नियम कानूनों को ताक पर रखकर फर्राटे भरने वाले वाहन स्वामियों की मुसीबतें बढ़ने लगी हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के क्रम में अलग-अलग स्थानों पर 461 वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। जिले की सीमा से सटे इलाकों में पुलिस छोटे-बड़े वाहनों की सघन पड़ताल शुरू कर दी है। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी लगाम लगाए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

सड़क से गुजरने वाले हर वाहनों की सघन चेकिंग कर रहे हैं, ताकि आचार संहिता के चलते किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो ।

इस बात को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी (यातायात) गवेंद्र पाल सिंह की देखरेख में जनपद में यातायात पुलिस प्रभारी राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक यातायात त्रिलोकी नाथ पांडेय ने ट्रैफिक सिपाहियों के सहयोग से जनपद के मुख्य चैराहों पर चेकिंग अभियान चलाकर चार पहिया वाहनों से ब्लैक फिल्म को उतरवाया। दोषपूर्ण नंबर प्लेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस , नो पार्किंग, सीट बेल्ट न लगाने समेत यातायात नियमों के उल्लंघन में 461 ई-चालान काटे गए। बताया कि चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।



चेकिंग अभियान चलाते यातायात पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# नगर पंचायत ने हटाया अतिक्रमण

**बबेरू।** कस्बे में नगर पंचायत ने तिन्दवारी रोड, औगासी रोड, कमासिन रोड सहित कई मार्गो में नाली के बाहर हो रहे अतिक्रमण को हटाकर नाली के बाहर किए जा रहे अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवाया।

ईओ प्रद्युम कुमार, कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिह,कस्बा इंचार्ज तुषार श्रीवास्तव ने नगर पंचायत के लाव लश्कर के साथ दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को तिन्दवारी रोड, मंडी गेट, औगासी रोड, कमासिन रोड के पास से हटाया। उन्होंने नाली के बाहर सामान रख कर दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। इस मौके पर नगर पंचायत के कर्मचारी व सफाई कर्मी आदि मौजूद रहे।

**समस्या** काम-काज छोड़कर राशन लेने आ रहे उपभोक्ता रोजाना लौट रहे खाली हाथ

# सर्वर डाउन होने से नहीं मिल रहा राशन

संवाददाता नरैनी, बांदा

**अमृत विचार।** ई-पॉश मशीन के सर्वर में तकनीकी कमी के कारण कोटेदार राशन का वितरण नहीं कर पा रहे हैं। सरकारी राशन की दुकानों में लगातार उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ने से कोटेदार परेशान हैं। जिला प्रशासन ने अभी तक निर्देश जारी नहीं किए हैं।

सरकारी दुकानों से गरीब और मजदूरों को मिलने वाला राशन ई-पॉश मशीनों के सर्वर में आयी तकनीकी कमी के कारण नहीं बट पा रहा है। खेतों में फसलों की कटाई बिनाई का काम छोड़कर सैकड़ो उपभेक्ता सरकारी राशन की दुकानों में घंटों उम्मीद लगाए बैठे रहते हैं। रोज कोटेदारों और उपभोक्ताओं के बीच तीखी नोक-झोंक भी हो रही है। खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त ने समस्त कोटेदारों को हमेशा की तरह व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर 15 से 29 मार्च के बीच मार्च माह का राशन वितरण करने का निर्देश दिया था, लेकिन 15 मार्च से ही मशीन के सर्वर ने काम करना बंद कर दिया था, जिससे यह बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई। तहसील क्षेत्र के पनगरा गांव के कोटेदार शिवदीन यादव, मदन मोहन, रिसौरा के नरेंद्र कुमार, नरैनी कस्बा के ओमप्रकाश, देवरार के दादूराम, बडेहा स्योढ़ा के योगेंद्र, बरुआ स्योढ़ा के दादूराम, लहुरेटा के शब्बीर आदि ने बताया कि इस गड़बड़ी के विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई हैं। सर्वर न चलने के कारण उनकी दुकान में उपभेक्ता दिनभर हंगामा करते हैं। इस संबंध में जिलापूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान से फोन पर बात करने का प्रयास किया, लेकिन इनका मोबाइल फोन बन्द था।



राशन की दुकान में बैठे उपभोक्ता। अमृत विचार

### जल्द होगा तकनीकी समस्या का समाधान

- कोटेदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने राशनकार्ड धारकों के नाम पत्र जारी कर बताया है कि सर्वर में आयी तकनीकी समस्या को ठीक करने के लिए इंजीनियरों की टीम लगातार काम कर रही हैं। जल्द ही समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। राशनकार्ड धारकों से धैर्य बनाये रखने की अपील की है। साथ ही यह भी जानकारी दी है कि यह समस्या पूरे प्रदेश में है।

## सार-संक्षेप



बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

### प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को दिलाएं सजा : डीएम

**बांदा।** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक में मुकदमा में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को त्वरित सजा दिलाए जाने के निर्देश दिए । कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि को न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध तत्काल वारंट निर्गत कराएं, जिससे चुनाव के दौरान अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी एवं संबंधितों की गवाही कराई जाए ,गवाही न होने पर इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को तत्काल उपलब्ध कराएं जिससे उनकी गवाही कराकर अभियुक्तों को सजा दिलाई जा सके। उन्होंने डीजीसी को निर्देश दिए कि न्यायालय के निर्गत सम्मन थानों के माध्यम से तमिला कराया जाए तथा अवशेष सम्मन की सूची सहित अगली बैठक में उपस्थित हों। बैठक को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने भी संबोधित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार एवं जिला शासकीय अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### सपा विधायक ने गांव-गांव किया भ्रमण

**बबेरू, बांदा :** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों में सियासी सरगर्मियां तेज हो गईं। क्षेत्रीय विधायक ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। सभी से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार में जुटने का आह्वान किया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सपा विधायक विशंभर सिंह यादव ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के सिमौनी व हरदौली गांवों में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए चुनाव तैयारियों पर चर्चा की। कहा कि पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में अभी से गांव-गांव जाकर प्रचार करें। लोगों को पार्टी की नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताकर उन्हें संगठन से जोड़ने का काम करें। कहा कि डबल इंजन की सरकार किसान, व्यापारी, छात्र और मजदूर विरोधी है। इन सभी समस्याओं से निजात पाने के लिए भाजपा सरकार को उखाड़ फेंके। बैठक में छेदीलाल गुप्ता अखिलेश पाल, विजय द्विवेदी, अनूप गुप्ता, भूपेंद्र यादव, मोबीन खान, सब्बीर बैश, नसीम खां, बिकानू मास्टर, शकील खान, मुकीम अंसार, सैय्यद, देशराज यादव, दिलशाद, रामशरण, वर्मा, अबरार, निसार, मुस्तकीम, शमसाद, श्यामा, रामकिशोर यादव, पप्पू शेख, कुन्ना पटेल, शिवचंद्र यादव, कौशल पाल, रामभवन यादव, अमरजीत सिंह, राकेश, रामलखन कोटार्य, राजू प्रजापति, शकील आदि उपस्थित रहे।



ग्रामीणों से चर्चा करते बबेरू के विधायक विशंभर सिंह यादव।




सुन्नी

| इफ्तार (बुधवार) | सहरी (गुरुवार) |
|---|---|
| 06 :28 बजे | 04 :48 बजे |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# हैट्रिक लगाने वाले भाजपा के पहले नेता बन सकते हैं पुष्पेंद्र

## 1962 के बाद किसी भी उम्मीदवार को तीन बार लगातार जीत नसीब नहीं हो सकी

नईमुर्रहमान, महोबा

**अमृत विचार।** 1962 से अब तक हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा का कोई भी प्रत्याशी आज तक जीत की हैट्रिक नहीं लगा सका है। इस बार इस सीट से कुं. पुष्पेंद्र सिंह चंदेल हैट्रिक लगाकर नया इतिहास रचने की राह पर हैं। इससे पहले सिर्फ कांग्रेस प्रत्याशी ने इस संसदीय सीट से लगातार तीन बार कांग्रेस से जीतकर हैट्रिक लगाई थी, जबकि इस सीट से भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भी लगातार दो बार जीत दर्ज करके तीसरी बार भी भाजपा से टिकट पाने में कामयाब हो गए हैं, जिससे वह नया इतिहास रचने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं।

लोकसभा चुनाव के शुरू होते ही कांग्रेस पार्टी का ही दबदबा कायम रहता था। यही वजह है कि कांग्रेस प्रत्याशी मन्नूलाल द्विवेदी ने 1952, 1957 और 1962 में लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी।

इस संसदीय सीट से कोई भी दल का प्रत्याशी कांग्रेस के मन्नूलाल द्विवेदी का हैट्रिक लगाने का रिकार्ड नहीं तोड़ सका है। 2024 चुनाव में अब मोदी मैजिक को लेकर भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र चंदेल भी हैट्रिक लगाने की राह पर दिखाई दे रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता भी संसदीय क्षेत्र में पहली दफा भाजपा की हैट्रिक लगने की उम्मीद में जी जान से जुटे हुए हैं। यदि इस बार यह मौका भाजपा प्रत्याशी को मिलता है तो पुष्पेंद्र सिंह यहां से भाजपा की पहली हैट्रिक लगाने वाले प्रत्याशी बन जाएंगे।

लोकसभा चुनाव का विगुल बजते ही चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई चुनाव तिथियों के हिसाब से इस संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान कराया जाएगा।


हमीरपुर महोबा तिंदवारी संसदीय सीट पर इस दफा 1221 मतादान केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर 1834474 अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव को लेकर बसपा छोड़ सभी प्रत्याशियों में ज्यादा से ज्यादा गांव में मतदाताओं से संपर्क करने की होड़ मची हुई है। यही वजह है कि अब पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता तड़के सुबह से गांव गांव की खाक छानने के लिए निकल पड़ते हैं।

संसदीय क्षेत्र में सबसे पहले सपा कांग्रेस गठबंधन ने अजेंद्र सिंह लोधी पर विश्वास जताया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पर दांव लगाया है। बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, जिसके चलते बसपा की चुप्पी साधने से बसपा कार्यकर्ता भी निराश दिखाई दे रहे हैं।

### संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं पर एक नजर

| | |
|---|---|
| पुरुष मतदाता | 991352 |
| महिला मतदाता | 843053 |

2024 में कुल मतदाता – 1834474



### 2007 में विधानसभा चुनाव हार गए थे पुष्पेंद्र



वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर पहली बार विधानसभा चुनाव लड़े पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, बसपा प्रत्याशी राकेश गोस्वामी से चुनाव हार गए थे। 2012 विधानसभा चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह का टिकट भाजपा ने काट दिया था और 2014 में उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ाया गया, इसके बाद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पहली दफा लोकसभा का चुनाव लड़े और तीन लाख से ज्यादा मतों से जीत हासिल की, इसके बाद चंदेल ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। क्षेत्र में विकास कार्य कराने और रेल लाइन दोहरीकरण की मांग करके झांसी मानिकपुर तक दोहरीकरण कराया। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से सिर्फ पुष्पेंद्र सिंह चंदेल प्रत्याशी बनाए गए और वह पार्टी हाईकमान के भरोसे पर खरे उतरे। उन्होंने दूसरी बार चुनाव जीतकर दिल्ली का रास्ता तय किया। अब तीसरी बार भी हाईकमान ने पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पर भरोसा जताया है।

# नेटवर्क न आने से ई-पॉस मशीनें शोपीस

संवाददाता, जैतपुर महोबा



राशन सामग्री लेने के लिए कोटे के बाहर खड़े लोग। अमृत विचार

- ग्राम जैतपुर सहित पांच दर्जन ग्रामों के राशनकार्ड धारक लगा रहे कोटे के चक्कर

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशानुसार कार्ड धारकों को 15 अप्रैल से राशन बांटने का आदेश कोटेदारों को दिया गया था। राशन सामग्री वितरण की जानकारी मिलते ही राशनकार्ड धारकों की सुबह से ही सरकारी राशन की दुकानों में भीड़ लगना शुरू हो गई थी, लेकिन पिछले दो दिनों से कस्बा जैतपुर सहित पांच दर्जन ग्रामों में नेटवर्क खराब होने के चलते कोटेदारों को दी गई ईपॉस मशीन काम नहीं कर रही है, जिससे कार्डधारकों को राशन सामग्री पाने के लिए कई बार चक्कर लगाने पड़ रहे और राशन न मिलने से कोटेदारों और उपभोक्ताओं के मध्य विवाद की स्थिति पैदा हो रही है। राशनकार्ड धारकों ने विभाग की लचर कार्यप्रणाली के प्रति खासा रोष व्याप्त है।

कस्बा जैतपुर के अलावा ग्राम अजनर, खिरियाकला, मुढारी, कैथोरा, लमौरा, खोई, मगरिया, जैलवारा, थुरत, पचारा, रामूपुरा, बड़खेरा सहित पांच दर्जन ग्रामों में पिछले दो दिनों से नेकवर्क खराबी के चलते ईपॉस मशीने काम नहीं कर पा रही है, जिससे राशन उपभोक्ताओं को अपने काम धंधे छोड़कर राशन के लिए कई बार कोटे के चक्कर लगाने पड़ रहे है। ग्राम जैतपुर के जुगयानापुरा निवासी मोहम्मद गफ्फार अली, हसमत, जमीदारी निवासी घनश्याम, कृष्ण कुमार, रामचरन, नयापुरा निवासी मुन्नी अनुरागी, जगमोहन अनुरागी, खंदियापुरा निवासी पंचमलाल मैयादीन रैकवार का कहना है कि इस समय खेतों पर कटाई का काम चल रहा है, जिस कारण समय का अभाव है। बताया कि किसी तरह समय निकालकर सरकारी राशन की दुकान पर गए, लेकिन दो दिन चक्कर लगाने के बाद भी खाद्य सामग्री नहीं मिली है। कोटेदार से पूछने पर पता चलता है कि ई-पॉस मशीन में नेटवर्क नहीं आ रहे हैं ।

उपभोक्ताओं का कहना है कि एक ओर शासन राशनकार्ड धारकों को खाद्यान मुहैया कराने के लिए अधिकारियों को समुचित व्यवस्था कराए जाने के लिए निर्देश दिए गए थे, बावजूद इसके नेटवर्क की व्यवस्था में सुधार नहीं लाया गया, जिससे राशन सामग्री के लिए कई दिनों तक चक्कर लगाने से उन्हें परेशानी उठाना पड़ रही है। बताया कि सुबह आठ बजे से ग्रामीण राशन पाने के लिए कोटे पर पहुंच जाते हैं, लेकिन ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगाने से पहले ही नेटवर्क गायब हो जाते हैं, जिससे घंटों इंतजार के बाद भी नेटवर्क नहीं आता है। बताया कि नई ई-पॉस मशीनों में एक उपभोक्ताओं को राशन पाने में पहले की अपेक्षा अब ज्यादा समय लगता है उस पर नेटवर्क जाने पर उसे लंबा इंतजार करना पड़ता है, ज्यादा समय लगने के कारण बहुत से उपभोक्ताओं को राशन सामग्री से वंचित होना पड़ता है। प्रशासन की लचर व्यस्था के प्रति राशनकार्ड धारकों में आक्रोश व्याप्त है। इस बावत जिलापूर्ति अधिकारी का कहना है कि लखनऊ एनआईसी से वार्ता की गई और अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा दिया गया, जल्द ही समस्या से उपभोक्ताओं को छुटकारा मिल जाएगा।

## एक नजर

### हरिजन बस्ती को आबादी में दर्ज करने की मांग

**महोबा।** थाना चरखारी के ग्राम बपरैथा के आधा दर्जन ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थना पत्र में बताया कि हरिजन समाज के लोगों को 1989 में इंदिरा आवास कालोनी का लाभ शासन द्वारा दिया गया था और एक कुएं का भी निर्माण कराया था। अब ग्रामीणों ने हरिजन बस्ती को आबादी में दर्ज कराए जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र देने वालों में भुल्ली, शिवराम, बब्लू, धनपत, स्वामीदीन, प्रभु, गयाराम, छोटेलाल, जगदेव, लालदीवान, लक्खू, महेश, अनंतराम सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### शराब सहित अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**महोबा।** थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा अधिकारियों के निर्देश पर उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश सिंह परिहार के नेतृत्व में गठित की गई टीम के कांस्टेबिल नरेंद्र बाबू सहित अन्य सिपाहियों ने मुखबिर की सूचना ग्राम सुरहा कबरई के समीप से सुरेश (23) पुत्र दुर्गाप्रसाद निवासी ग्राम ऐंचाना थाना खरेला को 17 क्वाटर पाउच अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

### तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जुआरियों और सटोरियों के खिलाफ जिले में पुलिस टीमों का गठन कर अभियान चलाया जा रहा और पुलिस को पिछले तीन दिनों एक दर्जन से ज्यादा जुआरियों को पकड़ने में सफलता भी हाथ लग रही है। इसी क्रम में शहर कोतवाली के नवागत प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई पुलिस टीम ने ग्राम बिलबई गौशाला के पास से सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से जामा तलाश और मालफड़ से 6200 रुपये व ताश के पत्ते बरामद किए गए है। पकड़ गए जुआरियों में दीप राजपूत निवासी ग्राम कालीपहाड़ी, सतीशचंद्र राजपूत निवासी ग्राम पवा व आशाराम , जबकि जुआरियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार तिवारी, हेड कांस्टेबिल रावेंद्र सोनकर रहे।

# युवक ने पशुबाड़े में फांसी लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** थाना बारीगढ़ के ग्राम ज्यौराहा में एक युवक ने पशुवाड़े में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों द्वारा जानवरों को चारा भूसा डालने के लिए पशुवाड़े में जाने पर शव लटका देखकर चीख पुकार मच गई। परिजनों ने शव को नीचे उतारने के बाद जिला अस्पताल महोबा पहुंचा, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्राम ज्यौराहा निवासी बसंता (25) ने पशुबाड़े में जाकर लट्ठे से रस्सी डालकर आत्महत्या कर ली। शाम को जब परिवार के लोग पशुओं को चारा भूसा डालने के लिए पशुबाड़े में पहुंचे तो युवक शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव लटका देख परिजनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुन लोग दौड़ पड़े और युवक को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर जिला अस्पताल महोबा पहुंचाया।

डाक्टरों ने उसे युवक का परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक के घर पर कोहराम मचा हुआ है। परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है। घर में कमाने वाले गृहस्वामी की मौत से परिवार के लोगों को घर चलाने की चिंता सता रही है। बसंता कृषि कार्य करने के साथ साथ समय समय पर मजदूरी करके परिवार चला रहा था।

# होली पर्व : 400 स्थानों पर होगा होलिका दहन

कार्यालय संवाददाता, महोबा



होलिका दहन के लिए एकत्र की गई लकड़ी। अमृत विचार

- होलिका दहन स्थलों के पास मुस्तैद रहेगी पुलिस सब पर रखेगी नजर

**अमृत विचार।** होली पर्व पर जिले में 400 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। पर्व को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है, होलिका दहन की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। युवा लकड़ी, झाड़ फन्नूस एकत्र कर रहे हैं। शहर में भी होलिका दहन को लेकर युवाओं द्वारा लकड़ी व अन्य सामग्री एकत्र करनी शुरू कर दी है। गांव- गांव में होलिका दहन किए जाने से ग्रामीण इन दिनों लकड़ी के मोटे- मोटे डूढे, बांस, बल्ली, कांटेदार झांकर एकत्र करने में जुटे हुए हैं। युवाओं में खासी दिलचस्पी दिखाई दे रही है। होलिका दहन के मौके पर जिले में जगह जगह और होलिका दहन स्थलों पर पुलिस की ड्यूटी रहेगी।

शहर के हवेली दरवाजा, बड़ी हाट, समदनगर, भटीपुरा, शेखूनगर, शुक्लानापुरा, भीतरकोट, सत्तीपुरा, बंधानवार्ड, माथुरनपुरा, राठ रोड सहित पचास से अधिक स्थानों पर होलिका दहन की जाती है, जिसके लिए होली समिति के लोगों द्वारा अभी से लकड़ी, बांस बल्ली व झाड़ की व्यवस्था की जा रही है। युवाओं की टोली की टोली अलग अलग मार्गों पर जाकर होलिका दहन के लिए लकड़ी लेकर आ रहे हैं, जिससे होलिका दहन पर किसी भी तरह की असुविधा न हो सके। होली त्योहार को लेकर युवाओं के साथ साथ बच्चों में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। चारो तरफ होली पर्व की तैयारियों में लोग जुटे हुए हैं। शहर के अलावा पनवाड़ी, भरवारा, श्रीनगर, बेलाताल, अजनर, सारंगपुरा, अलीपुरा, बरीपुरा, रिवई, सुगिरा, कालीपहाड़ी, गंज, उटियां, धरौन सहित 400 गांवों में होलिका दहन की तैयारियां तेज हो गई है। ग्रामीण अंचलों में भी ग्रामीण होलिका दहन के लिए लकड़ी एकत्र करने में जुटे हुए हैं।

### खोवा 300 रुपये किलो

हर घर में होली पर गुझिया बनेगी। इसके लिए लोग अभी से ही खोवा की बुकिंग कराने में जुट गए हैं। मिठाई दुकानदारों द्वारा त्योहार में मिठाई की खपत अधिक होने के कारण अभी से खोवा की खरीद शुरू कर दी है। इसके चलते 200 रुपये किलो बिकने वाला खोवा 300 रुपये किलो बिक रहा है। खोवा की अधिक बिक्री होने से खोवा बेचने वालों ने मिलावट भी शुरू कर दी है।

### होलिका दहन स्थलों पर की जा रही सजावट

होलिका दहन स्थलों पर युवाओं द्वारा अभी से सजावट करनी शुरू कर दी गई है। कई स्थानों पर पतंगी कागज की झंडियां लगाकर सजाया जा रहा है तो कहीं पर होलिका दहन स्थल पर बांस– बल्ली गाड़कर रंगबिरंगी झंडियां लगाकर सजाया जा रहा है। युवा सुबह से सारे कामकाज छोड़कर होलिका दहन स्थलों पर सजावट करने में जुटे हुए हैं।

# आज भी कायम है त्योहारों पर सौहार्द

संवाददाता, जैतपुर महोबा



बैठक में बोलते कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भाष्कर तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रमजान और होली पर्व को लेकर मंगलवार को पुलिस चौकी जैतपुर सभागार में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में रोजे और होली का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर बनाए जाने का आहवान किया गया। यहां पर हिन्दू मुस्लिम मिलजुल कर मनाए जाने की वर्षों पुरानी परम्परा आज भी कायम है, जिससे त्योहार के मौके पर दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे के घरों में आज भी जाकर पर्व की बधाई देते हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ भास्कर तिवारी की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक में दोनो समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अपने सुझाव दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम सभी अपने त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाए। विवादों से दूर रहे, छोटे- छोटे विवाद बड़ी घटनाओं का रुप ले लेते है। लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता का पालन करें ।

उन्होंने कहा कि होली पर्व मिलन का पर्व है, कोई भी अराजकता न फैलाए। प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करें, शराब पीकर हुड़दंग न मचाएं। त्योहार को त्योहार की तरह ही मनाया जाए। इस मौके पर ग्राम प्रधान बेलाताल छोटेलाल अहिरवार, पूर्व प्रधान मौला बख्श, मगरौल कला प्रधान अभिषेक रावत, ग्राम प्रधान मवईया शिवराज सिंह यादव, ग्राम बुधौरा देवसिंह रहे।

# मोबाइल व्यापारी ने घर में फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



मृतक लियाकत साबरी।

- ससुरालियों द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी से परेशान था व्यापारी

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली व नगर क्षेत्र के भिलावां मोहल्ले में नए भवन में मोबाइल व्यापारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। व्यापारी ससुरालियों द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकियों से परेशान रहता था। घटना से परिवार व नाते-रिश्तेदारों में कोहराम मचा है।

नगर के खालेपुरा मोहल्ला निवासी रफीक अहमद के व्यापारी पुत्र लियाकत साबरी 45 की पत्नी की एक सप्ताह पूर्व हृदयाघात होने से मौत हो गयी थी। जिससे मृतका के मायके वाले मृतका के शव का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद मृतका का शव व निकाह में दिया गया दहेज का सामान लोड करके ले गये थे। बाद में मृतका के मायके वाले लियाकत साबरी को दहेज हत्या में फंसाने की धमकियां देने लगे। इन धमकियों से आहत होकर लियाकत ने भिलावां स्थित अपने दूसरे मकान में मंगलवार को सुबह करीब सात बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता रफीक अहमद ने बताया कि सुबह उसे फोन लगाया तो उसका फोन नहीं उठा। जिस पर जाकर देखा तो उसका पुत्र फांसी पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व बहू की हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी। बहू के मायके वालों पुत्र व उनके परिजनों को दहेज हत्या में फंसाने की धमकी दे रहे थे। पत्नी की मौत व ससुरालीजनों की धमकियों से परेशान होकर पुत्र ने आत्महत्या कर ली है।

# प्रत्याशी को पांच लाख वोटों से जिताने का लक्ष्य



बैठक में बोलते जिला प्रभारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता महोबा

- भाजपा कार्यसमिति की बैठक में लिया गया निर्णय
- कार्यकर्ताओं से जी जान से चुनाव में जुटने को कहा

**अमृत विचार।** भाजपा कार्यालय महोबा में मंगलवार को भाजपा जिला कार्यकारिणी और सभी 11 मंडल अध्यक्ष, 11 मंडल के प्रभरियों की बैठक जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में जिला प्रभारी। संजीव श्रंगऋषि जी ने पार्टी द्वारा चलाए गए जा रहे लाभार्थी संपर्क अभियान, माइक्रो डोनेशन अभियान, संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर समीक्षा की, एवं कार्यकर्ताओं को इस पर तेजी से जुटने के लिए आवाहन किया। प्रभारी ने कहा कि अब हमें केवल लोकसभा चुनाव जीतना नहीं बल्कि 5 लाख वोटों से जीताना है। जनता के बीच में मोदी जी और योगी जी के कार्यों से इतनी प्रसन्न है कि जनता द्वारा सभी पार्टियों के प्रत्याशियों को नकार रही है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने शोषित और गरीबों और वंचितों को खाद्य सामग्री दी, जिनके घरों में 70 वर्ष से बिजली नहीं पहुंची थी उनके घरों में बिजली पहुचाई, जिन माताओ बहनों को रोटी बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था उन्हें गैस सिलेंडर दिया। कच्चे मकानों में रहने वालों को पक्के मकानों का तोहफा दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना से जो धन मिला है। उससे जनता में भारतीय जनता पार्टी को अपार समर्थन मिल रहा हे

उन्होंने कहा चुनाव चाहे जितने चरणों में हो परंतु इस बार का चुनाव प्रभु श्री राम के चरणों में हो रहा है। वही दूसरी बैठक विधान सभा संचालन समिति की भी की संपन्न हुई।जिसमे महोबा विधानसभा संचालन की टोली में सम्मिलित सभी कार्यकर्ताओं को उन सभी को दिए गए कार्य बाटे गए। महोबा विधानसभा से एक लाख से अधिक वोटो से जीतने की रणनीति बनाई

बैठक में अवधेश गुप्ता, जिला महामंत्री अमित शर्मा जी , सत्येंद्र गुप्ता, सहित समस्त जिला कार्यकानी सभी मंडल के अध्यक्ष एवं प्रभारी उपस्थित रहे एवं विधानसभा संचालन समिति की बैठक में सभी विधानसभा संचालन समिति के बंधु एवं विधानसभा प्रभारी रामबालक पांडे जी उपस्थित रहे।

आयोजन

वीरभूमि महाविद्यालय के एनएसएस शिविर में बौद्धिक सत्र का किया गया आयोजन

# विद्यार्थी की उन्नति गुरु के निर्देशन में ही संभव

कार्यालय संवाददाता, महोबा






कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि व उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विद्यार्थी की उन्नति गुरु यानी शिक्षक के निर्देशन पर ही संभव है। गुरु शिष्य का संबंध दोनों के यशस्वी होने का आधार है, शिक्षा व्यक्तित्व एवं आचार्य व्यवहार का नियमन करती है। विद्यार्थियों को समाज सेवक के रूप में समाज की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परम्परा के अन्तर्गत गुरु अपने शिष्य को शिक्षा देता है या कोई विद्या सिखाता है। बाद में वही शिष्य गुरु के रूप में दूसरों को शिक्षा देता है। यही क्रम चलता जाता है। गुरु-शिष्य की यह परम्परा ज्ञान के किसी भी क्षेत्र में हो सकती है।

उक्त उद्गार पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डा. राजाराम यादव ने वीरभूमि डिग्री कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन बौद्धिक सत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' शब्द का अर्थ है प्रकाश ज्ञान। अज्ञान को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वह गुरु है। कहा कि भारतीय इतिहास में गुरु की भूमिका समाज को सुधार की ओर ले जाने वाले मार्गदर्शक के रूप में होने के साथ क्रान्ति को दिशा दिखाने वाली भी रही है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भारत सरकार के पूर्व डिप्टी सचिव कृष्णदत्त समाधिया ने विद्यार्थियों से यश, उन्नति, शिक्षा, पद आदि प्राप्त करने के लिए अपने से बड़ों एवं शिक्षकों का सम्मान करने का आवाहन किया। इस अवसर पर एआरटीओ सुनील दत्त यादव ने यातायात में सुरक्षा व्यवस्था का पालन करने का पाठ पढ़ाया तथा यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साथ ही छात्रों के कैरियर के लिए अनेक टिप्स दिए।

चिकित्सा अधिकारी डा. गुलशेर अहमद ने संक्रामक बीमारियों के कारण एवं निवारण विषय पर जानकारी दी साथ ही विभिन्न बीमारियों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का दिनचर्या में व्यायाम एवं संतुलित आहार के बारे में चिकित्सक के नजरिए से उत्तर दिए। इस अवसर पर चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डा. संतोष कुमार पांडे, डा. मधुबाला सरोजिनी, डा. शैतान सिंह, डा. सोवित गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापको समेत पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ महामंत्री उद्देश्य सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री अपूर्व सिंह भदोरिया ,अभयोदय कोचिंग के कोर्स कोआर्डिनेटर विशाल मौजूद रहे।

# कोटेदार के पुत्र ने उपभोक्ता का मोबाइल तोड़ा

**महोबा।** तहसील महोबा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिजहरी निवासी देशराज पुत्र मुन्नीलाल ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह ग्राम के कोटे से खाद्य सामग्री लेने के लिए सुबह से ही पहुंच गया और अपना राशनकार्ड भी अन्य लोगों के साथ जमा कर दिया। करीब तीन घंटे बाद नंबर आने पर कोटेदार के पुत्र द्वारा उसका राशनकार्ड निकालकर नम्बर अलग कर दूसरे को राशनकार्ड लेकर उसका मशीन में अंगूठा लगवाने लगा। बताया कि इसका विरोध किया कोटेदार पुत्र आगबबूला हो गया, जिस पर वह उसका मोबाइल से वीडियो कैप्चर करने लगा। उपभोक्ता ने आरोप है कि कोटेदार पुत्र द्वारा मोबाइल छीनकर फेंक दिया, जिससे उसका मोबाइल टूट गया और अभद्र व्यवहार करने लगा। पीड़ित ने जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# केन-बेतवा जोड़ने को 50 हजार करोड़ दिलवाए

## भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निवर्तमान सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कार्यक्रम में किया दावा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



सम्मेलन में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता व अन्य। अमृत विचार



सम्मेलन को संबोधित करते सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही पार्टी संगठन और घोषित प्रत्याशियों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को भाजपा से तीसरी बार प्रत्याशी घोषित हुए निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल का कस्बे के एक स्थानीय गेस्ट हाउस में स्वागत किया गया। स्वागत कार्यकर्ता मिलन सम्मेलन में हुआ।

निवर्तमान सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की कृपा से बुंदेलखंड क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण योजना केन- बेतवा नदी गठजोड़ के लिए, उनकी मांग पर 50 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए। उनका लक्ष्य है कि बुंदेलखंड के उन किसानों के खेतों में भी सींच का पानी पहुंचे जो ऊंचाई पर है और नहरों से वहां पानी नहीं जा सकता। वह पाइपलाइन के माध्यम से वहां सिंचाई का लक्ष्य बनाए हुए हैं। कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है कि जिस कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में यहां के हजारों लोगों के दुर्घटनाओं में जान गवां चुके हैं और इस मार्ग में जाम से लोग ऊब चुके हैं। इस मामले को उन्होंने लोकसभा में उठाया, प्रधानमंत्री और परिवहन मंत्री के सामने कई-कई बार उन्होंने अपनी बात रखी। किन्हीं कारणों से इस सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो सकी तो दूसरी सड़क इसी के ठीक बराबरी से कबरई- कानपुर फोरलेन स्वीकृत कर दी गई। कहा कि उन्होंने ने सिर्फ पार्टी के लोगों और अपने समर्थकों की मदद की। बल्कि जरूरत पड़ने पर खासकर बीमारी और मानवी आपदा में हर व्यक्ति जो उन तक पहुंचा तथा उन्होंने दिखाया कि विरोधियों तक के जमकर मानवीय मदद की। वह तुष्टिकरण की राजनीति नहीं कर रहे हैं और न चुनाव को देखते हुए कह रहे हैं। बल्कि यह सत्यता है कि इस क्षेत्र में हिंदुओं से अधिक मुस्लिम समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास हों या निःशुल्क सिलेंडर या अन्य कोई योजना। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह हर एक के दरवाजे तक नहीं पहुंच सके। हर एक गांव नहीं पहुंच सके, हर एक गाली नहीं जा सके। आगे वह वोट मांगने का साहस नहीं जुटा पा रहे। अब आशीर्वाद के रूप में 5 लाख से अधिक से मतों से जिताकर जनपद का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है। यह मुझ जैसे व्यक्ति को जो भाजपा के लिए नया कार्यकर्ता था और 28 दिन में विधायक बनाया। सम्मेलन में विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर व जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने भी अपने विचार रखकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। अन्य पार्टी नेताओं ने भी विचार व्यक्त किए। विधानसभा प्रभारी जगदीश प्रसाद व्यास ने आभार व्यक्त किया।

## कर्मचारी के छह वर्ष के बेटे की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** सिंचाई विभाग में कार्यरत कर्मचारी ने छह साल के बेटे की मौत के मामले में पत्नी, सास, ससुर, सालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

सिंचाई विभाग के डाक बंगले में कार्यरत चौकीदार याकूब खान ने मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी आरजू बानो पिछले 6-7 माह से अपने मायके गुसियारी थाना मौदहा में रह रही है। कई बार वह बच्चों से मिलने व पत्नी को लेने ससुराल गया। परंतु ससुरालीजनों ने पत्नी, बच्चों को साथ नहीं भेजा और बच्चों को मारकर दूसरी जगह शादी कर देने की धमकी देकर भगा दिया। आरोप लगाया कि गत 14 मार्च को प्रधान की शह पर पत्नी आरजू बानो, ससुर मुजम्मिल, सास इशरत जहां, साले साहिल व बउवा आदि ने मिलकर उसके छह साल के बेटे राज को मार डाला। सूचना पाकर वह ससुराल पहुंचा और पुत्र को मृत पाकर पोस्टमार्टम कराया।

## सार-संक्षेप



रेलवे स्टेशन की सूखी पड़ी नल की टोटी। अमृत विचार

### स्टेशन पर पेयजल संकट, पानी खरीदना मजबूरी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** गर्मी का आगाज शुरू होते ही कस्बे के रेलवे स्टेशन पर पेयजल संकट गहराने लगा है। प्लेटफार्म पर लगे हैंडपंप एवं वाटर कूलर खराब हैं। ऐसे में यात्रियों को पानी खरीदकर गला तर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। कस्बे के रेलवे स्टेशन में यात्रियों को पानी पीने के लिए हैंडपंप, वाटर कूलर, पेयजल टंकी का सहारा है। प्लेटफार्म पर लगे हैंडपंप, वाटर कूलर खराब है। पानी की टंकियों से टोटियां नदारद हैं, और सप्लाई ठप है। इससे यात्री पानी के लिए परेशान होते हैं। दैनिक यात्री रामू शुक्ला, बबलू वर्मा, राजकुमार, महेश गुप्ता, रामकरण, रामबाबू, कृपाशंकर, कल्पना देवी, उमा देवी, रानी आदि ने बताया कि मौजूदा समय में प्लेटफार्म में पानी का घोर संकट है। हैंडपंप, वाटर कूलर, पानी की टंकियों से पानी नदारद हैं। मजबूर होकर बाहर से पानी खरीद कर गला तर करना पड़ता है। स्टेशन मास्टर अमानुद्दीन ने बताया कि यात्रियों की समस्या को देखते हुए स्टेशन प्रांगण में टैंकर की व्यवस्था कराई गई है। वाटर कूलर को जल्द शुरू कराया जाएगा।



छात्रा को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि डॉ. वंदना शर्मा। अमृत विचार

### मतदान के लिए किया जागरूक

**हमीरपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो के द्वारा सप्त दिवसीय शिविर के चौथे दिन मतदाता जागरुकता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.शीराज खान के दिशा –निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा की पूर्व निदेशक डॉ.वंदना शर्मा उपस्थित रहीं। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही मतदाता जागरुकता विषय पर बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ.वंदना शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सभी प्राध्यापक अपनी जिम्मेदारी को समझें और सदैव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने मतदान पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी लोग बढ़–चढ़कर भाग लें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आलोक कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मतदान के सभी पहलुओं से स्वयंसेवकों से अवगत कराया। रूबी एवं उनकी टीम ने मतदाता जागरुकता पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। छात्र उज्ज्वल ने भी इसी विषय पर अपने विचार रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में अभय, खुशी, पारुल, महक, रूबी आदि ने सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.शिल्पी राय ने किया।

### सड़क हादसे में सभासद सहित दो घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के सबसे भीड़भाड़ वाले मलीकुआं चौराहे पर हुए बाइक सवार सभासद व उसके साथी को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कस्बा निवासी सभासद उमर फारूक उर्फ बाबू राना अपने एक साथी के साथ बाइक से जा रहा था। तभी कस्बे के सबसे भीड़भाड़ वाले मलीकुआं चौराहे पर बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर दोनों का इलाज किया जा रहा है।

### बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र में भरथना बकेवर मार्ग पर गांव लुधियानी माइनर के पास बाइकों की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना क्षेत्र में गांव करपिया में रहने वाले जयवीर सिंह बाइक पर सवार होकर गांव कुड़रिया जा रहे थे। भरथना की ओर से आ रहे बाइक सवार गांव हर्राजपुर के अंकित कुमार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो ने एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल भिजवाया। सीएचसी महेवा पर डाक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### आलू लदी ट्रैक्टर- ट्रॉली पलटी, हादसा टला

**जसवंतनगर, इटावा।** आलू से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली का टायर फटने से छिमारा रोड पर पलट गई। संयोगवश आसपास किसी के न होने से भयावह हादसा टल गया। थाना क्षेत्र के परसौआ गांव का शुभम छिमारा रोड स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में आलू के पैकेट ट्रैक्टर ट्राली से लेकर आ रहा था प्रतापपुरा गांव पर पहुंचते ही ट्रॉली के पहिए का एक टायर अचानक फट गया। आलू से लदी ट्रॉली पलट गई। रोड पर आने जाने वाली सवारियां दूर थीं इस कारण हादसा टल गया।

### क्रेडिट कार्ड से 49 हजार की ठगी

**कानपुर।** बाबूपुरवा बगाही निवासी राकेश कुमार के क्रेडिट कार्ड से 49 हजार रुपये निकल गये। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने क्रेडिट का कार्ड का उपयोग नहीं किया फिर भी तीन माह पहले उनके खाते से रुपये निकल गये। बैंक से फोन आने पर जानकारी हुई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत, शिनाख्त नहीं

**मौदहा (हमीरपुर)।** मंगलवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के निकट से निकलने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एक व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार होकर बेसुध पड़ा हुआ था। जिसे राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की ओर से कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई है। हालांकि कोतवाली प्रभारी ने ऐसी जानकारी से इन्कार किया है और जानकारी करने की बात कही है। वहीं शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### लापता पुत्री को बरामद करने की लगाई गुहार

**सुमेरपुर।** कैथी निवासी कल्लू ने डीआईजी चित्रकूट धाम को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को बांदा जनपद के चिल्ला थाना क्षेत्र के छिरहुंटा गांव निवासी सुनील कुमार बहला फुसलाकर 22 फरवरी को लिवा ले गया था। जिसका मुकदमा थाने में दर्ज है। लेकिन पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है। पीड़ित ने बताया कि गत 11 मार्च को उसकी पुत्री ने फोन करके बचाने की गुहार लगाई थी। पुत्री ने अपनी जान का खतरा बताते हुए मदद मांगी है।

### ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने कंकाल किया बरामद

**महोबा।** खरेला थाना क्षेत्र के खेतों में एक कंकाल मिलने पर किसानों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दो माह पहले कस्बा खरेला के मोहल्ला हाले निवासी एक वृद्ध लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा था। लापता वृद्ध की सूचना उसकी परिजनों ने पुलिस को भी दी थी अब पुलिस लापता वृद्ध के परिजनों को बुलाकर शिनाख्त करने में जुट गई है, इसके बाद ही कंकाल की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उधर पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 17 राज्यों के 200 से ज्यादा खिलाड़ी स्क्वैश टूर्नामेंट में दिखाएंगे प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पत्रकारों से बात करते हब के डायरेक्टर पीके श्रीवास्तव व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में पहली बार 17 राज्यों के 200 से अधिक पुरुष व महिला खिलाड़ी द स्पोर्टस हब टीएसएच में स्क्वैश टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अखिल भारतीय स्क्वैश प्रतियोगिता का आयोजन टीएसएच में 21 से 24 मार्च तक होगा।

द स्पोर्टस हब के डायरेक्टर पीके श्रीवास्तव व स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के सचिव विनय पांडेय ने प्रेसवार्ता में बताया कि शहर में पहली बार स्क्वैश टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिता में 11 कैटेगरी खेलों में महिला व पुरुष और अंडर-15 गर्ल्स, अंडर-15 ब्वायज, अंडर-11 ब्वायज, अंडर-13 ब्वायज, अंडर-17 ब्वायज, अंडर-19 ब्वायज, पुरुष ओवर 35 व 45 और 65 की प्रतियोगिता होगी। टूर्नामेंट नाकआउट आधारित होगा। पुरुष कैटेगरी में एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले रवि दीक्षित का भी खेल देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ी नेशनल स्क्वैश टूर्नामेंट में खेल चुके हैं। आंशू और अंजली चंडीगढ़ से आ रहीं हैं। प्रयागराज के मोहम्मद साबिर व कादिर को नेशनल फेडरेशन ने टूर्नामेंट ऑब्जर्बर नियुक्त किया है। मास्टर्स कैटेगरी में कैश प्राइज दिए जाएंगे। स्पोर्टस हब के निदेशक प्रणीत अग्रवाल ने कहा कि यहां खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलने के बाद उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। टीएसएच के डायरेक्टर आपरेशंस पीके श्रीवास्तव ने बताया कि स्क्वैश रैकेट एसोसियेशन से मान्यता प्राप्त फर्स्ट ऑल इंडिया द स्पोर्ट्स हब स्क्वैश टूर्नामेंट का उद्घाटन 21 मार्च को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार करेंगे, सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह मुख्य अतिथि और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन विशिष्ट अतिथि होंगे।

# कंटेनर को रंगकर लिखा डाक पार्सल, करते पशु की तस्करी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



चकेरी पुलिस ने पकड़े मवेशी तस्कर।

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी करके डाक पार्सल कंटेनर रोका तो शातिरों ने गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने रोकने के बाद दो मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया। डाक पार्सल लिखे कंटेनर में 54 मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। पुलिस को चकमा देने के लिए सामान्य कंटेनर को रंगकर डाक पार्सल बनाया गया था। पशु तस्करी का कार्य एक संगठित अपराधी गिरोह तथा कथित पत्रकारों की मिलीभगत से किया जा रहा था।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चकेरी पुलिस ने अहिरवां में कंटेनर को रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी करके कंटेनर रोक लिया और उसमें मौजूद दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों ने अपनी पहचान जिला मुरादाबाद के थाना मनाठेर निवासी भीगनपुर निवासी मुस्तफा हुसैन और बिहार थाना शामली निवासी तौफीक बताई। मवेशियों को स्लाटर हाउस में काटने के लिए भेजा जा रहा था। सामान्य कंटेनर को डाक पार्सल लिखकर पोत दिया था। डीसीपी ने बताया कि कंटेनर खोला गया तो 54 मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरे गए थे। सींघ और पैर रस्सी से बंधे हुए थे। कंटेनर ऊपर से काटकर जाली लगाई गई थी जिससे मवेशी सांस ले सकें। आरोपियों को हत्या के प्रयास, पशु क्रूरता अधिनयम समेत अन्य गंभीर धाराओं में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

# हार्निया ऑपरेशन की नई तकनीक सबसे पहले हैलट में

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रदेश में पहली बार फासिओटेंस एब्डोमेन डिवाइस से हैलट में होंगे हार्निया के ऑपरेशन

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में अब फासिओटेंस एब्डोमेन डिवाइस तकनीक से हार्निया के ऑपरेशन किए जाएंगे। इन तकनीक का लाभ उन मरीजों को सबसे अधिक मिलेगा, जिनके हार्निया काफी बड़े हो जाते हैं। डिवाइस की मदद से हार्निया का ऑपरेशन करना आसान होगा।

उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में अभी तक फासिओटेंस एब्डोमेन डिवाइस की सुविधा नहीं है। मेडिकल कॉलेज में बड़े हार्निया की ओपन सर्जरी या लेप्रोस्कोप विधि से सर्जरी की जाती है। नई तकनीक की मदद से एब्डोमेन के सिकुड़े वॉल को चिपकाना काफी आसान होता है। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.जीडी यादव ने बताया कि बड़े हार्निया का ऑपरेशन कर उनकी वॉल को आपस में चिपकाना काफी कठिन होता है। क्योंकि कुछ हिस्सा सिकुड़कर पीछे की ओर चला जाता है। ऐसे में यह डिवाइस काफी सहायक होगी।

### किसी को भी हो सकती यह बीमारी

विभागाध्यक्ष डॉ.जीडी यादव ने बताया कि हर्निया एक ऐसी बीमारी है, जो बच्चों से लेकर वृद्ध किसी को भी हो सकती है। ज्यादा वजन के मोटे व वयस्क लोगों में यह बीमारी ज्यादा पाई जाती है। इसका इलाज ऑपरेशन से ही संभव है। कुछ वर्ष पहले तक पेट में लंबा चीरा लगाकर हर्निया का ऑपरेशन किया जाता था। अब लेप्रोस्कोपिक से छोटा सा चीरा लगाकर ऑपरेशन किया जाता है।

### इस वजह से होती दिक्कत

हार्निया की समस्या तब होती है, जब पेट के अंदर से कोई अंग या मांसपेशी या ऊतक किसी छेद के जरिए बाहर आने लगता है। उदाहरण के लिए बहुत बार आंत, पेट की कमजोर दीवार में छेद करके बाहर आ जाती है। पेट में हार्निया होना आम बात है, लेकिन यह जांघ के ऊपरी हिस्से, पेट के बीच और ग्रोइन क्षेत्रों (पेट और जांघ के बीच के भाग) में भी हो सकता है। मांसपेशियों की कमजोरी हार्निया की मुख्य वजह है।

### मर्ज का कारण

चोट लगना, गर्भावस्था, मोटापा, उम्र बढ़ना, ज्यादा वजन उठाना, लंबे समय तक खांसी आना, पेट में तरल पदार्थ जमा हो जाना, ज्यादा वजन उठाकर व्यायाम करना, पालीसिस्टिक ओवरी डिजीज, जन्म के दौरान शिशु का वजन कम होना, धूम्रपान, सर्जरी के दौरान जटिलता, कब्ज व लगातार छींक आना या आनुवंशिक कारणों से यह बीमारी होती है।

### हार्निया के लक्षण

पुरुषों में दर्द सहित या दर्द रहित हार्निया प्रभावित हिस्से का उभरना, मल–मूत्र त्याग में समस्या, कमर व शरीर के अन्य भाग में सूजन, भारीपन महसूस होना, ज्यादा समय तक खड़े रहने में परेशानी, प्रभावित हिस्से में दर्द महसूस होना, जी मिचलाना, बार–बार उल्टी होना, पेट साफ न होना, मल के साथ खून आना, सीने में दर्द रहना आदि इसके लक्षण हैं।

सड़क पर शिक्षक | चारों केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य का किया गया बहिष्कार

# शिक्षक की हत्या से आक्रोशित शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा



शिक्षक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते आक्रोशित शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुजफ्फरनगर में वाराणसी के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की पुलिस की गोली से हत्या के विरोध में शिक्षकों ने हंगामी प्रदर्शन करते हुए हाईस्कूल इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य रोक दिया। जिले के चार विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जीआईसी पर मूल्यांकन कार्य रुकवा दिया। इसके बाद यह शिक्षक एक एक करके चारों केन्द्रों पर पहुंचे और मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया गया। मंगलवार को शहर की सड़कों पर शिक्षकों का हुजूम दिखाई दिया।

उत्तर प्रदेश राजकीय शिक्षक संघ के आवाहन पर सभी शिक्षक संगठनों ने संयुक्त रूप से मूल्यांकन कार्य बहिष्कार करके विरोध प्रदर्शन किया। एक शिक्षक की हत्या की घटना से आक्रोशित शिक्षकों ने राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार पाल व जिला मंत्री अंबुज दुबे के अनुरोध पर सर्वप्रथम राजकीय इंटर कॉलेज में एकत्रित होकर कोठार बंद करने का निर्णय लिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट, उत्तर प्रदेश वित्तीय शिक्षक महासभा, अटेवा एवं समाजवादी शिक्षक सभा से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक एकत्रित होकर सड़कों पर उतरे। शिक्षकों ने एकत्रित होकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज इटावा तथा सनातन धर्म इंटर कॉलेज में पहुंचकर शिक्षक साथियों के साथ एक दिवसीय मूल्यांकन कार्य बहिष्कार में सहयोग मांगा। इस पर चारों ही मूल्यांकन केदो के सभी शिक्षकों ने मूल्यांकन केंन्द्रो के गेट पर एकत्रित होकर शिक्षक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। कवि कमलेश शर्मा, रणविजय सिंह यादव, विकास यादव, सुखराम, पंकज कुमार सिंह चौहान,अरुण कुमार दुबे, मनोज कुमार त्रिपाठी, डा. राजीव राज, उदयवीर सिंह यादव, राजेश यादव, मनोज कुमार यादव, चेतन जैन, राजीव गोयल, विपिन कुमार, प्रशांत कुमार , प्रीति यादव , सुशील मोहन, राघवेंद्र लिंकन, सर्वेश यादव, डॉ सर्वेश चतुर्वेदी, डॉ अजय शर्मा मौजूद रहे।

### ये हैं प्रमुख मांग

**इटावा।** शिक्षक नेताओं ने बताया कि मुजफ्फरनगर की घटना से शिक्षक समुदाय व्यथित व आक्रोशित है। शिक्षक समाज मांग करता है कि मृत शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार के परिवार को पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मृतक आश्रित को क्लास टू की सरकारी नौकरी एवं परिवारिक पेंशन तत्काल दी जाए। मृत शिक्षक के बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाये। हत्यारोपी आरक्षी को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराकर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

### शिक्षकों की हो सुरक्षा

**महेवा, इटावा।** मुजफ्फरनगर में यूपी बोर्ड की कॉपियां लेकर आए शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की हत्या से महेवा ब्लॉक के अध्यापकों में आक्रोश व्याप्त है। इस पूरे मामले पर माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट इटावा के जिला प्रवक्ता शिव शंकर यादव ने शिक्षक धर्मेंद्र कुमार के परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने व परिवार के एक सदस्य को योग्यतानुसार नौकरी और सारी सरकारी सुविधाएं देने की मांग की है। शिक्षकों कि सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है ।

# आज से होंगी परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं

**इटावा।** बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में आधी अधूरी व्यवस्थाओं के बीच 20 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं कराई जाएंगी। होली की छुट्टी को निकाल कर 27 मार्च तक परीक्षाओं को पूरा करा लिया जाएगा। कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की यह परीक्षाएं दो पालियों में कराई जाएगी। लेकिन स्थिति यह है कि पिछले 1 महीने से इन विद्यालयों में कक्षाएं नहीं लगी है और यह बात समझी जा सकती है कि जब कक्षाएं नहीं लगेगी तो उस स्थिति में पढ़ाई भी नहीं हुई होगी।

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षाओं में लगाई गई थी। बोर्ड परीक्षा कराने में जुटे शिक्षक अपने विद्यालय में पढाऩे के लिए कैसे जाते। इसके साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी लगातार जारी है। शिक्षक बीआरसी व डॉयट में जाकर प्रशिक्षण ले रहे हैं इसका भी असर पढ़ाई पर पड़ा है। सर्दियों में अवकाश रहा और एक महीने बोर्ड परीक्षा व प्रशिक्षण के कारण कक्षाएं नहीं लग सकी। अब इसी अव्यवस्था के बीच में वार्षिक परीक्षाएं कराई जाने की तैयारी चल रही है। इस साल किताबें भी देरी से आईथी। हालांकि परीक्षाओं को चार दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। पहले यह परीक्षाएं 16 मार्च से कराई जानी थी लेकिन अब यह परीक्षाएं 20 मार्च से शुरु हो रही हैं।

# किशोरी के अपहरण का आरोप लगाया

**कानपुर।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र निवासी युवक ने 14 वर्षीय भतीजी के अपहरण के आरोप में विजय नगर निवासी करन नागर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक आरोपी भतीजी को साथ ले गया था। काफी ढूंढ़ने के बाद भतीजी डरी सहमी मिली। पीड़ित ने उसके साथ कुछ गलत होने की आशंका जताई है।

# चरस तस्कर को 10 साल कैद, एक लाख रुपये जुर्माना

**कानपुर।** बिहार निवासी चरस तस्कर को मंगलवार को एडीजे 12 की कोर्ट ने 10 साल कैद व एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई। वर्ष 2020 में एसओजी व बेकनगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को पेंचबाग रोड से गिरफ्तार किया था।

एडीजे 12 की कोर्ट ने सुनाया फैसला

तत्कालीन यतीमखाना चौकी इंचार्ज नईम खान ने 24 फरवरी 2020 को बेकनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नईम खान ने बताया कि 24 फरवरी रात करीब आठ बजे एसओजी के दरोगा मो. आसिफ के साथ मिलकर संदिग्ध युवक को पेंचबाग वाली रोड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम बिहार, गोपाल गंज के मतियान नंदलाल निवासी मैनुद्दीन आलम बताया। तलाशी में आरोपी के पास से नौ पैकेट में चार किलो 700 ग्राम चरस बरामद हुई। एडीजे 12 परमेश्वर प्रसाद की कोर्ट में विचाराधीन था।

# सुरेश चंद्र अहिरवार बने बसपा के उम्मीदवार

## जालौन- गरौठा लोकसभा सीट से भाजपा, सपा के प्रत्याशी पहले ही घोषित हो चुके हैं, मुकाबला रोमांचक होने के आसार

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** भोगनीपुर, जालौन, गरौठा का लोकसभा चुनाव अब रोचक हो गया है। बसपा द्वारा मंगलवार को प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम को उम्मीदवार बनाकर मुकाबले को अब मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। मालूम रहे की जालौन-गरौठा लोकसभा सीट में जालौन जनपद की माधोगढ़, उरई तथा कालपी, समेत तीन विधानसभा और कानपुर देहात की एक भोगनीपुर विधानसभा और झांसी जनपद की गरौठा विधानसभा शामिल है।


भानु प्रताप वर्मा।

दरअसल भोगनीपुर जालौन गरौठा लोकसभा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट है। इसमें भाजपा के टिकट से 8वीं बार भाजपा प्रत्यासी के रूप में भानूप्रताप वर्मा चुनाव मैदान में हैं। भानूप्रताप वर्मा भाजपा के टिकट से लगातार सातबार चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें पांचबार जीत हासिल कर देश की संसद पहुंच चुके हैं। 2019 के चुनाव में जीत हासिल कर दिल्ली पहुंचे भानुप्रताप वर्मा को तोहफे के तौर में मोदी सरकार ने केंद्रीय राज्य मंत्री बनाकर नवाजा था। इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बहुजन समाजवादी पार्टी छोड़ कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए कद्दावर नेता नारायणदास अहिरवार को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने नारायणदास अहिरवार को प्रत्यासी बना कर दलित, मुस्लिम और यादव जाति के मतदाताओं के गठजोड़ से लोकसभा सीट के चुनाव की जीत का मंसूबा बनाया है। बहुजन समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को सुरेशचंद्र अहिरवार को अपना प्रत्यासी घोषित किया है।

### 19.95 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

लोकसभा क्षेत्र 45 के मतदाता लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई 2024 को मतदान करेंगे। पांच विधानसभा क्षेत्रों को जोड़कर बनी लोकसभा सीट पर 19,95,156 मतदाता हैं। इसके अलावा इस लोकसभा के थर्डजेंडर के मतदाता भी अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट देंगे।


बसपा के सम्मेलन में मौजूद अतिथि व प्रत्याशी। अमृत विचार

### बसपा ने सम्मेलन में बनाई रणनीति

उरई। बहुजन समाज पार्टी ने जालौन-गरौठा, भोगनीपुर लोकसभा सीट से सुरेशचंद्र गौतम को मैदान में उतारा है। इसकी घोषणा मंगलवार को उरई में हुए बसपा के जिला स्तरीय सम्मेलन में की गई। सम्मेलन के मुख्य अतिथि बसपा बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार थे। जबकि विशिष्ट अतिथि हेमंत प्रताप सिंह झांसी-चित्रकूट व आगरा मंडल प्रभारी, बृजेश जाटव पूर्व मंडल प्रभारी, कैलाश पाल मंडल प्रभारी, बीडी फूले मंडल प्रभारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी ने की। सम्मेलन के दौरान बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार ने जालौन-गरौठा, भोगनीपुर लोकसभा सीट से सुरेशचंद्र गौतम को प्रत्याशी बनाने घोषणा की। इस मौके पर सुदामा चौहान, राघवेंद्र पांडेय, प्रियंका गौतम, अल्ताफ खान जिला उपाध्यक्ष, मनोज याज्ञिक, अतरसिंह पाल, कैलाश राजपूत जिला पंचायत सदस्य, जगदीश प्रजापति, विमल प्रजापति, जितेन्द्र दोहरे रहे।


लोकसभा क्षेत्र का दौरा करते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी। अमृत विचार

- बसपा के बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार ने की प्रत्याशी की घोषणा
- अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है जालौन- गरौठा लोकसभा सीट

### अहिरवार ने किया क्षेत्र में जनसम्पर्क

उरई। इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी नारायणदास अहिरवार मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र का दौरा किया। क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ समाजवादी पार्टी, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर भव्य स्वागत किया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष रेहान सिद्दीकी और अरविंद सेंगर, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक दुबे, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर, मुईन मिर्जा, संतोष ठाकुर, मजहर खान, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 350 लीटर शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता कालपी

- पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाया अभियान


सुनील।


किशना।

**अमृत विचार।** पुलिस ने अबैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया है। इसके तहत एक महिला सहित तीन लोगों को 350 ली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आचार संहिता लागू होने के साथ पुलिस विभाग हरकत में आ गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के अपराधो एवं काले कारोबार पर अंकुश लगाये जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसीक्रम में सोमवार देरशाम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद की अगुआई में चले अभियान के दौरान पुलिस ने नगर के तरीबुल्दा से किशना पुत्र जागेश्वर निषाद को पकड़ा, जिसके कब्जे से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम खैरई से सुनील पुत्र गंगा प्रसाद को भी 50 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। रात में ही पुलिस ने मौजा लंगरपुर स्थित कबूतरा डेरा पर छापेमारी कर पूजा पत्नी ललित कबूतरा को पकड़ा जहा पर लगभग 200 लीटर अबैध शराब मिली है। इस दौरान पुलिस ने लगभग 250 लीटर लहन भी नष्ट किया है। सभी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।


कच्ची शराब देखते पुलिस के जवान।

# निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु मंगलवार को विकासखंड डकोर के राजकीय मुमताज इंटर कॉलेज, महन्त भगवत विशाल इंटर कॉलेज, पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय चतेला बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथों पर जरूरी सुविधाएं जैसे बिजली, पेयजल, शौचालय, रैंप आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा गाइडलाइंस के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जनपद के मतदाता निर्वाचन जैसे महापर्व में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण कार्य है, संबंधित अधिकारी व कर्मचारी अपनी निर्वाचन ड्यूटी के प्रति सजक व सतर्क रहते हुए अपने दायित्वों का भली भांति निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बूथों पर स्वयं निरीक्षण करें, जो भी कमी पाई जाएं उसे पूर्णकर लिया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कालपी हेमन्त पटेल, क्षेत्राधिकार डॉ देवेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष अधिकारी मौजूद रहे।


बूथों का निरीक्षण करते जिला निवार्चन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

- बूथों पर बिजली, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# मुरली मनोहर गांव में चला जागरुकता अभियान

**जालौन।** राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर के छठवें दिन छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। इसमें मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठवें दिन छात्र-छात्राओं ने मोहल्ला मुरली मनोहर में रैली निकाली जिसमें अपने हाथों में तख्तियां लें रखी थीं जिसमें लिखा था कि,चांद पर चंद्रयान धरती पर मतदान ,,युवा हो तुम देश की शान उठो सबेरो करो मतदान,, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है।

जैसे नारे लगाए तथा मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। रैली में लोगों को वोट के महत्व की जानकारी दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवनीश दीक्षित, सुधा सिंह, सचिन अवस्थी, नम्रता श्रीवास्तव ,अवधेश, नीरज नायक, राजकुमार, आदर्श श्रीवास्तव ,समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


पैदल मार्च करते क्षेत्राधिकारी व कोतवाल। अमृत विचार

# पैदल मार्च कर चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे जांचे

संवाददाता माधौगण जालौन

**अमृत विचार।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इराज राजा के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकार शैलेंद्र कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन में नव नियुक्ति कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के नेतृत्व में क्षेत्राधिकार शैलेंद्र कुमार बाजपेई के साथ माधौगढ़ कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक, कस्बा इंचार्ज शैलेद्र सिंह, एसआई लवलेश कुमार, एसआई अजब सिंह एवं पुलिस बल ने पैदल मार्च किया। मार्च के दौरान कोतवाल नागेंद्र पाठक ने बारीकी से निरीक्षण किया गया कि बैनर पोस्टर कहीं लगे तो नहीं है। पैदल मार्च के दौरान जनमानस को बताया कि सभी लोग त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं तथा किसी भी तरह की कोई अशांति व गलत अफवाह नहीं फैलाएं। ऐसा करने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पैदल मार्च के दौरान कस्बा का भी भ्रमण किया और मुख्य रूप से बाजार के अंदर मुख्य चौराहों व दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए और जहां पर सीसीटीवी कैमरे नहीं है उस जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए कहा गया। जिससे कि आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहार पर अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

## सार-संक्षेप

### आचार्य नरेंद्र देव इंटर कालेज में नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**उरई।** आचार्य नरेंद्र देव इंटर कालेज पटेल नगर उरई में निशुल्क प्रवेश प्रकिृया शुरू हो गई है। प्रवेश फार्म की तिथि 20 मार्च तक है। प्रवेश परीक्षा 25 अप्रैल 2024 को होगी। विद्यालय में नामांकन निशुल्क होगा। आचार्य नरेंद्र देव इंटर कालेज उरई के प्रधानचार्य डॉ पुनीत कुमार भारती ने बताया कि विद्यालय में लगभग 1300 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसमें 600 बालक एवं 700 बालिकाएं हैं। कालेज के प्रबंधक सुदामा दीक्षित ने बताया कि हमारा प्रयास है कि बालक-बालिकाओं को नवीन शैक्षित सत्र 2024-25 में अच्छी शिक्षा मिले।

### स्कूटी जलाने का लगाया आरोप


**कालपी।** जालौन-कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरई में घर के बाहर खडी स्कूटी संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई। सूत्रों के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरई निवासी शिवधार की पत्नी गंगाजली के पास स्कूटी है और सोमवार उसने उसे घर के बाहर सुरक्षित खड़ा किया था लेकिन मंगलवार सुबह बाहर निकली तो स्कूटी जलकर खाक हो चुकी थी। महिला के पति के अनुसार स्कूटी अपने आप से नहीं जली है बल्कि किसी ने रात के दौरान आग लगाई है।

### कोटेदारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जालौन।** पॉस मशीन में नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे राशन के कोटेदारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में सुधार की मांग की है। कोटेदार रामभरोसे, दीपक, इरशाद, असलम अंसारी, कृपाराम समेत एक दर्जन कोटेदार उप जिला अधिकारी अतुल कुमार से मिले तथा समस्या का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राशन के लिए रोजाना बड़ी संख्या में लोग आते हैं लेकिन राशन नहीं मिलने पर झगड़ा करते हैं। उपजिला अधिकारी का कहना है कि अभी यह नई प्रणाली लागू की गई है, जिसमें प्राथमिक प्रशिक्षण की कमी है और दूसरी नेट की भी कमी है, जिसकी शिकायत की गई है शीघ्र निदान किया जाएगा।

# प्रदेश निरीक्षक को दी गई विदाई

**कालपी जालौन।** विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक आत्मानंद का विदाई समारोह सरस्वती विद्या मंदिर सदर बाजार इंटर कॉलेज कालपी के प्रबंधक हरीभूषण सिंह चौहान के आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए शैक्षणिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के अध्यक्ष रमेश तिवारी, कोषाध्यक्ष लल्लू राम गुप्ता, कमेटी के सदस्य अशोक पवार, अमर सिंह चंदेल, शिवेंद्र भूषण सिंह, राज उदय सिंह चंदेल, प्रबंधक के पिता हरदेव सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।


विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक को माला पहनाकर विदाई देते शिक्षाविद्।

# ख्वाजा के बताए हुए रास्ते पर चलने की दी नसीहत

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** कालपी के भट्टीपुरा में स्थित उस्मानिया मस्जिद में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की छठी का कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कालपी के मोहम्मदिया के सज्जादा नशीन सैय्यद ग्याशुद्दीन मियां ने की। इस मौके पर माह रमजान की महत्ता, रोजे, नमाज, जकात, तरावीह के बारे में जानकारियां देकर ख्वाजा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने का नसीहत दी। कालपी के भट्टीपुरा में स्थित उस्मानिया मस्जिद में तरावीह के समापन के अवसर पर आयोजित जलसे की अध्यक्षता करते हुए सैयद ग्याशुद्दीन मियां ने पैगाम देते हुए कहा कि रमजान मुबारक माह में अल्लाह अपने वंदो पर बहुत मेहरबान रहता है एक नेकी के बदले 70 गुना ज्यादा शवाव हासिल होता है। मुख्य अतिथि मौलाना हसनैन वकाई सफीपुर ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की हम लोग छठी का धूमधाम से आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब ने हमेशा गरीबों, जरूरतमंदों बेसहारा लोगों तथा समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किए हैं। कार्यक्रम में हाफिज सैयद अफजल मियां कादरी, मौलाना रिजवान शरीफी, मौलाना हसीन अलीमी, वली अहमद खानकाह शरीफ ने संबोधन दिया। कार्यक्रम में हाफिज कादिर, मौलाना हम्माद, मुफ्ती मुजम्मल, कारी एहसान बरकाती, गुलाम गौस, हाफिज शान निजामी आदि मौजूद थे।


भट्टीपुरा में स्थित उस्मानिया मस्जिद में तकरीर करते मौलाना। अमृत विचार

**गूंजी शहनाई** उरई में मां संकटा देवी मंदिर समिति के तत्वावधान में हुआ 22वां सामूहिक विवाह समारोह

# सात फेरे लेकर 51 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** मां संकटा देवी मंदिर समिति के तत्वावधान में मौनी मंदिर के समीप राठ रोड पर 22वें सामूहिक विवाह में 51 नवयुगल एक-दूजे का हाथ थामकर जीवन साथी बन गए। जोड़ों को समिति के पदाधिकारियों ने आर्शीवाद दिया। पिछले 21 वर्षों से लगातार मां संकटा देवी मंदिर समिति के तत्वावधान में सामूहिक विवाह हो रहे हैं। मंगलवार को हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष बसंत महेश्वरी ने की। कार्यक्रम का संचालन राजेश ने किया। प्रतिवर्ष गरीब कन्याओं की शादी समिति के पदाधिकारी अपनी बेटी की तरह धूमधाम और उत्साह से करते हैं। मंगलवार को विवाह समारोह में भी किसी तामझाम की कमी नहीं थी। वैवाहिक संस्कार वैदिक रीतिरिवाज से कराए गए। बाकायदा मंदिर परिषर से बारात निकाली गयी, सभी दूल्हे घोड़ों पर सवार थे। बैंडबाजों की धुनों के साथ घण्टाघर, शहीद भगत सिंह चौराहे होते हुए गोपाल गंज सब्जी मण्डी तिराहे पुनः मंदिर में प्रवेश कर गई। राठ रोड पर जयमाला पण्डाल बनाया गया। जहां विवाह समारोह आयोजित किया गया था। बसंत महेश्वरी ने बताया कि प्रतिवर्ष मातारानी की कृपा से और हमारी संस्था के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से यह विवाह यज्ञ सम्पन्न होता है। महामंत्री राकेश गुप्ता ने कहा कि गरीब कन्याओं एवं दूरदराज के लोगों को प्रतिवर्ष अपनी कन्याओं के लिए विवाह हेतु चिन्ता नहीं करनी पड़ती है। संस्था के उपाध्यक्ष संजय दुबे नारायणपुरा एवं राकेश पालीवाल पूरी निष्ठा एवं लगन से समस्त वैवाहित कार्यक्रम की देख रेख में लगे रहे। इसके अलावा कन्याओं के उपहार इत्यादि के लिए पैसों की कमी नहीं होने पाती है। अवधेश तिवारी, लालू के द्वारा कन्याओं का विवाह श्रृंगार की व्यवस्था की जाती है। मन्दिर के संरक्षक कमलेश, महेन्द्र गुप्ता, शिवराम दादी, सन्तोष खरैया, राजेश वर्धिया, संजय गुप्ता, अमित गुप्ता, मुनीम, मनोज दुबे, रिप्पू गुप्ता, दिलीप सोनी, आशीष श्रीवास्तव एवं मन्दिर समिति के सभी कार्यकर्ताओं का बड़ा सहयोग रहता है। संस्था के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने जनाती और बाराती दोनों पक्षों का जोरदार स्वागत किया। विवाह समारोह के बाद दोनों पक्षों के लोगों व अन्य मेहमानों के लिए नास्ते भण्डारे की व्यवस्था भी मण्डपम गेस्ट हाउस में की गई। वर पक्ष के लिए स्वयंवर गेस्ट हाउस में व्यवस्था थी। वहीं कन्या पक्ष के लिए हीरो एजेंसी में पण्डाल बनाये गये थे।


सामूहिक विवाहसमारोह में मौजूद जोड़े। अमृत विचार

### इनकी हुई शादी

साधना-वीरपाल, माही-अमन, जमुना-शीलू, रंजीता-अर्जुन, रतना-शिवकुमार, मुस्कान-रिंकू, आंकक्षा-राजेन्द्र, खुशबू-नरेन्द्र, सुमन-सुशील, राखी-गोमेश, नीलम-जितेन्द्र,महक-त्रिलोकी,नीलम-प्रदीप, आराधना-गोविंद सिंह, आशाकुमारी-अनुराग, कोमल-सागर, हिमानी संग हेमन्द्र, नीलम संग लखन, ऊषा संग राजकुमार, काजल संग रमेश, नेहा संग शिवा, राजकुमारी संग कपिल कुमार,ममता संग विमलकुमार सहित कुल 51 जोड़ो ने एक साथ जीने मरने की कसमें खाईं।

### यह समान दिया गया

सभी 51 जोड़ों को 46 प्रकार का समान दिया गया। इनमें अलमारी, पंखा, डिनर सेट, चार कुर्सी, रजाई, गद्दा, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा इत्यादि।

# खाद्य पदार्थ के नमूने लिए गए

**उरई (जालौन)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन द्वारा अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। टीम ने हरदोई गुर्जर उरई ग्रामीण से वीरेन्द्र पुत्र मानसिंह के परिसर से खाद्य पदार्थ पेड़ा का नमूना संग्रहित किया। वहीं से लल्लू पुत्र हरी के परिसर से खाद्य पदार्थ खोया मिठाई का नमूना संग्रहित किया गया। नरेश कुमार पुत्र स्व. रामकुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ खोया मिठाई का नमूना, हरदोई गुर्जर उरई ग्रामीण से अयंकराज पुत्र राघवेंद्र यादव के परिसर से खाद्य पदार्थ पेड़ा का नमूना संग्रहित किया गया। कोंच तहसील के कोंच बाजार में खाद्य विभाग टीम के साथ उपजिलाधिकारी कोंच बाजार पहुंचे तो टीम को देखकर व्यापारियों में हड़कंप मच गया। टीम में उप जिलाधिकारी कालपी, डॉ. जतिन कुमार सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य) आलोक कुमार आदि थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पहले मेरा नाम MAHESH था अब मैने बदलकर अपना नाम MAHESH KANAUJIYA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: CHANTU R/O: GADIYA KHEDA POST KADSADA PS MALIHABAD, LUCKNOW

**सूचना**
यह कि मेरे पुत्र अवनीश कुमार का चाल चलन सही न होने कारण उससे संबध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। **अनीता पत्नी स्व. राधेलाल निवासी भखरा, तहसील तिर्वा, जनपद कन्नौज**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र हैं। मेरा तीसरे नंबर का बेटा राम बहादुर सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। वह घर पर भी नहीं रहता है। मेरे कहने सुनने में नहीं है। पैतृक संपत्ति बेच डाला है। अपनी पत्नी व बच्चों से भी कोई वास्ता नहीं रखता है। यदि राम बहादुर सिंह के द्वारा कोई लेनदेन या अनैतिक कृत्य/आपराधिक कृत्य किया जाता है, तो मुझसे व मेरे अन्य बेटों से कोई लेना देना नहीं है। मैं उसे अपनी संपत्ति से बेदखल करती हूं। **-पारसपती पत्नी स्वर्गीय कालीचरन सिंह, निवासी- ग्राम-मलेथू बुजुर्ग मजरे जगदीशपुर, थाना इनायत नगर, तहसील-मिल्कीपुर,जिला- अयोध्या**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला एवं सुरेन्द्र प्रसाद शुक्ला पुत्रगण स्व0 श्री रामेश्वर प्रसाद शुक्ला, निवासी- 536/265क, मदेहगंज, सीतापुर रोड, लखनऊ, मकान सं0 एम.एस.- 102, सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ को श्री विजय कुमार पुत्र स्व0 श्री रामेश्वर सहाय एवं श्रीमती ऊषा पत्नी श्री विजय कुमार से दिनांक 19.01.2013 को बजरिये बैनामा क्रय किया था। उक्त मकान का मूल आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मुकेश रावत और पुत्रवधू प्रीति रावत को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति बेदखल कर दिया भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई लेनदेन नहीं होगा। **- जुगरा पत्नी भगवानदीन, निवासी- 307, उत्तरधोना, तिवारीगंज, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अश्वनी कुमार, पता-107, बलुआ घाट, प्रयागराज,** मेरी पुत्री का घर में पुकराने वाला नाम (Nitya Kasera) है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम (Anushree Kasera) है जो कि पुत्री के आधार कार्ड में भी अंकित है। अत: मेरी पुत्री को आज से (Nitya Kasera) के स्थान पर (Anushree Kasera) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **चांदनी त्रिपाठी पत्नी अभय कुमार त्रिपाठी, निवासी- ग्राम व पोस्ट- जगतापुर, थाना- हुजूरपुर जनपद बहराइच** का आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से 5 लाख रूपया कर्जा हो रहा है। अभय कुमार त्रिपाठी की गाटा संख्या 159 को गारंटी के तौर पर लिया जा रहा है। यदि किसी भी बैंक को आपत्ति हो तो 7 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकता है। **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बहराइच**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1917304 अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **- शंशाक शेखर अवस्थी पुत्र चन्द्र शेखर अवस्थी, निवासी- धन्नी पुरवा नेवादा, थाना- राम गांव, जिला- बहराइच**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अत: मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये। **- शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली, पता - 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच**

# पित्ताशय में पथरी का दर्द दवा से दबाना पड़ सकता भारी

## अधिक समय तक पित्त की थैली में पथरी रही तो हो सकता कैंसर, ऑपरेशन विकल्प

संवाददाता, फतेहपुर

- होम्योपैथी व आयुर्वेद के डॉक्टर भी देते हैं ऑपरेशन की सलाह

**अमृत विचार।** पित्त की थैली में पथरी को बिना ऑपरेशन के निकाला जाना संभव नहीं है। यह जानते हुए भी मरीज दर्द की दवा खाकर आपरेशन से बचते रहते हैं। ऑपरेशन में ऐसे लोगों की पित्त की थैली इस तरह पिचक जाती है मानों सूख गई हो। होम्योपैथी व आयुर्वेद के डॉक्टर भी पित्त की थैली वाली पथरी को दवा से निकलने का इंतजार करने की बजाय ऑपरेशन से निकालने की सलाह दे रहे हैं। अधिक समय तक पथरी बने रहने पर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बताया जा रहा है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन तकरीबन 40 मरीज सर्जरी की ओपीडी में आ रहे हैं। डॉ. नरेश विशाल के मुताबिक इसमें से करीब 15 मरीज पित्त की थैली वाले होते हैं। एक दिन में पथरी के औसतन दो ऑपरेशन ही हो रहे हैं। मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा होने के बावजूद आधे से अधिक मरीज ऑपरेशन कराने में बहुत देर कर दे रहे हैं। बताया कि जो मरीज पथरी का ऑपरेशन कराने अस्पताल आ रहे हैं उनमें से कई मरीज ऐसे भी होते हैं जो काफी समय से दर्द की दवा खाकर पथरी का दर्द बर्दाश्त कर रहे थे। ऐसे लोगों की पित्त की थैली पथरी सहित पूरी तरह से पिचक जाती है। इससे आसपास भी इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।


मंगलवार को पर्चा बनवाने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

> किडनी या शरीर के दूसरे अंग की पथरी का होम्योपैथी में इलाज उपलब्ध है, लेकिन पित्त की थैली वाली पथरी में इसका स्थायी इलाज ऑपरेशन ही होता है। अधिक समय तक पित्त की थैली में पथरी रहने पर कैंसर का भी खतरा पैदा हो जाता है।
> –डॉ. नरेश विशाल, सर्जन

### ऑपरेशन से पाचन तंत्र पर पड़ता है असर

ऑपरेशन में पित्त की थैली से पथरी ही नहीं निकाली जाती बल्कि पित्त की थैली ही निकाल दी जाती है। पित्त खाना पचाता है। शरीर में बनने वाला पित्त इस थैली में भरा रहता है। खाना पेट में जाने पर थैली पिचककर पित्त को लीवर में धकेल देती है, जहां खाना पचता है। इस थैली को निकाल देने से लीवर को अतिरिक्त पित्त की सप्लाई नहीं हो पाती। खाना पचना ऑपरेशन के पहले की अपेक्षा कुछ कठिन हो जाता है। इसलिए डॉक्टर ऑपरेशन के बाद तैलीय व चिकना खाना मना करते हैं।

# बदलते मौसम में खुजली के साथ दर्द के भी बढ़ने लगे मरीज

**फतेहपुर।** मौसम में जो उतार-चढ़ाव चल रहा है उससे लोगों की सेहत बिगड़ रही है। खुजली के साथ दर्द के मरीज बढ़ रहे हैं। मंगलवार को ओपीडी में पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक भीड़ थी। डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीजों में धक्का मुक्की हुई। 900 से अधिक मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे। सुबह नौ बजे के बाद से ओपीडी में भीड़ बढ़नी शुरू हुई। सुबह 11 बजे पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक भीड़ थी। मरीज, डॉक्टर को दिखाने के लिए लाइन में लगे थे तो कहीं फर्श पर बैठकर इंतजार कर रहे थे। ऐसे में कई मरीज दर्द से कराहते हुए नजर आए। चेस्ट फिजीशियन और हड्डी रोग के डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीजों की लंबी लाइन थी। डॉक्टर को दिखने के लिए मरीज आपस में धक्का मुक्की भी कर रहे थे। हृदय रोग के डॉक्टर के पास भी मौसमी बीमारी के मरीज पहुंचे थे। बताया कि इस समय मौसम में जो उतार चढ़ाव चल रहा है उससे खांसी के साथ साथ खुजली के भी मरीज आ रहे हैं। ओपीडी में बाल रोग विशेषज्ञ के साथ-साथ सर्जन के पास भी मरीजों की भीड़ थी। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि अभी बच्चों में वैसे तो कोई बीमारी नहीं है लेकिन अभी तक मौसमी बीमारी की चपेट में जो बच्चे आए हैं उन्हें अभिभावक इलाज के लिए लेकर आए हैं। ऐसे बच्चों को देखकर दवा दी जा रही है। अभी कोई गंभीर बीमार नहीं आया है। बच्चों के अभिभावकों को बचाव के तरीके बता दिए गए हैं। हड्डी के डॉक्टर ने बताया कि इस समय पुरानी दर्द के उभरने से लोग परेशान हो रहे हैं।

# भाजपा नेत्री पर रणजी ट्राफी में चयन के नाम पर ठगी का आरोप

संवाददाता, फतेहपुर

- साढ़े चार लाख रुपये हड़पने का आरोप

**अमृत विचार।** भाजपा नेत्री ने रणजी ट्रॉफी में चयन कराने के नाम पर क्रिकेट खिलाड़ी से 4.50 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर भाजपा नेत्री व उसके दो बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

मलवां थाना क्षेत्र के गांव इटरौरा पिलखनी निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि वह शहर के शांतिनगर में किराए पर रह कर क्रिकेट का अभ्यास करता है। कुछ दिनों पूर्व शांतिनगर में उसकी मुलाकात भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री वंदना द्विवेदी से हुई। उन्होंने बताया कि उनके बेटे अमित द्विवेदी का हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में रणजी टीम में चयन हो गया है। भाजपा नेत्री ने कहा कि वह उसका भी रणजी टीम में चयन करा देंगीं। इसके लिए दस लाख रुपये देने होंगे। कहा कि बेटे अमित के खाते में रुपये ट्रांसफर कर दो। एक माह में सेलेक्शन हो जाएगा। अरविंद ने महिला के बेटे के बैंक खाते में अलग-अलग किस्तों में साढ़ चार लाख रुपये भेज दिए। एक माह बाद भी उसका चयन नहीं हुआ। धोखाधड़ी की आशंका पर अरविंद ने खुद हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में पता किया तो मालूम हुआ कि अमित द्विवेदी नाम का कोई भी खिलाड़ी चयनित नहीं हुआ है। बाद में पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो भाजपा नेत्री और उसके बेटे सुमित व अमित द्विवेदी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर जातिसूचक गाली- गलौज की। पीड़ित ने कोतवाली और एसपी कार्यालय में मामले की शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोतवाल ने बताया कि रिपोर्ट लिख ली गई है।

# पीसीएफ के कनिष्ठ सहायक पर रिश्वत मांगने की दर्ज हुई रिपोर्ट

संवाददाता, फतेहपुर

- आईजी के आदेश पर की गई कार्रवाई
- कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार।** शहर के पीसीएफ गोदाम में तैनात कनिष्ठ सहायक पर 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ। आरोप है कि उसने साथी महिला कनिष्ठ सहायक के स्थानांतरण के संबंध में रिपोर्ट में हेरफेर कर फर्जी मेल भेज दी। बाद में निलंबन की धमकी देकर रुपये मांग रहा था। आईजी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के कलक्टरगंज निवासी सुल्तान ने बताया कि पत्नी श्वेता अग्निहोत्री कनिष्ठ सहायक के पद पर जिला कार्यालय पीसीएफ प्रयागराज में तैनात है। वह पूर्व में पीसीएफ फतेहपुर में तैनात थी। उसका स्थानांतरण फतेहपुर से अप्रैल 2023 में प्रयागराज के लिए हुआ। 30 जून 2023 को प्रयागराज से फतेहपुर के लिए दोबारा स्थानांतरण हो गया, लेकिन प्रबंध निदेशक यूपी कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड ने 14 जुलाई 2023 को स्थानांतरण निरस्त कर दिया था। महिलाकर्मी ने स्थानांतरण निरस्त होने का पत्र रिसीव कर प्रयागराज में दोबारा ड्यूटी ज्वाइन कर ली। 17 जुलाई 2023 को उसे स्थानांतरण निरस्त होने के संबंध में पीसीएफ की तरफ से एक मेल भेजा गया। करीब डेढ़ महीने बाद पता चला कि भेजे गए मेल में राधेश्याम कनिष्ठ सहायक पीसीएफ ने अपनी रिपोर्ट लगाई थी। मेल में स्थानांतरण निरस्त होने का पत्र महिला कर्मी द्वारा रिसीव न करने का उल्लेख था और इसे बड़ी लापरवाही मानी गई। आशंका पर प्रिंट निकालकर देखा गया तो पता चला कि पत्र में पूर्व में लगाई गई रिपोर्ट को मिटा कर नई रिपोर्ट राधेश्याम ने बनाकर पीसीएफ की ओर से मेल किया। जानकारी पर महिला कर्मी के पति ने राधेश्याम से मुलाकात की। राधेश्याम ने धमकी दी कि रुपये न मिलने वह इस रिपोर्ट के आधार पर उसकी पत्नी को निलंबित करा देगा। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि आईजी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। विवेचना की जा रही है।

# छापे में 210 लीटर कच्ची शराब बरामद

**फतेहपुर।** होली पर्व के दृष्टिगत चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी और बकेवर पुलिस ने कच्ची शराब बनाने वालों के यहां छापेमारी कर 210 लीटर कच्ची शराब और लहन बरामद किया है। टीम ने पांच लोगो के खिलाफ कार्रवाई की हैं।

होली पर्व को देखते हुए जिले में कच्ची शराब बड़ी मात्रा में बनवाई जा रही हैं। जिसको देखते हुए डीएम के निर्देश पर आबकारी अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ कार्यवाई कर रही हैं। आबकारी निरिक्षक मनोज कुमार तथा बकेवर थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के कंजरन डेरा, बेंता, बकेवर, आम्बापुर, मुरांव, गौरा में छापेमारी की। छापेमारी से शराब कारोबारी में हड़कंप मच गया। शराब बना रहे सभी लोग टीम को देख भाग खड़े हुए।

# आरटीई : प्रवेश न लेने पर निजी स्कूलों की छिनेगी मान्यता

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अनिवार्य शिक्षा आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों का मुफ्त प्रवेश न लेने वाले स्कूलों की मान्यता समाप्त की जाएगी। पहले चरण में 305 बच्चों को प्रवेश के लिए चयनित किया गया है।

दुर्बल आय वर्ग और निर्धन परिवारों के बच्चों का आरटीई के तहत जिले के निजी स्कूलों में प्री प्राइमरी और कक्षा एक में हर साल निशुल्क प्रवेश कराया जाता है। बच्चों की फीस और अन्य मद का पैसा शासन द्वारा निजी स्कूलों के खातों में भेजा जाता है। इसके बावजूद भी कई स्कूल निर्धन बच्चों का प्रवेश अपने विद्यालय में लेने में आनाकानी करते हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने सभी निजी स्कूलों को चयनित बच्चों का अपने यहां समय से प्रवेश देने के निर्देश भी जारी किए हैं। डीएम ने भी निजी स्कूलों में निर्धन बच्चों के आरटीई के तहत प्रवेश न लेने पर मान्यता प्रत्याहरण की चेतावनी दे रखी है। अभी तक पहली लॉटरी में 305 बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए चयन किया गया है। एक अप्रैल से निजी स्कूलों में मुफ्त प्रवेश दिलाया जाएगा।

> आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों को प्रवेश दिलाने को पहली लॉटरी में 305 बच्चों को चयन हुआ है। एक अप्रैल से निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिला कराया जाएगा। दूसरे चरण की प्रक्रिया चल रही है। लॉटरी निकाल कर बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए चयनित किया जाएगा।
> –पंकज यादव, बीएसए

## सार-संक्षेप

### रामलीला में कलाकारों ने किया भावपूर्ण मंचन

**बहुआ।** रामलीला का आयोजन हर साल की भांति इस वर्ष भी किया गया। रामलीला का चौथा दिन रहा। रामलीला में कलाकारों के माध्यम से लंका दहन समेत अन्य लीलाओं का बावपूर्ण मंचन किया गया। बहुआ नगर के जवाहर नगर स्थित रामलीला मैदान में रामलीला का आयोजन रखा गया। जिसके अध्यक्ष कन्हैया सिंह उर्फ शैलेंद्र प्रताप सिंह गौतम, संरक्षक धर्मपाल सिंह गौतम, कोषाध्यक्ष बबलू सिंह कछवाह, सदस्य वेद प्रकाश शुक्ला, कमल पासवान, दादू सिंह, जानकी लाइट हाउस द्वारा लगातार 40 वर्षों से रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। कलाकारों में विनय व्यास, चित्रकूट बुंदेलखंड से आई हुई कमेटी आयोजन कलाकारों के माध्यम से मंचन किया गया।


रामलीला का मंचन करते कलाकार।

### रामपुर मामले में तीन गिरफ्तार

**फतेहपुर।** बकेवर क्षेत्र के रामपुर गांव में पिछले दिनों राजस्व टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था। लेखपाल के साथ जमकर मारपीट और तहसील प्रशासन की गाड़ी पर पथराव हुआ था। पुलिस ने 16 नामजद सहित दस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन को गिरफ्तार किया है।रामपुर के ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। 2021 से गांव के लोग दबंगों के खिलाफ स्थानीय थाने से लेकर तहसील और मुख्यालय के अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि इतना सब होने के बाद भी आरोपी सुघर यादव और उसका भाई कमल यादव का ग्राम समाज और घूर गड्ढे की जमीन पर कब्जा है। ग्रामीणों की मांग है कि लेखपाल को निलंबित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, क्योंकि लेखपाल ने शिकायतकर्ताओं को ही अपनी तहरीर में आरोपी बना डाला है।

### चोरी के मामले में संदिग्धों से पूछताछ

**फतेहपुर।** सोमवार रात दयालपुर गांव में हुई आधा दर्जन घरों में चोरी को लेकर फौजी के घर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दयालपुर में रचना तिवारी, संतू तिवारी समेत आधा दर्जन घरों के ताले तोड़कर चोरों ने नकदी समेत करीब पांच लाख के जेवरात चोरी हो गया था। अवधेश फौजी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में करीब छह लोग चोरी की घटना के बाद कैद हो गए। कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हाईवे से घुमंतू प्रजाति के चार लोगों को हिरासत में लेते हुए पूछताछ कर रही है। मामले में कोतवाली प्रभारी तेजबहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### रूट मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिया

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की टीम पूरी तरह से अलर्ट है। मंगलवार को जिले भर में अलग अलग स्थानों पर अद्र्धसैनिक बलों को साथ में लेकर पुलिस ने रूट मार्च किया। आम जन को सुरक्षा का भरोसा दिया। सीओ खागा के नेतृत्व में सुल्तानपुर घोष पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के साथ थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांव नौबस्ता मजरे बैगांव, ऐरायां सादात, ऐराया मशायक, बहेरा सादात, अल्लीपुर बहेरा, अमोहा, मोहम्मदपुपर गौती, इजूरा बुजुर्ग के हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया गया। मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर भी पुलिस की नजर रही। रूट मार्च कर पुलिस की टीम ने आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया। कहा कि कोई व्यक्ति संदिग्ध लगे तो जानकारी दें। होली के त्योहार को देखते हुए पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत की और सुरक्षा का भरोसा दिया।

# निःशुल्क राशन लेने में सर्वर बन रहा बाधक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- प्रक्रिया पूरी करने में लगता काफी समय, तब तक इंतजार

**अमृत विचार।** राशन की दुकानों में चार दिन पूर्व निःशुल्क राशन वितरण का कार्य शुरू हो चुका है। सुबह से दोपहर बाद तक महिलाएं राशन लेने के लिये पहुंचती हैं। लेकिन सर्वर न आने के कारण घंटों लाइनों में खड़ी रहती हैं। राशन न मिलने से कार्डधारकों में रोष देखने को मिल रहा है। नई वितरण कार्य प्रणाली को कोस रहे हैं।

शहर की राशन की दुकानों में राशन लेने के लिये सुबह से ही महिलाएं, बच्चे, पुरूष पहुंच जाते हैं। दुकानदार बताता है कि सर्वर काम नहीं कर रहा है। जिससे परेशान लोग वापस हो रहे हैं। इधर 15 मार्च से वितरण शुरू है लेकिन सर्वर न आने के कारण कार्डधारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। रोज-रोज राशन की दुकानों पर चक्कर लगाने में कार्डधारकों में रोष भी देखने को मिल रहा है। राशन लेने पहुंची कई महिलाओं ने कहा कि मोदी सरकार ने नई वितरण प्रणाली लागू कर हम लोगों को परेशान कर रखा है। इससे अच्छे पहले वितरण हो रहा था। वहीं राशन दुकानदार बताते हैं सर्वर कभी आता है तो कभी चला जाता है। हम लोग सर्वर न आने के कारण मजबूर हो जाते हैं। कार्डधारक अपनी गुस्सा हम लोगों पर उतारते हैं। हालांकि सर्वर काम करता है लेकिन कभी कभी इतना धीमा चलता है कि एक कार्डधारक की प्रक्रिया पूरी करने में 15 से 20 मिनट का समय लगता है।

# मिर्च व्यापारी के लापता होने से मचा हड़कंप

**औंग।** बेटे से मिलने जाने के लिए घर से निकला मिर्चा व्यापारी घर नहीं लौटा तो हड़कंप मच गया। परिजनों को उसकी बाइक हाईवे में खड़ी मिली है। परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

कस्बा निवासी दिनेश कुमार प्रजापति मिर्चा व्यापारी है। परिजनों ने बताया कि दिनेश का पुत्र शहर में रहकर पढ़ाई करता है। उसी से मिलने वह रविवार दोपहर में बाइक से फतेहपुर जाने के लिए निकले थे। शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। कल्यानपुर क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित हंस पब्लिक स्कूल के पास सोमवार को उसकी बाइक खड़ी मिली। बताया जा रहा है कि बाइक में चाबी लगी थी और बाइक पूरी तरह से सुरक्षित थी।

# दिव्यांग बच्चों के साथ खेली होली

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन, समाजसेवी डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर दिव्यांग एवं पुनर्वास आवासीय विद्यालय के दिव्यांग बच्चों को होली के उपहार पिचकारी, अबीर,रंग, मुखौटे व खाद्य सामग्री में गुझिया, मिठाई, समोसे, बिस्किट, टॉफी, आदि का वितरण कर बच्चों को खुशियां बांटने का प्रयास किया गया।

डॉ अनुराग द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर व उन्हें होली की टोपी पहनाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। साथ ही सभी बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए होमियोपैथिक औषधि भी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान पूरे विश्व में उसकी अनमोल विरासत व संस्कृति है। जिस कारण यहां विविधता में एकता नजर आती है। हमारी इस भारतीय संस्कृति को सुंदर व गौरवशाली बनाया है हमारी परंपरा ने, जिसमें त्यौहारों का योगदान महत्वपूर्ण है। रंगों से भला किसे परहेज हो सकता है क्योंकि बिना रंगों के शायद जीवन भी इतना सुंदर न हो पाता।

इस अवसर पर प्रबंधक सीताराम यादव, मनीष कुमार सिंह, डॉ वकील अहमद सिद्दीकी, सुमन देवी, कंचन, आयुष्मान, मुन्नू लाल, चैतन्य कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


होली से सामग्री पाकर खुशी का इजहार करते दिव्यांग बच्चे। अमृत विचार

- श्री कृष्ण विद्या मंदिर में रंग अबीर व पिचकारी के साथ गुझिया भी बांटी

**होली का बाजार** — रंगों व पिचकारियों के साथ मुखौटे व हैप्पी होली लिखी टोपी भी खूब बिक रही

# फायर सिलेंडर से अबीर-गुलाल की बौछार करेगी सराबोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** रंगों का त्योहार होली में रंग बरसाने के लिए विभिन्न वैरायटी की पिचकारियां बाजार में मौजूद हैं। नए तरह की पिचकारी, फायर सिलेंडर से पटाखे की तरह चलने वाला गुलाल इस बार लोगों को अधिक रोमांचित करेगा। रंग और पिचकारी बनाने वाली कंपनियों ने इस बार बाजार में कुछ नया प्रयोग किया है।

इसमें जलाने के लिए पटाखे भी बनाए हैं, जिससे गुलाल निकलेगा। इसके अलावा पानी में घुलने वाले रंगों के साथ कलरफुल फॉग स्प्रे, सुगंध लिए गुलाल भी मस्ती के पर्व के उत्साह को दोगुना कर देगा। वहीं कपड़ों के व्यापारियों ने भी नए वेरायटी के रेडीमेड कपड़ों के अलावा आकर्षक कुर्ता पजामा भी मंगाया है।

पर्व को लेकर शहर का बाजार सज गया है। बाजार में तरह-तरह की पिचकारियों के अलावा फायर सिलेंडर भी आया है। इससे गुलाल की बौछार होगी। केसरिया रंग की टोपी और पगड़ी भी आई है। टैंक वाली पिचकारी के ऊपर भी योगी व मोदी का चित्र लोगों को आकर्षित कर रहा है। शादीपुर के दुकानदार मुकेश सिंह ने बताया कि पहले लाल रंग का गुलाल ज्यादा बिकता था। अब केसरिया रंग की बिक्री अधिक है। इसके अलावा केसरिया रंग की टोपी, विभिन्न जानवरों के मुखौटे, पार्टी वीयर मुखौटा, हर्बल गुलाल भी मंगाए गए हैं। पत्थरकटा चौराहा के दुकानदार ने बताया कि होली के सामानों पर महंगाई का भी असर दिख रहा है। हालांकि सामानों की बिक्री शुरू हो गई है।


रंग व गुलाल व तरह-तरह पिचकारियां को सजाते दुकानदार। अमृत विचार

### होलिका दहन स्थल पर तैनात होगी पुलिस

**फतेहपुर।** पुलिस कर्मियों की होलिका दहन के स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई है। हर होलिका के पास पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। जिले में दो हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन के दौरान होने वाले विवादों को देखते हुए हर स्थान पर अलग-अलग पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। होलिका दहन के दौरान दबंगई रोकने के लिए सिपाहियों के साथ होमगार्ड और चौकीदार भी मौजूद रहेंगे। कहीं विवाद होने की दशा में वहां तैनात पुलिस कर्मियों की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि शांतिपूर्ण होलिका दहन के लिए सभी स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। हर जगह पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। विवाद करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


होलीका दहन करने की तैयारी। अमृत विचार

### बाजार में तरह- तरह के नमकीन

नमकीन विक्रेता सुनील गुप्ता ने बताया कि बाजार में दुकानों पर मखाने, मूंगफली मिक्स नमकीन उपलब्ध है। पापड़ी, लहसुन वाली नमकीन खूब पसंद की जा रही है। इसके साथ ही बेसन की सेव की भी काफी मांग है। होली को ध्यान में रखकर बाजार में नमकीन-बिस्कुट की तमाम दुकानें लगी हैं। उनके पास 260 रुपये से 400 रुपये किलो तक की नमकीन है। बिस्कुट भी 40 से लेकर 150 रुपये पैकेट तक, दुकानदारों ने कलेक्शन रख हुए हैं।

### रेडीमेड गुझिया की भी धूम

दुकानदार बताते हैं कि वह मावा मंगाकर गुझिया तैयार कराते हैं। गुझिया पांच सौ रुपये प्रति किग्रा बिक रही हैं। बताया कि 350 रुपये में भी कई जगहों पर गुझिया बिक रही है। इनमें मावा स्थानीय उपयोग होता है। हालांकि इसकी बिक्री होली के एक दिन पूर्व ही अधिक जोर पकड़ती है।

### नए स्टाइल के कपड़े

होली पर नए कपड़े पहनने की भी परंपरा है। रंग खेलने के बाद नए कपड़े पहनकर मित्रों, प्रियजनों के घर जाकर होली मिली जाती है। बाजार में रेडीमेड कपड़ों और साड़ियों की बड़ी रेंज आई है। चौक बाजार के दुकानदार संजय रस्तोगी ने बताया कि रागरा, प्लाजो, कैपटॉप, लहंगा, जींस, वैलवॉटम, शर्ट और टी-शर्ट की कई वैरायटी आई हैं जो लोगों को भा रही हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि ॥

जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है ।

## संपादकीय

# भारत-रूस संबंध

चुनाव में मिली जीत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है। उन्होंने चेताया कि रूस और नाटो के बीच संभावित संघर्ष से दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' रह जाएगी। यानि अपनी व्यापक जीत के साथ पुतिन संभवतः और अधिक ताकत का प्रदर्शन करेंगे और यथास्थिति बनाए रखेंगे। यह निर्विवाद है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज है। पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध का घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने आलोचकों की अपेक्षा से बेहतर मुकाबला किया है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लाई गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी, विशेष और विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए आने वाले वर्षों में वे एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वास्तव में भारत के लिए पुतिन का पुनः चुना जाना एक महत्वपूर्ण रिश्ते की स्थिरता सुनिश्चित करेगा। रूसी नेता ने भारत के स्वतंत्र इतिहास के लगभग एक तिहाई समय तक उसके साथ संबंध बनाए रखा है और अभी तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। जानकारों का कहना है कि पश्चिमी देश रूस को लेकर चाहे कितना ही सख्त रुख अपना लें लेकिन भारत दोस्ती के बाद भी उनका पिछलग्गू नहीं बनने जा रहा है।

2010 से भारत-रूस के बीच खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मज़बूत इतिहास की ठोस बुनियाद पर विकसित हुई है और ये राजनीतिक ज़रूरत के माध्यमों से बनी हुई है। रूस ने शंघाई सहयोग संगठन में भारत की सदस्यता का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और इसमें भारत को शामिल करने की अपील की। इस तरह रूस ने व्यापक रूप से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार किया। तकनीकी संकीर्णता की तरफ अमेरिका के धीरे-धीरे लेकिन साफ झुकाव के बीच भारत की कंपनियां रूस के साथ सहयोग को लेकर सावधानी बरत रही हैं। इसके अलावा रूस से आयात में बढ़ोतरी के साथ-साथ भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी नहीं हुई। इसलिए दोनों देशों के संबंधों को विक्रेता-खरीदार रिश्तों के रूप से हटकर अधिक रणनीतिक बुनियाद पर एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

# विज्ञान कथाओं की कोख से ही निकलेगी स्पेस-शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं।

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) की कार्य प्रणालियों की रिपोर्टिंग और इसकी उपलब्धियों और इतिहास के बारे में हिंदी मीडिया में लेखन के विविध पाठ पढ़ने से टर्मिनोलॉजी को लेकर कुछ सवाल उठने स्वाभाविक हैं। शब्द सामर्थ्य के अनुसार अपनी शैली में विषय से संबंधित सामग्री का प्रस्तुतिकरण आमजन के लिए एक लेखक जब करता है तब भारतीय भाषाओं में लिखी हुई इबारत में तद्भव वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के प्रयोग करने को कितनी उदारता से प्रयोग करना चाहिए? साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दावली से सामना होने पर लोकरुचि लेखन के लिए अतिरिक्त जागरूकता से काम लेने की जरूरत महसूस होने लगी है। विज्ञान की समझ को आमजन में बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि एकाधिक शब्द एक ख़ास संदर्भ में वाक्य रचना के लिए वर्नाक्यूलार स्क्रिप्ट्स में इस्तेमाल किए जाएं। जैसे कि स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गूढ़तम बातों को लोकशैली में समझाने के लिए जब अपरिहार्य कारण मौजूद हैं तब नए शब्द गढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए अमरीका ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए 'एस्ट्रोनॉट' टर्म गढ़ी थी और पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने कॉस्मोनॉट। सन 1905 में रूसी साम्राज्य में पैदा हुए एक पोलिश इंजीनियर एरी स्टर्नफेल्ड ने 'कॉस्मोनॉटिका' शब्द गढ़ा था जो कि रूसी भाषा के उपयुक्त शब्द का अंग्रेजी में निकटतम विकल्प है जबकि कुछ विज्ञान इतिहासकारों के कहना है कि 'कॉस्मोनॉट' शब्द को निकिता ख्रुश्चेव ने गढ़ा था। एक रूसी शब्द 'ज्वेदोप्लावनी' है जिसका अर्थ एस्ट्रोनॉमी है। भारत के हिंदी भाषा के एक समाचार पत्र में एक लेखक ने 'गगननॉट' शब्द इस्तेमाल किया है जिसने मुझे इस आशय के अन्य शब्द ढूंढने के लिए प्रेरित किया। भारतीय लोग ही क्यों अंतरिक्ष अध्ययन और अंतरिक्ष में टेक्नोलॉजिकल उपस्थिति दर्ज करने वाले सभी समर्थ देश अपनी सांस्कृतिक विरासत में प्रत्येक नए कार्य के लिए ऐसे शब्दों की तलाश करते हैं जो इनके सांस्कृतिक परिवेश के अनुकूल प्रतीत होते हैं।

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं। इसरो द्वारा प्रस्तुत स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबधित एक 'ग्लोसरी' में विज्ञान कथा साहित्य से कोई शब्द लिया गया है, मुझे नहीं लगा। एस्ट्रोनॉट्स के भारतीय नामकरण के लिए 'गगननॉट' एक नवीन और हाइब्रिड शब्द है। एक सम-ध्वन्यात्मक शब्द की स्वीकार्यता तब तक नहीं बनेगी जब तक यह लोकप्रचलन में न आए। हमारे एस्ट्रोनॉट्स के लिए 'गगनदेव' या '-देवी' और 'व्योमबाला' या'- पुरुष' शब्द भी हो सकते हैं। समुद्र और आकाश में दो बिंदुओं के बीच की दूरी को नापने की इकाई 'नॉट' है जिसका मूल ग्रीक भाषा में है। यह नॉटिकल की शार्ट फॉर्म है अर्थात, नेविगेशन करने वाला व्यक्ति या नाविक। स्पेस ट्रेवलर के लिए नाविक शब्द हम इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि एस्ट्रोनॉट की भूमिका में वे नेविगेटर अर्थात स्पेस शिप के चालक और मार्गदर्शक की भूमिका में होने के अलावा अन्य कार्य भी करते हैं। एक समुद्री मील और अन्तरिक्षीय मील का नाप का नाप धरती के मील के नाप से हमेशा अधिक लंबाई का होता है जिसे 'नॉट' में नापा जाता है। 'कॉसमॉस' या ब्रह्माण्ड में विचरण करते हुए स्पेस शिप के लिए दूरी नापने हेतु 'नॉट' शब्द का प्रयोग होता है। थ्योरेटिकल फिजिसिस्ट अलबर्ट आइंस्टीन के भौतिकी विषय में दर्शन से जो व्यक्ति परिचित हैं और वे जिन्होंने स्टीवन हॉकिन्ग रचित 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम' पढ़ी है, स्पेस स्पेस ट्रेवल और समय और प्रकाश की गति के आशय को शीघ्र समझ लेंगे।

सन 1979 में प्रोग्रेस पब्लिशर्स मास्को से प्रकाशित 'इंग्लिश एंड अमरीकन शार्ट स्टोरीज' नाम से विज्ञान कथा संग्रह दिल्ली के पीपल्ज़ पब्लिशिंग हाउस से मैंने खरीदा था जिसमें सत्रह लेखकों की कहानियों की कथा-वस्तु नवीनतम आइडियाज से सराबोर और अत्यंत रोमांचक प्रतीत हुई थी। संग्रहकर्ता ने 16 पेज में रूसी भाषा में इसके लिए भूमिका लिखी। रूसी मैं नहीं पढ़ पाया। इस समस्या को आईआईटी दिल्ली के प्रो. वागीश शुक्ल ने दो साल बाद, 13 दिसंबर सन 1981 के, साप्ताहिक हिन्दुस्तान के अंक में अपने लेख -'विज्ञान, विज्ञान कथाओं का', प्रकाशन से सुलझाया और बताया कि रूसी भाषा में लिखी गई भूमिका का आशय क्या है।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं। इनके बेहतरीन उदाहरण आईज़क एसिमौफ़ जैसे लेखकों की कथाओं और उपन्यासों के अलावा यूनाइटेड किंगडम के ख्यात लेखन फिलिप के. डिक की कथाओं में तो मिलेंगे ही, रशियन साइंस फिक्शन लेखक के बहुपठनीय उपन्यास 'एंड्रोमेडा स्ट्रेन' के अलावा पोलिश साइंस फिक्शन लेखकों की कहानियों और उपन्यासों में भी मिलेंगे। आकाश शब्द के लिए क्षुद्र या तात्कालिक अर्थरूप में ब्रह्मांड का प्रयोग असावधानीवश ही सही, अनुपयुक्त है। भारत में संस्कृत, हिंदी में अधिक उपयुक्त शब्द अंतरिक्ष, ब्रह्मांड और आकाश ही हैं जिनकी वर्तनी अलग तरीके से है। 'एस्ट्रो' और 'कॉस्मो' के पर्याय बनाने के लिए नए शब्द निर्माण का सामर्थ्य अन्य भारतीय भाषाओं में या फिर हिंदू वांग्मय में कहीं हो सकता है, लेकिन हमें अभी मालूम नहीं। गगनयान के कवचयुक्त पैसेंजर मॉडयूल को धरती के ऊपर के आकाश में 450 किलोमीटर के उच्चतम बिंदु (एपोजी) पर स्थापित किए जाने की योजना है। निकट अंतरिक्ष में धरती की परिक्रमा करने वाले एक स्पेस स्टेशन की ऊंचाई धरती के ज्योग्राफिकल ध्रुवों (पेरिजी) पर घट कर 175-250 किलोमीटर ही रह जाती है। अंतरिक्ष नाविकों का स्पेस शिप हमारे सोलर सिस्टम से बाहर अगर जाता है तब उसमें बैठे हुए मानव को आकाशयात्री नहीं अपितु ब्रह्मांड यात्री कहेंगे। पृथ्वी की कक्षा में 400-500 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अपेक्षाकृत-स्थिर प्रतीत होने वाले स्पेश स्टेशन में से जो मानव सुरक्षित कवच पहन कर मॉडयूल से बाहर आकर आकाश विचरण करता है तभी इसे अंतरिक्ष विचरण कहेंगे। हमारे सोलर सिस्टम से परे गहन या सुदूर अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले को हम ब्रह्माण्ड यात्री कह सकते हैं, परन्तु अंतरिक्ष में रहकर मंगल गृह तक की दूरस्थ यात्रा को भी अभी संभव नहीं बनाया जा सकता है। धरती से दूर की यात्रा की समयावधि को प्रकाशवर्ष में मापने वाले विज्ञान कथाकार हमारा सामना अद्भुत स्थितियों से करवाते रहे हैं। यह भी मानव अपनी और नित विकसित होते अद्भुत बौद्धिक क्षमताओं से अनजानी और अद्भुत समस्यायों से कैसे निपटता है।

## प्रसंगवश

# बैलट में बुराई क्या

चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। मतदान ईवीएम मशीनों से ही होने जा रहा है। इस पद्धति पर ऊंगलियां उठती रही हैं। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों को एक वर्ग ने शंकास्पद दृष्टि से देखा था। परिणाम घोषित हो जाने पर जनता किसी की सुनती नहीं है, इसलिए विपक्ष ने मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा था। हां! दबी जुबान शत्रुघ्न सिन्हा कुछ यों बोले थे, 'कुछ है तो जरूर लेकिन अब तो!' बात आई गई हो गई थी। संप्रति इस मुद्दे पर विपक्ष पस्त है। चुनाव आयोग पर सरकारी शिकंजा इस कदर है कि पिछले आठ मास से विपक्ष उससे मिलने का समय मांगता रहा, जो नहीं दिया गया, तब फिर नीतिगत मामले में उनकी क्या चलेगी। ऐसे में यह चुनाव अब विवादास्पद ईवीएम से ही होना है। लालू यादव बिहार के प्रादेशिक चुनाव अधिकारियों से बार-बार यह कह रहे हैं कि मतगणना पहले पोस्टल बैलटों की करा ली जाय, फिर मशीन के वोटों की। लेकिन अभी तक उनकी यह बात भी नहीं मानी गई है। जमीनी सच्चाई उपर्युक्तानुसार होते हुए भी, मैं समझता हूं बैलट पेपर से चुनाव कराना श्रेयस्कर रहता। दुनियां में लगभग सौ देशों में वोट पद्धति से चुनाव होते हैं, जिनमें केवल 25 में ही मशीनों का प्रयोग होता है। शेष बैलट का ही प्रयोग करते हैं। अमेरिका विश्व का सर्वाधिक समृद्ध लोकतांत्रिक देश है, जहां आधुनिकतम तकनीक विद्यमान है, किंतु चुनाव बैलट से ही होते हैं। एक बात यह भी है कि जब ऊंगली उठ जाय, और पद्धति संदेह के घेरे में हो, तो निर्विवाद पद्धति अपनाने में हर्ज क्या है? न्याय की दुनियां का एक मशहूर सिद्धांत है कि 'न्याय न सिर्फ किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रतीति भी कराई जानी चाहिए कि न्याय किया जा रहा है'। भगवान कृष्ण पर भी जब सत्राजित की स्यमंतक मणि के अपहृत करने का मिथ्या आरोप लगा था,तो उन्होंने उस आवाज़ का दमन नहीं किया था, बल्कि सच्चाई का पता लगाकर समाज के सामने रख दिया था। जब वर्तमान सरकार परंपराओं और पुरातन संस्कृति को सहेजने वाले कार्य कर रही है और सिंगोल(प्राचीन राजदंड) को नए संसद भवन भें स्थापित कर चुकी है, तो बैलट वाली मतदान की पारंपरिक पद्धति अपनाने में क्या हर्ज है? शंका और विवाद की कोई गुंजाइश ही क्यों रखा जाए।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# आज के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है।

मोबाइल या लैपटॉप के कुछ बटन टीपिये, पलक झपकते लाखों करोड़ों रुपये इधर से उधर। तकनीक में आई इस क्रांति ने अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी तो वित्तीय शक्तियों और राजनीति के अनैतिक गठजोड़ ने इसी क्रांति के गहरे अंधेरों में नई रहस्यमयी दुनिया का सृजन भी किया। अब तो ऐसा है कि न जाने कितनी कंपनियां लैपटॉप में ही जन्म लेती हैं, करोड़ों, अरबों का वारा न्यारा करती हैं और फिर लैपटॉप में ही खत्म हो जाती हैं। गीता में वर्णित आत्मा की तरह पूंजी किसी नई कंपनी के रूप में पुनर्जन्म ले लेती है।

कंपनी... अब के दौर में इसका अर्थ व्यापक हो गया है। पहले के जमाने में, जिसे औद्योगिक दौर कहा जाता था, कंपनी का मतलब था कोई भौतिक ढांचा, जिसमें लोग काम करते थे, रोजी रोजगार पाते थे। लोग-बाग उस कंपनी को जानते थे। वह जन्म लेती थी तो कितने घर रोशन होते थे, मरती थी तो कितने घरों में अंधेरा छा जाता था। अब उत्तर औद्योगिक दौर है। विश्लेषक कहते हैं कि यह "फाइनांसियलाइजेशन" का दौर है। वित्त का असीमित और अबाध प्रवाह है। सत्ता और कारपोरेट की जुगलबंदी हो जाए तो वित्त का यह प्रवाह कानून की आंखों में धूल झोंकते पल भर में जाने कहां से कहां तक की यात्रा कर लेता है। अब ऐसी कंपनियां भी हैं जो नजर ही नहीं आती, लेकिन हैं। वे हैं और अरबों की पूंजी के साथ हैं। लेकिन न वे देश के लिए हैं, न मानवता के लिए हैं। वित्तीय शक्तियां अपने छद्म के साथ नए रूप में सामने आई हैं। अलग स्वभाव, अलग चरित्र के साथ। अब के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ है। वह रोजगार पैदा नहीं करती। वह किसी कंपनी का रूप लेती है लेकिन किसी को रोजगार नहीं देती। उसका होना रहस्य को जन्म देता है, उसका मरना अगले रहस्य की ओर ले जाता है। बटन की टीप पर जन्म लेने वाली कंपनियों में पूंजी का यह रहस्यमय प्रवाह न जाने कितने गोरखधंधों की राह आसान करता है। ऐसी ऐसी कंपनियां, जिनमें पूंजी तो हजारों करोड़ है, लेकिन कर्मचारी एक भी नहीं। ऐसी अधिकतर कंपनियां अक्सर किसी फ्रॉड अरबपति की उंगलियों पर चलती हैं, नाचती हैं और फिर खत्म कर दी जाती हैं। टैक्स की चोरी और अवैध पूंजी को वैध का कुर्ता पहनाने में ऐसी कंपनियां बहुत काम आती हैं। कई बड़े कारपोरेट घराने ऐसी कंपनियों का खेल खेलते हैं और संस्थाओं की आंखों में धूल झोंक कर, या उन्हें बेबस करके जनता के पैसों की लूट करते हैं। टीवी पर एक किसान नेता एक हाथ में आलू और दूसरे हाथ में किसी ब्रांडेड चिप्स का रैपर लिए बोल रहे थे, 'हमसे चार रुपये किलो आलू खरीद कर कंपनियां उसके कई गुने दाम पर मुनाफा कमाती हैं।' बड़ी आबादी की आहों को समेटते इस मुनाफे का अर्थशास्त्र कोई जटिल मामला नहीं है। सब समझते हैं लेकिन जैसे किसी जकड़बंदी में यह सभ्यता बेबस सी नजर आ रही है। सारे आलम को आंदोलन विरोधी, बौद्धिक विमर्श विरोधी बना देने की साजिशों का पहला शिकार भारत का मिडिल क्लास है, दूसरा शिकार रील्स में डूबा हाशिए के तबकों का बेरोजगार युवा वर्ग है। ये मिल कर सुनिश्चित करते हैं कि कारपोरेट और राजनीति की जुगलबंदी से अमानवीय बनते जा रहे सिस्टम के खिलाफ कोई आंदोलन जोर न पकड़े। चंद बटनों पर उंगलियों के स्पर्श से जन्म लेने वाली और तिरोहित होने वाली कंपनियों से सिर्फ अरबों की टैक्स चोरी ही नहीं होती, वैध को अवैध और अवैध को वैध बनाने का खुला खेल ही नहीं होता, ये कंपनियां राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा भी देती हैं। अब तो आरोप लग रहे हैं कि गोरखधंधा बदस्तूर चलता रहे, इसके लिए भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ इधर उधर किए गए। ऊपर के लेवल पर वित्त का यह तीव्र और सघन प्रवाह नीचे के लेवल पर घोर शोषण और ठगी से ऊर्जा प्राप्त करता है। अब शोषण ही पर्याप्त शब्द नहीं है। यह शब्द औद्योगिक दौर में केंद्र में था। उत्तर औद्योगिक दौर में तो शोषण के साथ ठगी भी अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में आ चुकी है। यह संगठित ठगी का दौर है।

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है। तकनीकी क्रांति और तीव्र वित्तीय प्रवाह ने इस ठगी को बेहद आसान बना दिया है। पूंजी और राजनीति की जुगलबंदी अगर नापाक होने पर उतारू हो जाए तो शोषण और ठगी, दोनों अर्थव्यवस्था के केंद्रीय कारक बन ही जाएंगे। तभी तो, इस देश के किसान, श्रमिक से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी इस दौर की एक मुख्य प्रवृत्ति बन गई है। और, खुद को सयाना समझ रहा मिडिल क्लास भी इस शोषण और ठगी का कितना बड़ा शिकार है, यह आंखें और दिमाग खोलते ही समझ में आने लगता है। तभी तो, आंखों पर पर्दा और दिमाग पर कब्जा करने का खेल सांस्थानिक रूप अख्तियार कर चुका है।

## सोशल फोरम

# धोखा

कभी-कभी लोग धोखा शब्द का अर्थ समझने में भी धोखा खा जाते हैं। इसलिए नहीं कि धोखा का अर्थ कठिन है। इसलिए कि अपना अर्थ समझना कठिन है। अपने को समझना कठिन है। धोखा शब्द के प्रयोक्ता अपने को समझने में चूक जाते हैं, इसलिए धोखा का सही अर्थ नहीं समझ पाते हैं। धोखा का सीधा अर्थ है, जो दिखाई पड़ रहा है, वह सच नहीं है। जो छिपा है, वही सच है। जब उचित समय पर छिपा प्रकट हो जाता है, तब एहसास होता है कि जा.. मैं तो धोखा खा गया।

धोखा वहीं होता है, जहां किसी न किसी प्रकार का संबंध होता है। जहां संबंध नहीं, वहां धोखा भी नहीं। व्यापारिक और प्रेम संबंधों में धोखे की चर्चा ज्यादा होती है। व्यापार से भी ज्यादा प्रेम में धोखे की संभावना रहती है, क्योंकि प्रेम के नशे में हम अंदरूनी सच नहीं देख पाते। व्यापारिक संबंध में हम जब प्रेम को घुसा देते हैं तो धोखे का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रेम के कारण आप उनके सामने रुपए नहीं गिनेंगे, बाद में गिनेंगे, हो सकता है वह कम निकले। प्रेम के कारण आप वस्तु तो दे देंगे, लेकिन पैसे मांगने में संकोच कर जाएंगे। हो सकता है बाद में वह पैसा आपको न मिले। तो व्यापारिक संबंध और प्रेम संबंध को अलग कर देना चाहिए।

नकली प्रेम में धोखे पाए जाते हैं, असली प्रेम में धोखे का नामोनिशान नहीं होता। टिकाऊ होना असली प्रेम की पहचान नहीं है। असली प्रेम की पहचान है बेशर्त होना। एक-दूसरे को पूरी स्वतंत्रता देना। जहां शर्त है, वहां धोखे की संभावना है।

कल्पना कर लीजिए कि स्त्री-पुरुष आपस में प्रेम कर रहे हैं। यह प्रेम दो प्रकार से हो सकता है। एक बंधन वाला प्रेम, दूसरा स्वतंत्रता देने वाला प्रेम। बंधन वाले प्रेम में धोखे की संभावना है। दोनों में से कोई एक दूसरे की तरफ आकृष्ट होकर पहले को छोड़ सकता है। यहां कहा जाएगा कि एक ने दूसरे के साथ धोखा किया। लेकिन जहां स्वतंत्रता है, कभी भी कोई किसी के साथ जा सकता है, इस तरह की अंडरस्टैंडिंग है, वहां धोखा कहां? हां, यह बात अलग है कि इस तरह का प्रेम करने वाला विरला ही होता है। इसलिए ऐसे प्रेम के अलगाव को जन सामान्य धोखा ही नाम देते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह के प्रेम का अनुभव नहीं होता।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

-फेसबुक वॉल से

# काशी में शिव की रंगभरी यात्रा



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं।

काशी में रंगभरी एकादशी का विशेष महत्व है। जिस तरह होलाष्टक से ब्रज में होली उत्सव शुरू होता है, उसी तरह काशी में रंगभरी एकादशी से होली पर्व की शुरुआत होती है, जो लगातार छह दिनों तक चलता है। रंगभरी एकादशी शिव के स्वागत में ही मनाई जाती है। यह वह दिन है, जब वाराणसी की सड़कों पर गुलाल बरसते हैं। शिव इसी दिन माता पार्वती को विदा कराकर ले जाने के लिए शादी के बाद पहली बार बनारस आए थे।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब माता सती ने आत्मदाह कर लिया था, तो उसके बाद शिव क्रुद्ध हो गए थे और वे बड़े दुखी भी हुए थे। यही वजह थी कि इसके बाद उन्होंने चिर साधना शुरू कर दी थी। उनकी यह साधना तब तक जारी रही, जब तक कि माता पार्वती के रूप में माता सती ने फिर से जन्म नहीं ले लिया। शिव जिस दिन उन्हें विदा कराकर ले जाने के लिए यानी कि गौने की रस्म करवाने के लिए पहली बार वाराणसी पहुंचे थे, उसी दिन से रंगभरी एकादशी मनाने की शुरुआत हुई थी। रंगभरी एकादशी काशी के लोगों के लिए बड़ी मायने रखती है, क्योंकि वाराणसी में होली के उत्सव का आरंभ इसी दिन से हो जाता है। माता पार्वती के गौने की वजह से इस दिन का वाराणसी के लोगों के लिए खास महत्व है और इस दिन व्रत करके और उत्सव मनाकर लोग अपने जीवन में न केवल अपने घरों में खुशियां और समृद्धि के आगमन को निमंत्रण देते हैं, बल्कि पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ इसे मना कर शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। खासकर शादीशुदा जोड़े रंगभरी एकादशी को विशेष रुप से मनाते हैं, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि पूरी श्रद्धा के साथ इस त्योहार को मनाने से उनकी जिंदगी प्यार से भर जाती है और शिव एवं माता पार्वती की कृपा हमेशा उन पर बनी रहती है।

शुरुआत काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत के घर से होती है और शिव की रजत यानी चांदी वाली मूर्ति को त्योहार के एक दिन पहले शाम को महंत के घर पहुंचा दिया जाता है और रात भर शिव यही महंत के घर में विराजमान रहते हैं। इसके बाद सूर्योदय से पहले भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों का पुजारियों द्वारा दूध से अभिषेक किया जाता है। इनकी मूर्तियों का पंचामृत से भी अभिषेक होता है और इस तरह से रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलता है। इसके बाद फूलों और आभूषणों से दोनों मूर्तियों का श्रृंगार किया जाता है बाबा विश्वनाथ को विशेष पोशाक पहनाई जाती है और श्रृंगार किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा को राजशाही पगड़ी और धोती-कुर्ता एवं दुपट्टा पहनाया जाता है। इस दौरान परंपरागत गीत भी महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं।

जैसे-जैसे दोपहर का वक्त आता है, बारात निकालने की तैयारी पूरी हो जाती है। एक पालकी पर शिव और माता पार्वती की मूर्तियों को सजा कर रखा जाता है और इस बारात की शुरुआत महंत के घर से होती है, जो कि काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त होती है। इस पालकी को शिव के भक्त उठाते हैं, जिन्हें कि बम के नाम से हम जानते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचने से पहले यह पालकी शहर के कई हिस्सों में घूमती है और इस दौरान पूरे रास्ते में भक्तगण गीत गाते हैं। शिव और माता पार्वती पर लोग खूब अबीर-गुलाल उड़ाते हैं।

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण खुशी से सराबोर हो जाता है। हर-हर महादेव के जयकारे से काशी नगरी गूंज उठती है। कुंवारी महिलाएं इस दौरान खासकर भगवान शिव को रंग लगाने की कोशिश करती हैं और वे उन्हीं के जैसा वर प्राप्त करने का आशीर्वाद भी उनसे मांगती हैं। वाराणसी में होली की यह न केवल धमाकेदार, बल्कि बेहद पवित्र शुरुआत होती है, जिसका साक्षी बनने के लिए केवल अपने देश से ही नहीं, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचते हैं। यह उत्सव धुलंडी तक जारी रहता है।

# लड़कियों की नौकरी : मुसीबत का सबब

इन दिनों एक नई सामाजिक समस्या उत्पन्न होने लगी है जिसकी घुटन अब अधिकांश घरों में देखने को मिलने लगी है। बेटी को विवाह पूर्व नौकरी करवाना माता-पिता व बेटियां दोनों के लिए ही अब एक बड़ी मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। आज अधिकांश लोग अपनी पुत्रियों से विवाह पूर्व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उनसे नौकरी करवाकर अपने लिए एक समस्या तैयार कर रहे हैं। ऐसा करने के कारण ऐसी लड़कियों के विवाह में जो समस्याएं आती हैं, उसका हल निकालना उनके लिए अब दुष्कर होने जा रहा है। नौकरियों में उनका वेतन अधिक होने से उनसे कम वेतन वाले लड़के प्रायः उन्हें पसन्द नहीं आते हैं। अन्य शहर में नौकरी कर अकेले रहने के कारण, घर से दूर होने के कारण उन्हें लोक-लाज़ का भय भी नहीं रह जाता है।

एक बार नौकरी करने पर वे नौकरी छोड़ने को तैयार नहीं होती। वह जिस शहर में नौकरी करती हैं, उन्हें उसी शहर में ही कार्यरत उनसे अधिक पैकेज वाला सजातीय वर चाहिए जिसे ढूंढ़ पाना माता-पिता के लिए एक जटिल समस्या है। शादी से पहले पढ़-लिखकर, नौकरी पकड़ने की मानसिकता के कारण ऐसे ही विवाह में देरी हो जाती है, ऐसे वरों की तलाश में उनकी विवाह की उम्र ही निकल जाती है।

फिर होती है बेमेल शादियां जिस कारण गृहस्थी बसने से पहले उजड़ने की संभावना रहती है। अगर शादी टिक भी गई तो अधिक उम्र के कारण गर्भ धारण व संतानोत्पत्ति में भी समस्याएं आने लगती हैं और मातृत्व सुख से वंचित रहने के आसार बढ़ जाते हैं। उम्र का तकाजा कहें या शारीरिक बदलाव, बच्चियों में हुए हार्मोनल परिवर्तन और समय पर शादी नहीं होना उसे पुरुषों की ओर आकर्षित करते हैं। उसके साथ घर का कोई सदस्य नहीं होने से उन पर कोई रोक-टोक नहीं रहती जिससे वे अक्सर गलत मार्ग पर चल पड़ती हैं। ये उचित और अनुचित मार्ग का निर्णय नहीं ले पाती। आज के माता-पिता, जो यह सोचते हैं कि कन्या को कुछ वर्ष नौकरी करा लेते हैं, फिर उनकी शादी कर देंगे, उनकी यह सोच उन पर आगे चलकर भारी पड़ने लगती है। मेरा मानना है कि लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई बुराई नहीं है पर शादी से पहले उन्हें नौकरी करने से रोकना चाहिए। अगर लड़की को कोई सरकारी नौकरी मिल गई है तब तो उस पर जरूर विचार किया जा सकता है।

अतः लड़कियों को खूब पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें खूब स्किल फुल बनाएं पर शादी से पहले नौकरी को यथासंभव टालें। डिग्री के साथ ही अगर नॉलेज व स्किल भी होगा तो नौकरी तो जरूरत पड़ने पर शादी के बाद भी की जा सकती है। इसलिए बेटियों का विवाह स्वयं के विवेक से सही समय (21 से 25) पर करें और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। विवाह के उपरांत जॉब करने व पढ़ाई जारी रखने में कोई समस्या नहीं आती।



शिवनाथ भारती
सदस्य, वरिष्ठ नागरिक सलाहकार परिषद

# कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र: 10 में 10 जीतने का ब्लूप्रिंट तैयार

● महेश शर्मा, कानपुर

यूपी में मिशन 80 फतह के लिए भाजपा ने 2019 के चुनाव की तरह कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भगवा फहराने की तैयारी कर ली है। पिछली बार सभी 10 सीटें जीती थी। इसमें कन्नौज लोकसभा सीट भी है जहां से स्व.मुलायम सिंह यादव की बहू अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव 2014 में सांसद चुनी गयीं थी। पर उन्हें भी 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने शिकस्त दे दी थी। डिम्पल मैनपुरी सीट से प्रत्याशी हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव के लड़ने की चर्चा है। उनके आने का असर पड़ सकता है।

मिशन 80 को पूरा करने के लिए जहां एक तरफ भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन भी चुनावी रणनीति की धार पैनी कर रहा है। कानपुर सीट पर न भाजपा और न ही विपक्षी गठबंधन का प्रत्याशी अब तक घोषित किया गया है। जीत की रणनीति के तहत भाजपा ने छह महीने पहले ही 10 लोकसभा क्षेत्रों और इनमें आने वाले 52 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारकों की तैनाती कर दी है।

कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों को तीन क्लस्टर में बांटा गया है। कानपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में बैठकों, कार्यशाला, संपर्क कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सघन दौरा कर रहे हैं। संगठन ने तीन क्लस्टर में क्षेत्र को बांटा है। बांदा क्लस्टर में हमीरपुर, बांदा और फतेहपुर लोकसभा की सीट शामिल हैं। कानपुर क्लस्टर में कानपुर महानगर, अकबरपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है। झांसी क्लस्टर में झांसी व जालौन लोकसभा सीटें हैं। इनके केंद्रीय चुनाव कार्यालय जनवरी में ही खोल दिए गए थे।



भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में है। यूपी का मिशन 80 पूरा करने में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों का योगदान होगा। यहां हर सीट 5 लाख के अंतर से जीतेंगे। माहौल राममय, मोदीमय है। सरकार के कार्य जीत का प्रमुख आधार होंगे।

**प्रकाश पाल,** क्षेत्रीय अध्यक्ष




कानपुर महानगर छोड़कर बाकी नौ सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए गए हैं। प्रत्याशी वहीं हैं जो 2019 में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इन क्षेत्रों में विपक्ष के मुद्दे जैसे इलेक्टोरल बॉंड, सीएए, महंगाई, बेरोजगारी बहुत ज्यादा असर नहीं डालते हैं। लोगों के दिलो-दिमाग पर रामलला मंदिर बसा हुआ है। इसके अलावा लाभार्थी वोट बैंक बहुत ज्यादा इस चुनाव में भी प्रभावी है जो भाजपा को मजबूती दे सकता है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के ठाकुर, और गठबंधन के पिछड़ा प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर त्रिकोणीय संघर्ष जैसी स्थिति बना दी है। हालांकि सपा-कांग्रेस गठबंधन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद बसपा के भी विपक्षी फोल्ड में आने की उम्मीद पाले बैठा है। लेकिन इस क्षेत्र में राम मंदिर की काट आसानी से ढूंढ़ पाना विपक्ष के लिए थोड़ा मुश्किल दिखता है।

दूसरे भाजपा की तैयारियां जमीन पर हैं तो विपक्ष अभी प्रत्याशी चयन में ही उलझा हुआ है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पांच लाख के अंतर से सभी 10 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था तो अबकी सपा-कांग्रेस का। मीडिया प्रभारी मोहित पांडे कहते हैं कि भाजपा के प्रति वोटरों के विश्वास के चलते समाजवादियों कन्नौज इटावा जैसे गढ़ में 2019 में भगवा फहरा दिया था। 10 में 10 जीत ली थी। अबकी भी यही रिजल्ट होगा। इनती तैनाती 2019 लोस और 2022 विस चुनाव में विस्तारकों की भूमिका कारगर साबित रही। यहां की 52 विधासभा सीटों में से भाजपा ने 41 जीत ली थी। जबकि 11 सपा ने जीती। विस्तारकों की तैनाती छह महीने पहले ही सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों व इनमें आने वाली 52 विधानसभा क्षेत्रों में की जा चुकी है। यानी 62 विस्तारक भेजे जा चुके हैं। यह कार्य लखनऊ से एमएलसी विजयबहादुर पाठक और उनकी टीम करती है। विधायक, सांसद, पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी, बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख का कामकाज कैसा है, विस्तारक फीडबैक लेकर इसकी रिपोर्ट बनाकर संगठन को भेजते हैं। क्षेत्र के नौ लोकसभा क्षेत्रों में सांसदों को ही टिकट देने का फैसला विस्तारकों की रिपोर्ट के आधार पर लिया बताया जाता है। फिलहाल अखिलेश यादव के कन्नौज से लड़ने की चर्चा भाजपा के लिए थोड़ा परेशानी का सबब है।

**कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2014**

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्तमत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 4,06,195 | रामेश्वर यादव( सपा) | 2,55,693 |
| इटावा ( सु) | अशोक दोहरे ( भाजपा) | 4,31,646 | प्रेमदास कठेरिया( सपा) | 2,66,700 |
| कन्नौज | डिंपल यादव ( सपा) | 4,89,164 | सुब्रत पाठक ( भाजपा) | 4,69,258 |
| कानपुर | एमएम जोशी ( भाजपा) | 4,74,712 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 2,51,766 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 4,81,584 | अनिलशुक्ल वारसी( बसपा) | 2,02,587 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,48,631 | ब्रजलाल खाबरी ( बसपा) | 2,61,429 |
| झांसी | उमा भारती ( भाजपा) | 5,75,889 | चंद्रपाल यादव ( सपा) | 3,85,422 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल ( भाजपा) | 4,53,884 | विश्वंभर निषाद ( सपा) | 1,87,095 |
| बांदा | भैरोप्रसाद मिश्र( भाजपा) | 3,42,066 | आरके पटेल ( बसपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति ( भाजपा) | 4,85,954 | अफजाल ( बसपा) | 2,98,778 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अंजूबाला( भाजपा) | 4,12,575 | अशोक रावत( बसपा) | 3,25,212 |

**कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2019**

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 5,69,880 | मनोजअग्रवाल( बसपा) | 3,48,178 |
| इटावा ( सु) | आरएसकटेरिया ( भाजपा) | 5,22,119 | कमलेश कटेरिया( सपा) | 4,57,682 |
| कन्नौज | सुब्रतपाठक ( भाजपा) | 5,63,087 | डिंपलयादव( सपा) | 5,50,734 |
| कानपुर | सत्यदेव पचौरी ( भाजपा) | 4,68,937 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 3,13,003 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 5,81,282 | निशा सचान ( बसपा) | 3,06,140 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,81,763 | अजयसिंह पंकज( बसपा) | 4,23,386 |
| झांसी | अनुराग शर्मा( भाजपा) | 8,09,272 | श्यामसुंदर यादव ( सपा) | 4,43,589 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल ( भाजपा) | 5,75,122 | दिलीप सिंह ( बसपा) | 3,36,470 |
| बांदा | आरके सिंह पटेल भाजपा) | 4,77,996 | श्यामचरण गुप्ता ( सपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति ( भाजपा) | 5,66,040 | सुखदेव वर्मा ( बसपा) | 3,67,835 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अशोक रावत( भाजपा) | 5,34,429 | नीलू सत्यार्थी( बसपा) | 4,33,757 |

## चुनाव कमाल का...

- 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के दौर तक कोई भी पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर नहीं दे सकी थी।
- 1962 का आम चुनाव पंडित जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के देहांत से लेकर इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने का गवाह रहा। कांग्रेस ने 494 सीटों में से 361 सीटें जीतीं।
- 1984 में हुए आम चुनावों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर दिया था। इस चुनाव में 415 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस इतिहास में रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी है।

## चुनावी तीर



यह विडंबना है कि वायनाड में राहुल गांधी की उम्मीदवारी के बारे में शिकायत करने वाली भाकपा तिरुवनंतपुरम में भाजपा की तरफ से खेल रही है। पिछले सप्ताह भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा था कि राहुल गांधी को केरल के वायनाड से चुनावी मैदान में उतारना कांग्रेस का विशेषाधिकार है, लेकिन जनता की राय है कि उनके कद के नेता को ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था, जहां वह सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती दे सकें।

**- शशि थरूर,** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता



भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रही थी वह अदालत में विचाराधीन है इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। भाजपा के पास अदालत के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है क्योंकि चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आ चुकी है। आज पूरे देश में तानाशाही का राज चल रहा है, जिसको जब मर्जी जैसे भी उठा लो। भाजपा को अशोक चौहान की फाइल भी निकालवानी चाहिए।

**-गोपाल राय,** प्रदेश संयोजक, आप



इस बार का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम संपूर्ण भारत होगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया को केंद्र में सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिलेगा, कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा पर जीत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी 400 के पार जाने का दावा खोखला है।

**- भूपेश बघेल,** पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# मतदाताओं की बेरूखी बढ़ा रही सियासी दलों की बेचैनी

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार।** कुमाऊं मंडल के हिमालयी रीजन की अल्मोड़ा सीट पर पिछले 67 सालों के इतिहास में हुए 18 लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की मतदान को लेकर बेरूखी सियासी दलों के रणनीतिकारों की पेशानी पर हमेशा से बल डालती आई है। इस सीट पर सिर्फ एक बार के मिथक को छोड़ दें तो कभी भी सांसद चुनने के लिए कुल पंजीकृत मतदाताओं में से पचास प्रतिशत मतदाताओं तक ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। मतदाताओं की यह बेरूखी कई बार दोनों मुख्य दलों की उम्मीदों पर पानी भी फेर चुकी है।


आजादी के बाद की बात करें तो अल्मोड़ा सीट पर पहली बार 1952 में सांसद चुनने के लिए पहली बार चुनाव कराए गए और इस चुनाव में महज 27 फीसद मतदान हुआ। मतदान के प्रतिशत को देखते हुए वर्ष 1957 में हुए स्वतंत्र मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए गए। लेकिन परिणाम बेहतर आने के बजाय निराशाजनक साबित हुए और इस बार मतदान का प्रतिशत केवल 19 फीसद रहा। उसके बाद 1962 में 27.30 प्रतिशत, 1967 में 28 प्रतिशत, 1971 में 29 प्रतिशत, 1977 में 44 प्रतिशत, 1980 में 38 प्रतिशत, 1984 में 45 प्रतिशत, 1989 में 44 प्रतिशत, 1996 में 43.38 प्रतिशत, 1998 में 46.45 प्रतिशत और 1999 में केवल 41.82 प्रतिशत लोगों ने लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वर्ष 2000 में पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहां वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव हुए। राज्य के इस पहले चुनाव में 49.89 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों तक पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। फिर 2009 में हुए दूसरे चुनाव में यह आंकड़ा घटकर 46.75 प्रतिशत पर रह गया। आखिरकार वर्ष 2014 के चुनावों में आधे कम मतदान का मिथक टूट और इस बार रिकार्ड 53.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। लेकिन नवोदित राज्य के चौथे चुनाव में यह आंकड़ा आगे बढ़ने के बजाय फिर पीछे खिसक गया और 2019 के चुनावों में फिर 48.78 प्रतिशत मतदाता ही मतदान के लिए अपने घरों से बाहर निकले। लोकसभा चुनावों के प्रति मतदाताओं की यह बेरूखी इस बार भी सियासी दलों के गले की हड्डी बनी हुई है।

**2014** में टूटा मिथक तो पहली बार 53 .22 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट

### सांसदों की अनदेखी बनी खलल

लोकसभा चुनावों में मतदान कम होने का एक कारण मतदाताओं के प्रति सांसदों की बेरूखी भी है। चुनाव के वक्त भले ही प्रत्याशी सड़क मार्गों वाले गांव कस्बों तक पहुंच जाते हों। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह दोबारा वहां जाना भी मुनासिब नहीं समझते। बात अल्मोड़ा लोकसभा के दुर्गम क्षेत्रों में बसे गांवों में रहने वाले मतदाताओं की करें तो आज भी अनेक ऐसे मतदाता होंगे। जिन्होंने अपने सांसद को सिर्फ तस्वीरों में ही देखा होगा।




**67** सालों में सिर्फ एक बार टूटा आधी से कम आबादी का मिथक

**1957** में सबसे कम 19 फीसद हुआ मतदान

### चक्रव्यूह भेदने से कम नहीं होगा 75 प्रतिशत का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल ही नही बल्कि निर्वाचन आयोग भी पूरी मशक्कत में जुटा हुआ है। लेकिन निर्वाचन के पुराने आंकड़ों पर गौर करें तो यह काम किसी चक्रव्यूह को भेदने से कम नहीं है। निर्वाचन विभाग ने इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 75 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। नए और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के प्रति संकल्पबद्ध करने के प्रयास भी हो रहे हैं। पूर्व में केंद्र और राज्य सरकार भी मतदाताओं के रिझाने के लिए कई मोहरे चल चुकी है। ऐसे में अब यह देखना है कि इस चुनाव में सांसद चुनने के लिए आधे से अधिक आबादी अपनी दहलीज से बाहर कदम रखती है या नहीं।

# बदायूं में आधी आबादी ने निभाई पूरी जिम्मेदारी

- पिछले लोकसभा चुनाव में पुरुषों के बराबर महिलाओं ने किया था मतदान
- हर विधानसभा में 57 से 58 फीसदी महिलाओं ने किया था मताधिकार का प्रयोग

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी डुगडुगी पिट सकती है। प्रशासन से लेकर राजनैतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी बदायूं लोकसभा सीट पर चुनाव रोचक होने वाला है। जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहेगी। पिछली बार महिलाओं ने पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर मतदान किया था। इस बार भी सभी दलों के प्रत्याशी जीत के लिए महिलाओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जो चुनावी राजनीति में महिलाओं के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे आयोजनों से साफ जाहिर है कि महिला मतदाताओं की तरफ राजनीतिक दलों का इतना ध्यान पहले कभी नहीं रहा। महिला मतदाताओं की संख्या और मतदान में उनकी हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस बार का चुनाव खास होगा। लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण के साथ-साथ महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी। लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों के इस्तेमाल के मामले में महिला वोटरों में जागरूकता बढ़ी है। पहले मतदान को लेकर महिलाओं में बहुत उत्साह नहीं होता था। लेकिन अब महिलाएं खुलकर मतदान में भाग ले रही हैं।

### 8 लाख 64 हजार 244 महिलाएं पहुंची बूथ तक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 23 लाख 79 हजार 17 थी। उस समय कुल मतदान 57 .15 प्रतिशत हुआ था। जिसमें 8 लाख 64 हजार 244 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

**24,01,020** कुल मतदाता

**12,87,880** पुरुष मतदाता

**11,12,024** महिला मतदाता

**116** थर्ड जेंडर हैं बदायूं लोकसभा में

### 2019 में 56 से 58 प्रतिशत महिलाओं ने किया था मतदान

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पुरुषों ने 55 से लेकर 58 फीसद तक मतदान किया था। वहीं महिलाओं का वोट प्रतिशत भी कम नहीं था। बिसौली विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों ने 58 .84 फीसद मतदान किया था। वहीं 58 .71 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह सहसवान में 57 .40 प्रतिशत पुरुष, 56 .15 प्रतिशत महिलाओं, बिल्सी में 55 .28 प्रतिशत पुरुष और 55 .50 प्रतिशत महिलाएं तथा बदायूं विधानसभा क्षेत्र में 57 .77 फीसद पुरुष और 56 .95 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

# हर दल के प्रत्याशी को भेजा संसद पर बसपा के हाथ खाली

● सलमान खान, मुरादाबाद

- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनाव में से 11 बार जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा के सामने पाने और सपा को सीट बचाने की चुनौती, बसपा ने उतारा है मुस्लिम प्रत्याशी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द होनी है। इसे लेकर पार्टियां पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से आजादी के बाद से आज तक जनता ने सभी दलों के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर संसद भेजा, लेकिन बसपा पर मेहरबानी नहीं की। बहुजन समाज पार्टी को आज भी जीत का इंतजार है। 2014 में जीत का खाता खोलने वाली भाजपा इस बार फिर से यह सीट वापस पाने में जुटी हैं। लेकिन बसपा को छोड़कर किसी पार्टी ने अपना प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किया है।

पीतल नगरी से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला जिगर का शहर चुनाव की सियासत में भी अपनी खास पहचान रखता है। यहां से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजहरूद्दीन भी 2009 में सांसद रह चुके है। लोकसभा चुनाव में पक्ष या हो विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण सुहाता है। यहां की जनता बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के चेहरों को चुनकर संसद भेज चुकी है। जनपद में अल्पसंख्यकों की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। नतीजों पर भी इसका साफ असर नजर आता है। अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने यहां की नुमाइंदगी की है। अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने के बाद हुए पहले दो चुनाव पर इसका रंग भी था।

कांग्रेस के रामसरन को लगातार दो बार जीत मिली। लेकिन 1962 में यहां पहला बदलाव हुआ और सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने निर्दलीय चुनकर संसद भेजा। जनता का फिर मन बदला और 67 और 71 में जनसंघ के प्रत्याशी को जीत दिलाकर सांसद बनाया। 77 में जनता पार्टी की आंधी में मुरादाबाद भी बहा और जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। अगले चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया।

### 1984 में कांग्रेस ने फिर जीती बाजी

13 अगस्त 1980 को ईद के दिन फैली एक अफवाह ने पीतल नगरी को दंगों की आग में झोंक दिया था। दंगे की वजह और जिम्मेदार जो भी रहे हों, लेकिन इसने यहां का मिजाज बदल दिया। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के सुर सियासी फिजा में मुखर होने लगे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए चुनाव में जीत तो कांग्रेस के हाफिज मोहम्मद ने हासिल की, लेकिन चार साल पहले अस्तित्व में आई भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई और उसे 83 हजार से अधिक वोट मिले। 1989 और 91 में जनता दल के टिकट पर मुरादाबाद से गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला लेकिन 91 के बाद यहां भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई। अब भाजपा फिर से इस सीट पर कमल खिलाने की जुगत में है।

### भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। अगले तीन दशक की लड़ाई एकाध मौकों को छोड़कर इनकी नुमाइंदगी करने वाले पार्टियों के बीच ही सिमट गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की गणित माकूल थी। 96 में सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित कर दिया, लेकिन उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इसके पीछे बड़ी वजह बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिलना था। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार भी शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते थे। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर नया प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न कर अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। जिससे सपा के बर्क को 1.53 लाख वोट मिले और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट। बहुसंख्यक वोटों का एका चंद्रविजय के पक्ष में गया और 2.53 लाख वोट से वह चुनाव जीते।

### 2009 में क्रिकेटर अजहर ने की बैटिंग

बल्लेबाजी के लिए चर्चित भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा था। अजहरुद्दीन को यहां की जनता का भरपूर सहयोग मिला था और 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने फिर जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी महज दो प्रतिशत वोट हासिल जमानत भी गंवा बैठे।

### मोदी लहर से 2014 में खिला कमल



2014 में भाजपा की जीत का इंतजार मोदी लहर में खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों के जबरदस्त ध्रुवीकरण ने भाजपा के सर्वेश सिंह को लगभग 88 हजार वोटों से जीत दिलाकर पीतलनगरी में कमल खिला दिया। सपा के डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी हार गए।

### 2019 में सपा-बसपा गठबंधन को मिली जीत

2019 में 2014 में हुए बिखराव को रोकने के लिए सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था और डॉ. एसटी हसन को प्रत्या शी बनाकर मैदान में उतारा था। सपा को यहां चौथी बार जीत मिली और भाजपा 98 हजार वोटों से पिछड़ गई। जबकि कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी की जमानत जब्त हो गई थी। 96 से हर चुनाव में बसपा ने उम्मीदवार खड़े किए वह तीसरे नंबर पर रही, लेकिन पहला नंबर तय होने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही।

### इस बार सपा के लिए सीट बचाने की लड़ाई

सपा के सामने सीट बचाने और भाजपा के सामने दूसरी बार कमल खिलाने की लड़ाई है। मुरादाबाद से सपा ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन की मजबूत दावेदारी है। भाजपा से पिछली बार सर्वेश सिंह लड़े थे। सर्वेश सिंह इस बार भी मजबूती से टिकट की लाइन में लगे हैं। लेकिन भाजपा प्रत्याशी चयन में कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वह हर हाल में इस सीट को अपनी झोली में डालना चाहती है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को उतार कर दूसरों के लिए चुनौती पेश की है।

# अमेठी के गांव में उठा नारा... 'रोड नहीं तो वोट नहीं' मतदान का किया बहिष्कार

**अमेठी (उप्र)।** अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील स्थित एक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। अर्से से वीवीआईपी जिला माने जाने वाले अमेठी की तहसील गौरीगंज के जामो विकासखंड में पूरे अल्पी तिवारी ग्रामसभा स्थित सरमें पुरवा के निवासियों ने गांव के बाहर एक बैनर लगाया है, जिसमें 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ 'नेताओं, शर्म करो। आजादी के बाद से हम लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लिखा है।

सरमें पुरवा गांव के निवासी ओमप्रकाश ओझा, राम अभिलाष ने मंगलवार को बताया कि गांव में जाने-आने का पक्का रास्ता न होने के कारण बहुत मुश्किल होती है और बारिश के मौसम में स्थिति बदतर हो जाती है। हालात यह है कि गांव के लोगों को अपने बच्चों की शादी का आयोजन मजबूरन किसी दूसरी जगह करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी का भी सही बंदोबस्त नहीं है। यह गांव उस अमेठी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जो कई दशकों तक केन्द्र की सत्ता में दबदबा रखने वाले नेहरू-गांधी परिवार का सियासी गढ़ रहा और पिछले पांच साल से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां से सांसद हैं। लगातार उपेक्षा से तंग आकर अब ग्रामीणों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। गौरीगंज के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच कराई जा रही है।

## एक नजर

### सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव, कार्यकारिणी सदस्य नामित

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को दूधनाथ पटेल (प्रयागराज) और आशीष कुमार मौर्य (कौशाम्बी) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि गोविन्द त्रिपाठी (कानपुर ग्रामीण), सुधाकर त्रिपाठी (औरैया) और रंगीलाल यादव (प्रयागराज) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। वहीं, पुष्पेन्द्र सिंह यादव निवासी उन्नाव, रिंकू यादव निवासी गोमती नगर लखनऊ, मोहसिन रज़ा निवासी बरेली और अनिल यादव निवासी जौनपुर को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

# 1.16 अरब भुगतान, किसानों की संख्या का पता नहीं

## कृषि निदेशालय ने खरीफ फसलों के क्षतिपूर्ति की मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सख्ती के बाद भी कंपनियों की मनमानी जारी है। इस वजह से योजना में पारदर्शिता नहीं आ रही है।

कंपनियों ने अधिकांश जिलों में बीमित खरीफ (2023-24) फसल धान, तिल, मक्का, बाजरा, उड़द, ज्वार आदि का 1.16 अरब रुपये किसानों को भुगतान किया है। यह क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान आकलन कर दी गई है। लेकिन, क्षतिपूर्ति कितने किसानों को मिली उनकी संख्या योजना के संबंधित कृषि विभाग को नहीं दी है। इससे विभाग के लिए यह बताना मुश्किल है कि कितने जिलों में कितने किसानों को कितना भुगतान हुआ।



▶▶ कंपनियों ने किसान व सरकार से लिया था 600.95 करोड़ प्रीमियम

हवाला यह भी कंपनियों द्वारा दिया गया कि दूसरे चरण में और भुगतान करेंगे। हालांकि कृषि निदेशालय ने कंपनियों से नुकसान, क्लेम और पहले व बाद में किए जाने भुगतान की विधिवत रिपोर्ट मांगी है। उप निदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले भुगतान किया गया है। इसकी कंपनियों से रिपोर्ट मांगी है।

**रबी की कटाई में खरीफ का क्लेम :** खरीफ 2023-24 की फसलें अप्रैल से जुलाई तब बीमित की गईं थीं और कटाई नवंबर से दिसंबर तक हुई थी। कटाई के दौरान क्षतिपूर्ति का आकलन किया गया था। जिसका भुगतान इस रबी फसल की कटाई के दौरान किया गया है। भुगतान में भी देरी हुई।

**खरीफ फसल 2023-24 में बीमा की स्थिति**

| | |
|---|---|
| ▶▶ किसान | 23.54 लाख |
| ▶▶ बीमित क्षेत्रफल | 16.09 लाख हेक्टेयर |
| ▶▶ बीमित राशि | 9056.64 करोड़ |
| ▶▶ कृषक प्रीमियम | 181.13 करोड़ |
| ▶▶ राज्य अनुदान | 209.91 करोड़ |
| ▶▶ केंद्र अनुदान | 209.91 करोड़ |
| ▶▶ कुल प्रीमियम | 600.95 करोड़ |



मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का माला पहनाकर स्वागत करते समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

# सरकार न नीति बनाएगी न करेगी नया कार्य

## आचार संहिता : केंद्र व राज्य की सरकारों को खास गाइड लाइन पर कार्य करने का निर्देश

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराने के लिए खास गाइड लाइन भेजी है। इस दौरान सरकार को नीति बनाने और नियुक्ति-प्रतिनियुक्ति, नए कार्य और घोषणाओं के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सभी कार्यों से 4 जून तक रोका गया है। यदि चुनावी आचार संहिता के दौरान किसी तरह की नीति संबंधी एलान जरूरी है, तो राज्य या केंद्र सरकार को चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी।

लोकसभा की चुनावी आचार संहिता 16 मार्च से लागू हो गई है। यह 4 जून तक प्रभावी रहेगी। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच 7 चरणों में होना है। आचार संहिता लागू होने के बाद अब देशभर से शासनिक-प्रशासनिक अधिकारी की सत्तादल के लिए पक्षपात करने समेत मंत्रियों को लेकर मतदाता को प्रभावित करने की आशंकाओं की तमाम शिकायतें शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री के सचिव का काम देखते हुए गृह विभाग का मुखिया बने छह राज्यों के आईएएस अफसरों से गृह विभाग वापस लेकर संदेश भी दिया गया है। यही नहीं पं बंगाल के डीजीपी को बदलने के बाद भी पैनल में शामिल जिस अधिकारी की नियुक्ति हुई, उसके खिलाफ राज्य सरकार के लिए मतदान प्रभावित करने की शिकायतों पर फिर बदलाव करना पड़ा।



▶▶ चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराता है चुनाव आयोग

दरअसल, चुनावी आचार संहिता मौजूदा सरकारी गतिविधियों पर किसी तरह की रोक नहीं लगाती है, लेकिन किसी तरह के नए एलान या नई नीति के लिए नई सरकार के गठन तक इंतजार करना पड़ेगा। भले ही किसी विशिष्ट योजना के लिए बजट प्रावधान आवंटित किया गया हो या उसे पहले ही मंजूरी दे दी गई हो, चुनाव अवधि के दौरान घोषणा या उद्घाटन निषिद्ध है। आपातकालीन या अप्रत्याशित आपदाओं से निपटने के लिए, जैसे कि सूखा, बाढ़, महामारी या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना, साथ ही वृद्धों और अशक्तों के लिए कल्याणकारी उपायों को लागू करने को लेकर सरकार चुनाव से पूर्व अनुमोदन के साथ ही पहल कर सकती है। गेहूं और अन्य कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के मामले में कोई भी निर्णय लेने से पहले चुनाव आयोग से परामर्श किया जाना जरूरी है। यह एहतियाती कदम यह सुनिश्चित करता है कि ऐसे महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय चुनावी विचारों से प्रभावित न हों। चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए चुनावों की घोषणा होने के बाद मंत्रियों और अन्य अधिकारियों को विवेकाधीन निधि से अनुदान या भुगतान को मंजूरी देने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसी भी योजना के लिए सांसदों/विधायकों/एमएलसी स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत धन जारी करना चुनावी प्रक्रिया पूरी होने तक निलंबित है। इन उपायों का उद्देश्य चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों को बनाए रखना है।

### सरकारों के लिए खास गाइडलाइंस

आयोग के नियमों के मुताबिक मंत्रियों और अन्य अथॉरिटी को किसी तरह के फाइनेंशियल ग्रांट की घोषणा करने या ऐसा कोई वादा करने की अनुमति नहीं होती है। मंत्री और अन्य अथॉरिटी विवेकाधीन फंड से किसी तरह के ग्रांट/भुगतान की मंजूरी नहीं देंगे। अधिकारियों को छोड़कर मंत्री या अन्य अथॉरिटी किसी भी तरह की परियोजना की आधारशिला नहीं रखेंगे। वे विकास से जुड़ी किसी भी परियोजना को शुरू नहीं कर सकते, मसलन सड़कों का निर्माण, पेय जल सुविधाओं आदि। सरकार या पब्लिक सेक्टर इकाइयों में तात्कालिक आधार पर किसी भी तरह की नियुक्ति की अनुमति नहीं होगी, इसके जरिये मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता है।

### अब ऑनलाइन अनुरोध की सुविधा

पहले पिछले चुनावों में नियमों में ढील और आचार संहिता उल्लंघन के सभी मामले मैन्युअल तरीके से देखे जाते थे, जिसमें बहुत ज्यादा वक्त लगता था। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इन अनुमतियों की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विशेष पोर्टल बनाया गया। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्रालय या विभाग सीधे तौर पर ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं।

## पदोन्नति और वेतनमान को लेकर भेदभाव का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस के पदोन्नति और वेतनमान बढ़ाने में भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। इसे लेकर मांगी गई एक सूचना के मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखकर जवाब मांगा गया है।

विमल कुमार द्विवेदी (अधिवक्ता हाईकोर्ट) ने आरटीआई के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय से सूचना मांगी है। सूचना में 1998 में आरक्षी भर्ती, 2008 में मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस परीक्षा हुई थी। 2015 में सभी को एक साथ स्टार लगाया गया और सभी कार्मिक एक ही जनपद में नियुक्त भी रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने दिसंबर 2016 में नागरिक पुलिस मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति और 4200 का ग्रेड पे दे दिया। जबकि उसी जनपद में नियुक्त सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षियों को न तो पदोन्नति दी गई और न ही ग्रेड पे। वकील अधिक्ता विमल के मुताबिक 2015 में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली 2015 बनाई गई थी। जिसके अनुसार पुलिस एक्ट धारा-2 के अंतर्गत भर्ती सभी सदस्य नियमावली के सदस्य माने गए हैं। फिर भी पीएसी में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकरण में एक उच्च अधिकारी की भूमिका रही है।

# बाजार में ग्राहकों से प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग अपनी दुकानदारी करते हुए भी बाजार में ग्राहकों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें। देश में लोकतंत्र, संविधान और आजादी को बचाना है।

अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में एकमत से बूथस्तर तक अपनी भूमिका तय करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में संकल्प लिया गया कि पीडीए की विचारधारा पर आधारित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में व्यापारी कसर नहीं छोड़ेंगे।

बैठक में अखिलेश यादव ने दानदाता भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने की और कार्यक्रम का संचालन अभिमन्यु गुप्ता ने किया। इस दौरान सपा प्रमुख ने समाजवादी व्यापार सभा के मुख्य प्रस्ताव और सपा सरकार में हुए महत्वपूर्ण कार्यों की विवरण पुस्तिका का विमोचन किया तथा सदस्यता प्रमाण पत्र दिए।

▶▶ अखिलेश यादव ने समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को किया संबोधित

▶▶ सपा प्रमुख ने समाजवादी व्यापार सभा की विवरण पुस्तिका का किया विमोचन

बैठक में मुख्यरूप से अजय सूद, वोट सिंह यादव, विजय जायसवाल, यासिर सिद्दीकी, हरदीप सिंह राखड़ा, अजय चौरसिया, रामेश्वर दयाल गुप्त आदि की मौजूदगी रही।

## मैनपुरी के अफसरों पर चुनाव आयोग कर सकता है कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी की शिकायत पर मैनपुरी में तैनात पुलिस व प्रशासन के अफसरों पर कार्रवाई होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सपा की ओर से दिए गए शिकायती पत्र को भारत निर्वाचन आयोग को भेज दिया है। सपा ने बीते दिन अपने शिकायती पत्र में राज्य सरकार पर मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया था। साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग की ओर से इस प्रकरण में जल्द कार्रवाई हो सकती है। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों कहना है कि वर्ष 2022 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में सपा नेता रामगोपाल यादव ने मैनपुरी के अफसरों के खिलाफ शिकायत की थी, इस पर आयोग ने संबंधित अफसरों को हटाने के निर्देश दिए थे।

# विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना ही शिक्षक अतुल का लक्ष्य

## बोर्ड परीक्षा की कॉपियां चेक करने में बहाने बनाने वाले शिक्षकों के लिए नजीर हैं बीकेटी इंटर कॉलेज के अुतल

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद कॉपियों का मूल्यांकन जारी है। निर्धारित समय में मूल्यांकन हो इसके लिए विभाग से लेकर निदेशालय स्तर के अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। एक ओर जहां अधिकांश शिक्षक बीमारी का बहाना बनाकर मूल्यांकन कार्य से दूरी बना रहे हैं। वहीं बख्शी का तालाब एडेड इंटर कॉलेज के दिव्यांग शिक्षक अतुल मिश्रा मिसाल बनते दिख रहे।

गणित का अध्यापन करने वाले शिक्षक अतुल को कॉपियों का मूल्यांकन करते हुए देखकर जेडी मध्यामिक डॉ. प्रदीप कुमार भी हैरान रह गये। ऐसे में उनकी ओर से ये कहना ही पड़ा कि मिश्रा जी आप मूल्यांकन छोड़कर कुछ दिन अवकाश क्यों नहीं ले लेते हैं? इस पर शिक्षक ने जवाब दिया कि सर ये मेरा कार्य है और बच्चों के हित में मूल्यांकन समय पर पूरा हो ऐसी मेरी कोशिश है। मेरे जीवन का उद्देश्य ही है विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना।



दिव्यांग शिक्षक की स्थिति को देखकर जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार अवकाश लेने की सलाह देते हुए। अमृत विचार

▶▶ जेडी ने शिक्षक से कहा, मिश्रा जी आप मूल्यांकन छोड़कर कुछ दिन अवकाश क्यों नहीं ले लेते

दरअसल, जेडी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार की ओर से मूल्यांकन केन्द्रों का दौरा जारी है। मंगलवार को वह गोमती नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक शिक्षक केन्द्र के बाहर कार में बैठकर कॉपियां जांच रहे हैं। बाहर कॉपी जांचने की बात पर केन्द्र के कर्मचारियों ने जेडी को बताया कि उक्त शिक्षक दिव्यांग हैं, वे क्लास में कॉपी नहीं जांच सकते। जेडी ने जब पास जाकर देखा तो शिक्षक अतुल की कर्तव्यपरायणता के कायल हो गए। बताया गया कि अतुल 'मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' से पीड़ित हैं। वह मूल्यांकन ड्यूटी से कभी पीछे नहीं रहते हैं।

> उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय जब लोग तरह-तरह के बहाने बनाकर ड्यूटी कटवाने में लगे रहते हैं तो अपने दायित्व के प्रति इस तरह की प्रतिबद्धता गौरवान्वित और रोमांचित करती है। ऐसे शिक्षक माध्यमिक शिक्षा विभाग के गौरव हैं। मैं इनके जज्बे और अपने दायित्व के प्रति इनके समर्पण को सलाम करता हूं। इनके सुखद और समृद्धि भविष्य की कामना करता हूं।
>
> **-डॉ. प्रदीप कुमार,** जेडी, माध्यमिक लखनऊ मंडल

### शिक्षक ने अवकाश लेने से किया इनकार

जेडी ने शिक्षक अतुल मिश्रा के बारे में बीकेटी इंटर कॉलेज से जानकारी कराई तो पता चला कि वह नियमित विद्यालय आकर बच्चों को पढ़ाते हैं। जल्दी अवकाश भी नहीं लेते हैं। जेडी शिक्षक के हौसले को देखकर दंग रह गए। जेडी ने दोबारा भी कहा आप कृपया मूल्यांकन से छुट्टी ले लीजिए, लेकिन शिक्षक ने अवकाश लेने से इनकार कर दिया।


## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. एक वजनी धातु जो मटमैले रंग की होती है, (लेड)।
3. 1. (पुराण) दुर्गा का एक रूप
6. काशी की परिक्रमा जिसमें पांच पड़ाव हैं- कंदवा
7. 1. मकड़ी द्वारा बनाया गया जाला 2. जाल, जंजाल 3. किसी के द्वारा किया गया षड्यंत्र, साजिश,फ़रेब।
9. 1. पंथ, संप्रदाय 2. जमात, समुदाय 3. वर्ग 4. गुट, दल, गिरोह, जत्था 5. जाति।
10. 1. शनि नामक ग्रह, शनैश्चर 2. (ज्योतिष) एक देवता 3. शनिवार 4. जिसके आने से कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. (काव्यशास्त्र) आर्या छंद का तेइसवां भेद जिसमें पांच गुरु और अड़तालीस लघु मात्राएं होती हैं 2. मादा सारस पक्षी।
4. 1. चमकीला, जिसमें ख़ूब चमक-दमक हो,भड़कीला 2. अलंकृत, शब्दाडंबरपूर्ण।
5. 1. जो चलायमान या गतिशील हो, चपल, जिसमें स्थायित्व न हो 2. जो किसी एक स्थिति या एक स्थान पर न रहता हो, जो स्थिर न हो
6. पंजाब राज्य की भाषा।
8. 1. पूछने वाला व्यक्ति 2. आदर करने वाला व्यक्ति 3. देखरेख या ख़ोज-ख़बर लेने वाला व्यक्ति।



### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 रो | 2 मि | 3 ल | | 4 ब | |
| 5 रू | | 6 स | ट | क | ना | |
| ह | | | के | | ना | |
| | 7 स | 8 ज़ी | दा | | | 9 घ |
| | | 10 न | र | मा | ह | ट |
| 11 पू | जि | त | | | | वा |
| | | | 12 ब | रा | ब | र |

## सुडोकू -94

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | 2 | | 3 | |
| | 3 | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 4 | |
| 6 | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| | | 1 | | | 3 | 9 | | |
| | | 4 | | 7 | | | | 2 |
| 5 | 8 | | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | 1 | |
| | 1 | | 3 | | 6 | 4 | | |

### सुडोकू -93 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-एकादशी 21 मार्च 02.22 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 22.38 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाज़ी न करें। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। शरीर में कोई समस्या या कमजोरी महसूस हों तो चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

**वृष** – आज आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। अपने बुद्धि-विवेक और कौशल का परिचय देंगे। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पा लेंगे।

**मिथुन** – आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेन्स को लेकर स्थिति मजबूत होगी। घर-परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। लोग पीठ-पीछे आपकी आलोचना करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें।

**कर्क** – आज कार्यशैली में सार्थक बदलाव ला सकते हैं। ऑफिस में आपको सीनियर्स का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानी दूर होगी। आज समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** – आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। अपने काम पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। लवमेट्स से किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। अपने खानपान को लेकर सावधानी रखें।

**कन्या** – आज संपति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। आपको शरीर को काफी आराम देने की आवश्यकता है। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है।

**तुला** – आज आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर सुधार करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनायेंगे। उच्च शिक्षा संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक** – आज धार्मिक यात्राओं की प्लानिंग कर सकते हैं। आज अपने प्रेमी से दिल की बात कह सकते हैं। यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं तो यह दिन बहुत ही अच्छा है। बॉस से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**धनु** – आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने कि संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता जगह ले सकती है। सेहत में थोड़ी खराबी आने की आशंका है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

**मकर** – आज आप अपने कार्यों को तय समय पर पूरा कर लेंगे। जीवनसाथी आपसे काफी आकर्षित रहेगा। अविवाहित जातकों का विवाह तय हो सकता है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज पुराना कर्ज चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। रक्त विकार उत्पन्न हो सकते हैं। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें फिलहाल ज्यादा अपेक्षा रखना उचित नहीं है।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों और सुझाव की प्रशन्सा होगी। शाम के समय परिजनों की किसी बात पर आपको गुस्सा आ सकता है। किसी भी तरह के व्यसन व बुरी आदत से दूर रहें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- देवता – दोपहर : 12.00
- धड़कन – शाम : 06.59

SONY MAX
- बाटला हाउस – सुबह : 11.06
- फैंटम – रात : 09.23

SONY PIX
- जुमांजी : द नेक्स्ट लेवल – सुबह : 11.26
- जस्टिस लीग – शाम : 06.54

ZEE CINEMA
- अपहरण – सुबह : 10.30
- अनजाना अनजानी – रात : 07.30

colors CINEPLEX
- चमत्कार – सुबह : 08.24
- आर राजकुमार – रात : 09.36

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.23 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- आज ये रोटियां जली हुई कैसी हैं?
पत्नी- क्योंकि मैं आजकल खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति- तुम्हारे खूबसूरत होने से रोटी जलने का क्या लेना-देना है?
पत्नी- रोटियां भी मेरी खूबसूरती को देखकर जलने लगी हैं।
पत्नी की बात सुनकर पति रह गया दंग।

अध्यापक ने एक छात्र से पूछा - बताओ, शाहजहां कौन था?
छात्र- जी, वह एक मजदूर था...
अध्यापक- कैसे?
छात्र- आपने ही तो कहा था कि शाहजहां ने कई इमारतों का निर्माण किया था...

# दो दशक बाद पूर्व पुलिसकर्मी को उम्रकैद

**फर्जी मुठभेड़ मामला**

- **बॉम्बे हाईकोर्ट ने बरकरार रखा निचली अदालत का फैसला, 13 पुलिसकर्मी समेत 22 पर था आरोप**

**मुंबई, एजेंसी**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2006 में गैंगस्टर छोटा राजन के करीबी सहयोगी रामनारायण गुप्ता की फर्जी मुठभेड़ के मामले में मंगलवार को पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को दोषी ठहराया व उम्रकैद की सजा सुनाई है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने शर्मा को बरी करने के सत्र न्यायालय के 2013 के फैसले को गलत और अस्थिर करार देते हुए रद कर दिया। दो दशक बाद अदालत ने कहा, ट्रायल कोर्ट ने शर्मा के खिलाफ उपलब्ध भारी सबूतों को नजरअंदाज कर दिया था। सबूतों की सामान्य श्रृंखला मामले में उनकी संलिप्तता को स्पष्ट रूप से साबित करती है। पीठ ने शर्मा को तीन सप्ताह में संबंधित सत्र अदालत के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मियों सहित 13 व्यक्तियों को निचली अदालत द्वारा दी गई दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को भी बरकरार रखा और छह अन्य आरोपियों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को रद कर दिया और उन्हें बरी कर दिया है। हत्या के लिए 13 पुलिसकर्मियों सहित बाईस लोगों पर आरोप लगाया गया था। 2013 में सत्र न्यायालय ने सबूतों के अभाव में प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया और 21 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 21 आरोपियों में से दो की हिरासत में मौत हो गई। जहां अभियुक्तों ने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की, वहीं अभियोजन पक्ष और मृतक के भाई रामप्रसाद गुप्ता ने प्रदीप शर्मा को बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। मीडिया के मुताबिक, विशेष लोक अभियोजक राजीव चव्हाण ने तर्क दिया था कि वर्तमान मामले में, जो अधिकारी कानून और व्यवस्था के संरक्षक थे, वे स्वयं एक चरणबद्ध निर्मम हत्या में शामिल थे। मामले में शर्मा को दोषी ठहराने की मांग करने वाले अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया था कि पूर्व पुलिसकर्मी अपहरण और हत्या के पूरे ऑपरेशन का मुख्य साजिशकर्ता और प्रमुख था। 11 नवंबर, 2006 को लखन भैया का फर्जी एनकाउंटर हुआ था। 33 साल के वसई मुंबई के रहने वाले लखन भैया पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था, उसे 11 नवंबर, 2006 को मुंबई पुलिस की एक टीम ने छोटा राजन गैंग के संदिग्ध सदस्य के रूप में हिरासत में लिया था उसी दिन शाम को मुंबई में लखन भैया का एनकाउंटर हो गया था।

## प्रशासनिक बैठक में शामिल होने पर विवादों में घिरे नवाज

**इस्लामाबाद।** आम चुनाव के बाद से गायब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ ने पंजाब सरकार की तीन प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में उनकी उपस्थिति ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। दरअसल, नवाज के पास मौजूदा समय में कोई आधिकारिक पद नहीं है।

तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने सोमवार को अपनी बेटी मरियम शरीफ के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। इस बैठक के बाद एक हैंडआउट जारी किया गया, जिसमें बताया गया कि नवाज ने अधिकारियों को परियोजनाओं के लिए निर्देश जारी किए। ऐसे में उनका बैठक की अध्यक्षता करना कई सवाल खड़े करता है।

# निष्क्रिय डीमैट अकाउंट क्लोज कराएं नहीं तो देनी होगी फीस

*अगर आप अपने डीमैट खाते का लगातार इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ऐसे में आपका अकाउंट इनएक्टिव हो सकता है या फिर आपको अकाउंट के लिए मेंटेनेंस फीस चुकानी पड़ सकती है। इस तरह के अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए बेहतर है कि इसे बंद करा दें।*

### कब निष्क्रिय होता है खाता

एनएसई के नियम के मुताबिक, यदि किसी ट्रेडिंग अकाउंट में 12 महीने से कोई लेनदेन नहीं होता तो स्टॉक ब्रोकर को उस ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट को निष्क्रिय के रूप में वर्गीकृत करना होगा। एनएसई द्वारा जारी सर्कुलर अन्य स्टॉक एक्सचेंजों पर भी लागू होता है।

### कैसे बंद करें डीमैट खाता



पहले अपने सभी शेयर बेचें या दूसरे डीमैट खाते में ट्रांसफर करें। कोई चार्ज या फीस बकाया है तो उसका सेटलमेंट करें। इसके बाद अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) डीपी से क्लोजर फॉर्म लेकर भरें। पैन कार्ड की कॉपी, एड्रेस प्रूफ और आइडेंटिटी प्रूफ जैसे डॉक्यूमेंट अटैच करें। वेरिफिकेशन के बाद क्लोजिंग प्रोसेस शुरू हो जाएगी



### खाता फिर से कैसे करें सक्रिय

डीमैट खाता फिर चालू करना यदि ट्रेडिंग/डीमैट अकाउंट 12 से 24 महीने तक निष्क्रिय रहा है तो अपने स्टॉक ब्रोकर को कॉल करके या ईमेल के जरिए अनुरोध करके उसे फिर से शुरू करवाया जा सकता है। इसमें ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन होती है। यदि निष्क्रियता 24 महीने से ज्यादा है तो री-केवाईसी और इन-पर्सन वेरिफिकेशन प्रोसेस की जरूरत पड़ सकती है। यह प्रक्रिया लगभग नए अकाउंट खोलने जितनी ही जटिल और लंबी हो सकती है। बता दें, डीमैट खाता को बंद करने की रिक्वेस्ट करने के बाद आपका खाता कुल 10 दिन के भीतर बंद कर दिया जाएगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि इस खाते को बंद करने में आपको किसी तरह का चार्ज नहीं देना होगा। वहीं अगर आपके खाते में कुछ पैसे बकाया है तो उस शुल्क को देने के बाद ही आप अकाउंट को बंद कर सकते हैं।

## एक नजर

### अल-शिफा अस्पताल पर हमले में आईडीएफ सैनिक की मौत

**गाजा।** गाजा शहर में अल-शिफा अस्पताल परिसर पर सोमवार तड़के इजराइली सेना की। छापेमारी के दौरान एक इजराईली सैनिक की मौत हो गई, जबकि हमले में कई गाजावासी भी मारे गए हैं। आईडीएफ के अनुसार, इजराइली लोगों की मौतों की कुल संख्या 593 हो गई है। वहीं हमास ने कहा- अल-शिफा अस्पताल में घुसपैठ कर रहे इजराइली बलों के साथ झड़पों में कई लड़ाकों की मौत हुई है। हमास ने कहा- सैन्य वाहनों को निशाना बनाया जिससे मौतें हुईं। बता दें, आईडीएफ सैनिक गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में ऑपरेशन कर रहे हैं। सेना ने 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### बलूचिस्तान प्रांत में आया 5.4 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को 5 .4 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। इस दौरान और किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना की सूचना अधिकारियों ने दी। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, भूकंप का केंद्र क्वेटा से 150 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 35 किलोमीटर की गहराई में था। विवरण के अनुसार, भूकंप के झटके राजधानी क्वेटा, नोशकी, चागी, चमन, किला अब्दुल्ला, दलबादीन, पिशिन और प्रांत के कुछ अन्य इलाकों में महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम कार्यालय ने कहा कि भूकंप के झटके पाकिस्तान-ईरान सीमा क्षेत्रों में भी महसूस किए गए।

### भारतीय-अमेरिकी पेशेवरों ने मोदी की जीत के लिए किया हवन

**वाशिंगटन।** सिलिकॉन वैली के भारतीय-अमेरिकी तकनीकी पेशेवरों ने भारत में लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत के लिए एक मंदिर में हवन-पूजन कराया। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) और यूएसए सैन फ्रांसिस्को बे एरिया चैप्टर द्वारा आयोजित हवन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मीडिया के अनुसार, यह केवल एक अनुष्ठान नहीं था बल्कि अधिकांश भारतीयों और प्रवासी भारतीयों की इच्छाओं की पूर्ति के लिए एक सामूहिक आह्वान था।

### सर्जरी के बाद पहली बार केट व प्रिंस विलियम सार्वजनिक रूप से दिखे

**लंदन।** प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी कैथरीन का उनके विंडसर स्थित घर के पास एक दुकान का वीडियो सामने आया है, जो दो महीने पहले केट की पेट की सर्जरी के बाद उनका यह पहला फुटेज है। मीडिया की खबर के मुताबिक बताया गया है कि लंदन के पश्चिम में विंडसर में यह वीडियो शनिवार को बनाया गया। सोमवार को एक छोटा क्लिप जारी किया जिसमें विलियम और केट को मुस्कराते हुए, हाथ में खरीदे गए सामान के थैले लेकर चलते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में केट खुश दिख रही हैं। हालांकि, दोनों के केनसिंगटन पैलेस स्थित कार्यालय ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है।

# अरुणाचल पर निराधार तर्क दोहराने से दावों पर वैधता नहीं मिलती: भारत

## विरोध के बावजूद नहीं रुका चीन, रणधीर बोले-भारत का अविभाज्य हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अरुणाचल प्रदेश पर चीन के 'बेतुके दावों' को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'बार-बार इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा।

जयसवाल का बयान चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में आया है। दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। जब झांग से अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत की सैन्य तैयारी बढ़ाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग इसे 'कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध नहीं करता। बता दें कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। नई दिल्ली ने क्षेत्र को 'मनगढ़ंत' नाम देने के बीजिंग के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद चीन नहीं सोया चैन की नींद



9 मार्च को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने की उम्मीद है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। यहां तक की बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

### क्या है विवाद

- दोनों देशों में 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) को लेकर विवाद है। हालांकि, चीन अरुणाचल प्रदेश वाले हिस्से को भी विवादित मानता है।
- अरुणाचल प्रदेश की 1126 किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ और 520 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ मिलती है।
- चीन का दावा है कि अरुणाचल पारंपरिक तौर पर दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा है, वहीं भारत अक्साई चिन इलाके को अपना बताता है।
- 1962 के युद्ध में चीन ने अक्साई चिन वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

### चीन ने अरुणाचल के स्थानों के नाम बदले

इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारत चीन की इस हरकत पर पलटवार करता रहा है।

## मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकारा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहीं तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।



अब उनकी जगह झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना के गवर्नर और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी रिलीज के मुताबिक, राधाकृष्णन तेलंगाना-पुडुचेरी में नियमित नियुक्तियां होने तक प्रभार संभालेंगे। गौरतलब है कि तमिलिसाई ने राज्यपाल और उपराज्यपाल पद से इस्तीफे के बाद कहा था कि उनके ऊपर ऐसा करने का कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल का आनंद लिया है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि उनका अगला कदम क्या होगा और क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि वह अपनी योजनाओं के बारे में बाद में बताएंगी।

# हनुमान चालीसा बजाने पर दुकानदार की पिटाई से हंगामा

- **बेंगलुरु में व्यापारी पर हमले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन सांसद समेत पांच लोग गिरफ्तार**

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु के नगरथपेटे में मंगलवार को तनाव काफी बढ़ गया है। दरअसल, रविवार को अजान के दौरान अपनी दुकान में हनुमान चालीसा बजाने को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यापारी को बेहरमी से पीटा था, इसको लेकर भाजपा ने विरोध में प्रदर्शन किया। इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने एहतियातन हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण जुलूस निकालने का आह्वान किया था, जिसमें लोगों ने 'हनुमान चालीसा' का जाप किया गया था। दरअसल, कुछ युवाओं ने रविवार को जुमा मस्जिद रोड पर अपनी दुकान में 'अजान' के दौरान लाउडस्पीकर पर मुकेश द्वारा 'हनुमान चालीसा' बजाने पर आपत्ति जताई और इसके बाद उसके साथ मारपीट की। सुरेश कुमार ने आरोप



बेंगलुरु में मंगलवार को सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता।

लगाया, "हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर इस तरह का हमला होते देखना बेहद दर्दनाक है। समाज में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।

दरअसल, बेंगलुरु में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया।

**वायुसेना बनी दूत...**



**लेह:** खराब मौसम के कारण लेह में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अब भारतीय वायु सेना आगे आई है। भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान से हताहतों को एयरलिफ्ट किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस विमान की मदद से घायलों को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। बता दें, बर्फ और खराब मौसम के कारण सड़कें बंद हो गई। इस वजह से भारतीय वायु सेना लद्दाख और उसके आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे हमारे नागरिकों के लिए एकमात्र जीवन रेखा बनी हुई है।

## पिता की छोड़ी सीट से आसिफा ने भरा नामांकन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी आसिफा अली जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में कदम रखा है। उन्होंने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी दाखिल की।



उन्होंने अपनी पिता की छोड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया है। 31 वर्षीय आसिफा पिछले कुछ समय से राजनीति में काफी सक्रिय है, लेकिन उनके पिता और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें अबतक संसदीय राजनीति से दूर रखा था। आसिफा ने रविवार को सिंध प्रांत के शहीद बेंजीराबाद जिले के एनए 207 निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव के लिए अपना नामांकन भरा। बता दें कि आसिफ अली जरदारी ने यहां से चुनाव जीता था, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी।

# अवैध निर्माण ढहाने के आदेश में हाईकोर्ट का दखल देने से इनकार

- **कोर्ट ने कहा-अनाधिकृत ढांचों पर रोक वाली याचिका पर सामान्य प्रक्रिया से ही होगी सुनवाई**

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अवैध इमारतों ढहाने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। अदालत ने कहा कि वह याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं करेगी। याचिका में अनाधिकृत ढांचों को ढहाने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। बता दें कि एक दिन पहले कोलकाता में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत ढहने से नौ लोगों की मौत हो गई।

जबकि कई लोग घायल हो गए। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने विभिन्न नगर निकायों में कथित अवैध इमारतों को गिराने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से तीन वकील अदालत में पेश हुए। उन्होंने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह ऐसे मामलों की सुनवाई सामान्य प्रक्रिया से ही करेगा। जब एक वकील ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की तो अदालत ने कहा कि वह अभी विध्वंस के किसी भी मामले में सुनवाई की अनुमति नहीं दे रही है। वकील ने दावा किया कि विध्वंस की तारीख 20 मार्च है और अगर मामला बाद में सुनवाई के लिए आता है तो यह पूरी तरह कवायद व्यर्थ हो जाएगी। इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा, इसे व्यर्थ ही रहने दें, पहले इंसानों का जीवन बचाया जाए। अदालत दखल नहीं दे रही है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने इसी तरह की परिस्थितियों का दावा करने वाली एक अन्य याचिका पर कहा, विध्वंस जारी रहने दिया जाए। अदालत दखल देने नहीं जा रही है।

# ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : उप राष्ट्रपति हैरिस

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होना है। इस चुनावी दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टक्कर होती दिख रही है। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब ट्रंप पर अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने निशाना साधा है।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए 'खतरा' बताया और रो बनाम वेड को बहाल करने, मतदान के अधिकारों की रक्षा करने और बंदूक हिंसा के मुद्दों को हल करने का संकल्प लिया। एक्स पर हैरिस ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन और मैं फिर से रो को बहाल करेंगे, मतदान अधिकारों की रक्षा करेंगे और अंत में



बंदूक हिंसा मुद्दे पर बात करेंगे। इस पर आखिर विरोध क्यों हो रहा है यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के अभियान प्रवक्ता जेम्स सिंगर ने कहा था कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता हूं तो यहां खून-खराबा होगा। कम से कम यह होगा ही। खून-खराबा देश के लिए होने जा रहा है। साल 2021 में जब ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल में जबरन घुस आई थी।


**विज्ञान** लाल ग्रह की धरती पर पैदल चलने को लेकर नासा के वैज्ञानिकों ने शुरू की तैयारी

# मंगल पर 3 .1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा इंसान

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल की धरती पर पैदल चलने को लेकर वैज्ञानिकों ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगल की धरती पर इंसान कितने किमी चल पाएगा। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार मंगल पर इंसान शुरुआत में 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा। मंगल बियावान रेत का जंगल है।

जहां पृथ्वी की तरह ऊंचे पर्वत और मैदान हैं। विशाल रेगिस्तान हैं और गड्ढे भी हमारी धरती की तरह ही हैं, लेकिन नही है तो हरियाली है। साथ ही नीले महासागरों का नितांत अभाव है। इसी क्रम में वहा का वातावरण भी हमसे कुछ हद तक जुदा है। जिस कारण मंगल का



मंगल ग्रह पर इंसान का प्रतिकात्मक चित्र।

शुरुवाती चरण बेहद चुनौतीभरा रहने वाला है। मगर शुरुआत तो करनी ही होगी। इस मार्ग पर आने वाली कठिनाइयों को लेकर पूर्व में जानकारी जरूरी होने के कारण वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया है।

इस कड़ी में वैज्ञानिकों का पहला सर्वे मंगल ग्रह के चारों ओर पैदल घूमने में समय का पता लगाना है। जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय के खगोल वैज्ञानिक प्रो एर्डल यिगिट के अनुसार इस दिशा में अनिवार्य रूप से दो मापदंडों पर ध्यान देने की सर्वाधिक जरूरत होगी। जिसमें अंतरिक्ष यात्री की गति और दिशा के साथ और दूरी को शामिल किया गया है। मंगल ग्रह के भूमध्य रेखा के चारों ओर घूमने के लिए लगभग 21400 किलोमीटर चलना होगा। इतनी लंबी यात्रा के लिए कितनी गति से मानव को चलना होगा। किस गति से चलना होगा। वहा की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। ऐसे पड़ाव भी आएंगे, जहां ठंड से गुजरना होगा। पहले अनुमान में यह तय किया गया कि सिर्फ लगभग 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा।

### मंगल ग्रह पर ऑक्सीजन साथ लेकर ही जा सकते हैं

मंगल पर न कोई सड़क होगी न पानी भोजन या वाहन की कोई व्यवस्था होगी। साथ ही ऑक्सीजन की अलग समस्या होगी। लिहाजा इंसान को पर्याप्त ऑक्सीजन, पानी और भोजन साथ लेकर चलना होगा। यह चुनौती उसी प्रकार की होगी, जैसा कि आदि काल में मानव को झेलनी पड़ी थी। लिहाजा उन परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा, जो पृथ्वी पर आदिकाल मे रही थी।

# एच-1बी वीजा पंजीकरण की घोषणा, जारी की गाइडलाइन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारतीय आइटी पेशेवरों में लोकप्रिय अमेरिकी एच-1बी वीजा की वित्तीय वर्ष 2025 के लिए प्रारंभिक पंजीकरण की तिथि 22 मार्च को खत्म हो रही है। अमेरिकी संघीय एजेंसी ने बताया कि यह सुविधा यूएससीआईएस की साइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर वर्ष भारत और चीन जैसे देशों के हजारों एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने सोमवार को बताया कि तय तिथि तक संभावित आवेदकों और कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए हर लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क भुगतान करने के लिए




दिए गए ऑनलाइन अकाउंट का उपयोग करना होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को विदेशी कामगारों की एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति करने की अनुमति देता है। मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गैर-आप्रवासी कर्मचारियों के लिए फार्म आइ-129 और प्रीमियम प्रोसेसिंग सेवा के लिए आइ-907 फार्म यूएससीआईएस पर आनलाइन उपलब्ध है। यूएससीआईएस ने बताया कि एक अप्रैल से एच-1बी कैप आवेदनों के लिए फार्म की ऑनलाइन आवेदन स्वीकार शुरू कर दिया जाएगा।